Page 11

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

Page 10

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



खेल

## आईपीएल 2025 में ऋषभ पंत नहीं होंगे दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान



देश

## 24 वर्षों की विकास यात्रा में उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था ने लंबी छलांग लगाई है

कृष्ण पक्ष, भरणी, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 18 अक्टूबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 307 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹77,890 | ₹97,000 |

### आज का इतिहास

- 1954 : टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स कंपनी ने पहले ट्रांजिस्टर रेडियो का निर्माण किया।
- 1851 : लंदन में एक महान प्रदर्शनी को बंद किया गया।

### न्यूज बाइट्स

#### होटल ताज में फिल्म कॉनक्लेव का होगा आयोजन

**पटना (नि.सं.)।** कला संस्कृति विभाग के द्वारा कल पटना के होटल ताज में फिल्म कॉनक्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में बिहार से जुड़े कई कलाकार शामिल होंगे। कलाकार के साथ-साथ फिल्म निर्माता और निर्देशक भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन फिल्म प्रोत्साहन नीति और बिहार में फिल्म को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री सह कला संस्कृति मंत्री विजय सिन्हा की पहल पर बिहार सरकार द्वारा इसका आयोजन किया जा रहा है।

#### पटना एसएसपी ने 6 पुलिसकर्मियों को किया सस्पेंड

**पटना (नि.सं.)।** पटना के एसएसपी राजीव मिश्रा ने बड़ी कार्रवाई की है। कस्टडी से शिक्षा माफिया प्रेम प्रकाश के फरार होने पर 6 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। एसएसपी ने सभी को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई का निर्देश दे दिया है। इनमें एक दरोगा, एक हवलदार और चार सिपाही शामिल है। प्रेम प्रकाश बड़ा शिक्षा माफिया है। 2018 से पटना के बेउर जेल में बंद था। पटना पुलिस की विशेष टीम एक मामले में पेशी के लिए उसे लेकर उत्तर प्रदेश के सहारनपुर गई थी। इस दौरान वो पुलिस की कस्टडी से फरार हो गया था।

#### छोटे किसानों के लिए कृषि को लाभकारी बनाने पर जोर

**नई दिल्ली (ए.)।** नयी दिल्ली 17 अक्टूबर (वार्ता) केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कहा कि छोटे किसानों के लिए कृषि को लाभकारी बनाने पर जोर दिया जाएगा। श्री सिंह ने यहां किसान और किसान संगठनों से मुलाकात के अपनी साप्ताहिक कार्यक्रम के बाद कहा कि किसानों से खेती से संबंधित कई विषयों पर गंभीरता से चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि किसानों ने एक-दो या ढाई एकड़ ज़मीन वाले किसानों को लाभकारी खेती के लिए मॉडल कृषि फार्मिंग के प्रशिक्षण पर जोर दिया है। श्री चौहान ने कहा कि किसानों के सुझावों पर गंभीरता से विचार कर उनके समाधान का प्रयास किया जायेगा। इनमें से राज्यों को संबंधित विषय भेजेंगे और केंद्र सरकार के विषयों पर विभाग कार्रवाई करेंगे । केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों से संवाद बहुत उपयोगी है और इससे मूल समस्याओं की जानकारी मिल रही है।

दिल्ली के विज्ञान भवन में अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस समारोह में प्रधानमंत्री ने कहा

# दुनिया को युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में मिलेगा समाधान : नरेन्द्र मोदी

एजेंसी | नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि पूरे विश्व को महात्मा बुद्ध की शिक्षाएं ग्रहण कर शांति की राह पर चलना चाहिए, क्योंकि दुनिया को युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में समाधान मिल सकता है। श्री मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने के लिए आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया अस्थिरता से ग्रस्त है, बुद्ध न केवल प्रासंगिक हैं, बल्कि एक जरूरत भी हैं।

उन्होंने कहा, मैं आज अभिधम्म पर्व पर पूरे विश्व का आवाहन करता हूं, बुद्ध से सीखिए, युद्ध को दूर



रहिए, शांति का पथ प्रशस्त करिए, क्योंकि, बुद्ध कहते हैं- नत्थि-संति-परम-सुखं अर्थात्, शांति से बड़ा कोई सुख नहीं है। उन्होंने कहा, नही वेरेन वैरानि सम्मन्तीध कुदाचनम्, अवेरेन च सम्मन्ति एस धम्मो सनन्ततो अर्थात वैर से वैर, दुश्मनी से दुश्मनी शांत नहीं होती। वैर अवैर से, मानवीय उदारता से खत्म होता है। बुद्ध कहते हैं- भवतु-सब्ब-मंगलम् ।।

यानी, सबका मंगल हो, सबका कल्याण हो- यही बुद्ध का संदेश है, यही मानवता का पथ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर देश अपनी विरासत को अपनी पहचान से जोड़ता है, लेकिन भारत इस मामले में बहुत पीछे रह गया है। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले आक्रमणकारियों ने भारत की पहचान को मिटाने की कोशिश की। बाद में गुलाम मानसिकता से ग्रसित लोगों ने ऐसा किया। आजादी के बाद एक ऐसे समूह ने देश पर कब्जा कर लिया, जो इसे अपनी विरासत की विपरीत दिशा में ले गया। उन्होंने कहा कि पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देना भगवान बुद्ध की महान विरासत का सम्मान है। भाषा सभ्यता और संस्कृति की आत्मा है। पाली भाषा को जिंदा रखना, भगवान बुद्ध के शब्दों को जिंदा रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा, अभिधम्म दिवस हमें याद दिलाता है कि करुणा और सद्भावना से ही हम दुनिया को और बेहतर बना सकते हैं। इससे पहले 2021 में कुशीनगर में ऐसा ही आयोजन हुआ था। वहां उस आयोजन में भी मुझे शामिल होने का सौभाग्य मिला था और ये मेरा सौभाग्य है कि भगवान बुद्ध के साथ जुड़ाव की जो यात्रा मेरे जन्म के साथ ही शुरू हुई है, वो अनवरत जारी है। मेरा जन्म गुजरात के उस वडनगर में हुआ, जो एक समय बौद्ध धर्म का महान केंद्र हुआ करता था। उन्हीं प्रेरणाओं को जीते-जीते मुझे बुद्ध के धम्म और शिक्षाओं के प्रसार के इतने सारे अनुभव मिल रहे हैं।

## जमीन अधिग्रहण के बाद रैयतों को जल्द मिलेगा पैसा : दीपक कुमार सिंह

**पटना(नि.सं.)।** जमीन अधिग्रहण के बाद रैयतों को पूरे मुआवजे का भुगतान अविलंब किया जायेगा। इस संबंध में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने सभी भू-अर्जन पदाधिकारियों (डीएलएओ) को निर्देश दिया है। उन्होंने भू-अर्जन पदाधिकारियों से पूछा है कि यदि बाजार मूल्य दर की प्रक्रिया का पूर्ण पालन हो रहा है तो समस्या क्यों आ रही है? अधिकारियों ने बताया है कि खतियान काफी पुराने हैं। खतियान में कई जमीन तो कृषि कैटेगरी में चिह्नित है, लेकिन अब उनका निबंधन और उपयोग आवासीय जमीन के रूप में हो रहा है। ऐसे में भुगतान दर के निर्धारण में समस्या आ रही है। इस समस्या को दूर करने की कार्रवाई का अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया। वे गुरुवार को जिला भू-अर्जन पदाधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

# बिहार में जहरीली शराब से 4 दिन में 36 मौतें

सीवान और सारण में 40 की हालत गंभीर, 7 लोगों की आंखों की गई रोशनी

- मुख्यमंत्री ने शराब पीने को स्वास्थ्य और सामाजिक अशांति का कारण बताया और असामाजिक तत्वों से सतर्क रहने का आग्रह किया।




निज संवाददाता | छपरा/ सीवान

बिहार के 16 गांवों में जहरीली शराब से अब तक एक महिला समेत 36 लोगों की मौत हो चुकी है। गुरुवार की सुबह सीवान में 3 और सारण में 2 लोगों की मौत हुई। सीवान में 26 और सारण में 10 लोगों की जान जा चुकी है। हालांकि प्रशासन ने 24 मौत की पुष्टि की है। सीवान में 14 अक्टूबर से मौत का सिलसिला शुरू हुआ। सारण में जिनकी मौत हुई है, उन सभी ने 15 अक्टूबर को शराब पी थी। 44 लोगों की हालत गंभीर है। बताया जा रहा है कि सीवान में 5, सारण में 2 लोगों की आंखों की रोशनी चली गई। सीवान सदर अस्पताल में 34, जबकि छपरा में 1 व्यक्ति भर्ती है। सारण से कुछ लोगों को पटना के पीएमसीएच भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, कई लोगों ने 13 अक्टूबर को सीवान के भगवानपुर हाट में बिक रही पाउच वाली शराब पी थी। वहीं, एक सप्लायर ने शराब की होम डिलीवरी भी की थी। सीवान में 17 लोगों का पोस्टमॉर्टम हुआ है। यह भी पता चला है कि कुछ लोगों का अंतिम संस्कार परिजन ने बिना बताए कर दिया। बिहार पुलिस की शराब निषेध इकाई की एसआईटी एएसपी संजय झा की अगुआई में मामले की जांच के लिए मौके पर गई है।

### मुख्यमंत्री ने सख्त कार्रवाई का दिया निर्देश



नीतीश कुमार ने मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के सचिव को घटनास्थल पर जाकर पूरी स्थिति की जानकारी लेकर सभी बिन्दुओं पर सघन जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने डीजीपी को अपने स्तर से लगातार मॉनीटरिंग करते रहने और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। नीतीश कुमार ने दोनों जिलों में में हुई जहरीली शराब कांड की उच्चस्तरीय समीक्षा की। नीतीश कुमार मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के सचिव को घटनास्थल पर जाकर पूरी स्थिति की जानकारी लेकर सभी बिन्दुओं पर सघन जांच करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने एडीजी (प्रोहिबिशन) की पूरी टीम को घटनास्थल पर जाकर उसकी सघन जांच कर इस कांड में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा। मुख्यमंत्री ने डीजीपी को पूरे घटनाक्रम की अपने स्तर से लगातार मॉनीटरिंग करते रहने और इस घटना के लिये जो भी दोषी हों उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने राज्य के लोगों से अपील करते हुए कहा कि शराब पीना बुरी बात है, यह लोगों को समझना चाहिए। शराब पीने से न सिर्फ स्वास्थ्य खराब होता है बल्कि परिवार और समाज में अशांति का माहौल भी उत्पन्न होता है। राज्य में पूर्ण शराबबंदी लागू है। इसका सभी लोग पालन कर रहे हैं। कुछ असामाजिक तत्व समाज में अशांति पैदा करना चाहते हैं, उनसे लोग सतर्क रहें।

लंबी कानूनी लड़ाई के बाद मिली जीत, मुख्यमंत्री नीतीश देंगे लेटर

# देश में पहली बार एक साथ तीन ट्रांसजेंडर दारोगाओं को मिलेगा जॉइनिंग लेटर

निज संवाददाता | पटना

बिहार देश का ऐसा पहला राज्य होगा जहां तीन ट्रांसजेंडरों को एक साथ दारोगा पद के लिए नियुक्ति पत्र सौंपा जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सूबे के नवनियुक्त 1239 पुलिस अवर निरीक्षकों (दारोगा) को नियुक्ति पत्र देंगे। बिहार में पहली बार ट्रांसजेंडर पुलिस अवर निरीक्षकों को भी इस मौके पर नियुक्ति पत्र सौंपा जाएगा। जानकारी के अनुसार जिन 3 ट्रांसजेंडर दारोगाओं को नियुक्ति पत्र मिलेगा उनमें एक ट्रांसवुमेन और दो ट्रांसमेन शामिल हैं। मानवी मधु कश्यप पहली ट्रांसवुमेन हैं जो दारोगा बनीं है। जबकि, रोनित झा और बंटी कुमार ट्रांसमेन है। देश में बिहार पहला राज्य होगा, जहां तीन ट्रांसजेंडरों को एक साथ दारोगा पद के लिए नियुक्ति पत्र सौंपा जाएगा। गृह विभाग एवं पुलिस मुख्यालय की ओर से 21 अक्टूबर को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गांधी मैदान स्थित बापू सभागार में इस कार्यक्रम का आयोजन होगा।

वहीं, इस मौके पर राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, गृह विभाग के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी, राज्य के पुलिस महानिदेशक आलोक राज सहित पुलिस मुख्यालय के वरीय पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। हालांकि बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा आयोजित इस दारोगा बहाली परीक्षा में ट्रांसजेंडर्स के लिए पांच सीट आरक्षित थीं, लेकिन आख़िर में चयन मात्र तीन लोगों का हो पाया। बिहार देश के उन गिने-चुने राज्यों में से एक हैं, जहां पुलिस बहाली में ट्रांसजेंडर के लिए आरक्षित पद हैं। हालांकि, इसके पीछे इस समुदाय के लोगों को काफ़ी लंबी कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी है। तब जाकर उन्हें ये हक मिल पाया है। सरकार अब ट्रांसजेंडर्स को सर्टिफिकेट भी देने लगी है, जिससे उनको समाज में सिर उठाकर आत्मविश्वास के साथ जीने का हौसला मिला है।

बता दें कि पटना हाई कोर्ट द्वारा वीरा यादव बनाम बिहार सरकार के मामले में जब राज्य सरकार को स्थिति साफ़ करने के लिए बोला गया था। तब राज्य सरकार ने हर पांच सौ पद में एक ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए आरक्षित करने का शपथ पत्र दिया था। उसके बाद मद्य निषेध विभाग में क़रीब 700 लोगों को बहाली हुई, जिसमें पहली बार गुड़िया कुमारी इस वर्ग के लिए आरक्षित पद पर चुनी गयी थी।

# पंचायतों में शिविर लगाकर निर्माण श्रमिकों का होगा निबंधन

निज संवाददाता | पटना

श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने राज्य के सभी निर्माण मजदूरों का निबंधन करने का निर्देश दिया है। ऊर्जा स्टेडियम में गुरुवार को श्रम विभाग, बिहार भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। इस बैठक में मंत्री ने पंचायतस्तर पर शिविर लगाकर मजदूरों के निबंधन का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में अभी 90 लाख मनरेगा मजदूर हैं। इनमें अब तक 27 लाख का ही निबंधन है। वेब पोर्टल पर निबंधन कराकर मजदूरों को योजनाओं का लाभ दिलाएं। मंत्री ने विभाग की योजनाओं का लाभ प्रदेश के सभी संगठित, असंगठित क्षेत्र में कार्यरत कामगारों और प्रवासी कामगारों को देने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि सरकार हमेशा श्रमिकों की सहायता के लिए तैयार है। राज्य में 90 प्रतिशत परिवार श्रम पर निर्भर हैं, इसलिए हमारा ध्यान उनके निबंधन पर है।

विभाग के सचिव दीपक आनंद ने कहा कि प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान राशि दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले वर्ष 3.50 करोड़ की राशि थी, जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में बढ़कर कर दोगुना करने का लक्ष्य है। शताब्दी योजना के तहत पिछले वर्ष 2563 लोगों को अनुदान दिया गया है। वहीं, इस वर्ष महज छह माह में 3545 को अनुदान दिया जा चुका है। अब तक 27 लाख श्रमिकों का निबंधन हो चुका है। इस वर्ष ही निबंधन बढ़ा कर 40 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि निबंधन के लिए आवेदन देने वाले मजदूरों को परेशान करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। बाल श्रम से मुक्त बच्चों का पुनर्वास कराया जा रहा है। मौके पर विशेष सचिव राजीव रंजन, निदेशक नियोजन एवं प्रशिक्षण श्याम बिहारी मीणा आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में बिहार के चार मजदूरों की हुई मौत, पांच की हालत गंभीर

- तेज रफ्तार, अनियंत्रित पिकअप ट्रक बिजली के पोल से टकरा गई।
- पिकअप में लगभग 25 मजदूर सवार थे, जो एक ईंट भट्ठा की ओर जा रहे थे।

निज संवाददाता | गया

देश के अंदर शायद ही कोई ऐसा दिन गुजरता हो जिस दिन सड़क हादसों की वजह से लोगों की जान नहीं जाती हो। इसी कड़ी में अब एक ताजा मामला मथुरा से निकलकर सामने आया है। जहां दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। इस घटना में बिहार के चार लोगों की मौत हो गई है। जबकि 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार की सुबह तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप बिजली के पोल से टकरा गई।जिससे 2 महिलाएं और दोनों की एक-एक बेटी की मौत हो गई है। इस घटना में पांच लोग घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक पिकअप पर 25 लोग सवार थे। मजदूरों को लेकर पिकअप ईंट भट्ठा पर जा रही थी। तभी रोड किनारे लगे बिजली के पोल से पिकअप टकरा गई। बताया जा रहा है कि बिजली के पोल से पिकअप जैसे टकराई गाड़ी में करंट फैलने लगा. तभी आनन-फानन में पिकअप सवार मजदूर कूदकर भागने लगे। इतने में ड्राइवर ने गाड़ी बैक कर लोगों को रौंद दिया. इस घटना के बाद ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। यह हादसा कोसी कलां क्षेत्र में शेरगढ़ रोड पर हुआ। इधर, ईंट भट्ठा पर काम करने के लिए बिहार से मजदूर बुलाए गए थे। ये मजदूर बिहार के गया से ट्रेन के जरिए अलीगढ़ पहुंचे और फिर वहां से पिकअप में बैठकर मथुरा के कोसी क्षेत्र स्थित ईंट भट्ठा पर जा रहे थे। इसी दौरान यह घटना घट गई। इस हादसे की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद घायलों को अस्पताल ले जाया गया।

# धान खरीद लक्ष्य में बढ़ोतरी, बिहार के किसानों को मिलेगी राहत

निज संवाददाता | पटना

बिहार राज्य के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण समाचार सामने आया है। खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के लिए केंद्र सरकार ने बिहार में धान खरीद का लक्ष्य 45 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया है। यह निर्णय तब लिया गया जब पिछले वर्ष धान की खरीद में कमी आई थी, जिसके कारण केंद्र सरकार ने पहले धान खरीद का लक्ष्य 34 लाख मीट्रिक टन रखा था।

खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने इस मामले में केंद्रीय खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री, प्रह्लाद जोशी से 26 सितंबर 2024 को मुलाकात की। उन्होंने बिहार राज्य के किसानों के हित में धान खरीद के लक्ष्य को बढ़ाने का अनुरोध किया, जिसे मंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर लिया।



इस निर्णय से राज्य के किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ उठाने का अवसर मिलेगा। लेशी सिंह ने इस सकारात्मक कदम के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है और इसे राज्य के कृषि विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। बिहार के किसान अब इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी मेहनत का उचित मूल्य प्राप्त कर सकेंगे, जिससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, बल्कि राज्य की कृषि क्षेत्र में भी एक नई जान आएगी।

# विस चुनाव : झारखंड की 43 सीटों पर आज से नामांकन शुरू



निज संवाददाता | रांची

रांची-झारखंड के सीईओ (मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी) के रवि कुमार ने कहा है कि पहले चरण में 43 विधानसभा सीटों के लिए 18 अक्टूबर से नामांकन शुरू हो जाएगा। नामांकन की आखिरी तारीख 25 अक्टूबर है। प्रत्याशी सुबह 11 बजे से तीन बजे तक नामांकन कर सकेंगे। अवकाश के दिन नामांकन नहीं होगा। सभी प्रत्याशी नामांकन के दौरान चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का जरूर पालन करें। वे गुरुवार को धुर्वा के निर्वाचन सदन में प्रेस वार्ता कर रहे थे।

# 'पीएम गतिशक्ति' कार्यशाला का आयोजन

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार के सहयोग से वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'पीएम गतिशक्ति जिला स्तरीय कार्यशाला' का शुभारंभ पटना के होटल मौर्य में हुआ। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में बिहार, ओडिशा, झारखंड, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल के 44 जिलों से 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य 'पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान' (पीएम जीएस. एनएमपी) को जिला स्तर पर बढ़ावा देना है, जो बुनियादी ढांचे और क्षेत्र विकास योजनाओं पर केंद्रित है। कार्यशाला में विभिन्न जिला अधिकारियों, केंद्रीय मंत्रालयों और अन्य प्रमुख हितधारकों को एक मंच पर लाकर इस प्लान के समग्र और एकीकृत उपयोग को सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के उद्योग एवं पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा, उद्योग विभाग की सचिव बंदना प्रेयशी, डीपीआईआईटी के संयुक्त सचिव ई. श्रीनिवास, उद्योग विभाग बिहार के निदेशक आलोक रंजन घोष एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और जिला स्तरीय अधिकारियों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया, जो विभिन्न योजनाओं, उद्योग, शिक्षा, वन, जिला परिषद, आकांक्षी ब्लॉक, पंचायत, राजस्व, जल और भूमि से संबंधित विभागों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे।




### योजनाओं का मूल्यांकन

डीपीआईआईटी के संयुक्त सचिव ई. श्रीनिवास ने बताया कि 'पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान' अब राष्ट्र की विकास यात्रा का मुख्य आधार बन चुका है और यह 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से संरेखित है। इस योजना के अंतर्गत अब तक 213 परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया है, जिनमें से 17 परियोजनाएं बिहार में होंगी या राज्य से होकर गुजरेंगी।

रेलवे ने बदला रिजर्वेशन का नियम, एक नवंबर से नया नियाम होगा लागू

# चार महीने की जगह अब 60 दिन पहले होगी टिकटों की बुकिंग

एजेंसी | नयी दिल्ली

टिकटों की बुकिंग को लेकर रेलवे ने बड़ा बदलाव किया है। अब एक शहर से दूसरे शहर जाने के लिए 4 महीने पहले टिकटों की बूकिंग नहीं करनी होगी। अब टिकटों की बुकिंग 60 दिन पहले से होगी। पहले ये बुकिंग 120 दिन पहले होती थी। नया नियम एक नवंबर 2024 से लागू होगा। वहीं, 31 अक्टूबर तक हुए आरक्षण पर इसका असर नहीं होगा।

रेलवे ने एक बयान जारी कर बताया कि 1 नवंबर 2024 से एडवांस रिजर्व पीरिएड 60 दिनों (यात्रा के दिन को छोड़कर) का होगा और बुकिंग उसी के अनुसार की जाएगी। हालांकि, 120 दिनों की एडवांस रिजर्व पीरिएड के तहत 31 अक्टूबर 2024 तक की गई सभी बुकिंग बरकरार रहेंगी। बताते चलें कि 4 महीने पहले किए गए संभावित टिकट अक्सर रद्द हो जाते हैं। 2 महीने का अग्रिम आरक्षण रद्द ना होने की ज्यादा संभावना है। साथ ही इससे बड़ी संख्या में जरूरी आरक्षण से भी बचा जा सकेगा।



### 2015 में लागू किया गया था मौजूदा नियम

अब तक की व्यवस्था के मुताबिक यात्री चार महीने पहले ही अपनी सीट रिजर्व करवा सकते हैं। तत्काल टिकट की बुकिंग यात्रा की तिथि से एक दिन पहले की जा सकती है। रोज सुबह 10 बजे के बाद 3 एसी लेकर ऊपर की श्रेणी के लिए बुकिंग शुरू हो जाती है जबकि स्लीपर तत्काल बुकिंग सुबह 11 बजे से चालू हो जाती है। हालांकि, अगर टिकट 1 नवंबर से पहले ही बुक हो चुके हैं, तो एडवांस ट्रेन टिकट बुकिंग के नए नियमों का उन बुकिंग पर कोई असर नहीं पड़ेगा। बता दें कि 1 अप्रैल, 2015 तक एडवांस रिजर्वेशन पीरियड 60 दिन था। लेकिन तब सरकार ने इसे बढ़ाकर 120 दिन कर दिया था। इसके पीछे तर्क दिया गया था कि इससे दलाल हतोत्साहित होंगे क्योंकि इसमें ज्यादा कैंसिलेशन चार्ज देना होगा। हालांकि विपक्ष का दावा था कि रेलवे ने अपनी इनकम बढ़ाने के लिए ऐसा किया है। इससे रेलवे को अतिरिक्त 60 दिनों के लिए ब्याज के साथ-साथ कैंसिलेशन पर भी ज्यादा कमाई होगी।

### विदेशी पर्यटकों के लिए नियमों में बदलाव नहीं

हालांकि, 60 दिनों के एडवांस रिजर्व पीरिएड से इतर की गई बुकिंग को रद्द करने की अनुमति दी जाएगी। इसके साथ ही जिन ट्रेनों का एडवांस रिजर्व पीरिएड पहले ही कम है, उन पर भी इसका असर नहीं होगा। ऐसी ट्रेनों में गोमती एक्सप्रेस और ताज एक्सप्रेस जैसी गाड़ियां शामिल हैं। इन ट्रेनों में वर्तमान में अग्रिम आरक्षण के लिए कम समय-सीमा पहले से ही लागू है। विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिन की सीमा के मामले में भी कोई बदलाव नहीं होगा।

# प्रदेश की जनता को अपना परिवार मानते हैं सीएम : शीला मंडल

निज संवाददाता | पटना



परिवहन मंत्री शीला मंडल ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रदेश की 14 करोड़ जनता को अपना परिवार मानते हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में किए गए कार्यों से वर्ष 2005 के बाद बिहार में अमन-चैन और आपसी भाईचारा का माहौल कायम हुआ है। हमारे नेता समाज के सभी जाति-धर्म की चिंता करते हैं। शीला मंडल गुरुवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात कर रही थीं। उन्होंने आगे कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में काम करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की हिन्दू स्वाभिमान यात्रा पर मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में सभी को निजी यात्रा निकालने या कार्यक्रम करने का अधिकार है। उनकी इस यात्रा से एनडीए गठबंधन और हमारी पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### एससी-एसटी मामले में तीन गिरफ्तार

**बोधगया।** एससी-एसटी मामले में बोधगया पुलिस ने तीन व्यक्ति को पूर्वी नावा से गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि 02 सितम्बर 24 को वादी के द्वारा लिखित आवेदन दिया गया कि रात्रि में अपने परिवार के साथ घर पर बैठे थे। उसी दौरान भूषण सिंह, अपने सहयोगियों के साथ आकर जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए गाली गलौज करने लगा। मना करने पर मारपीट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। इस कांड में शामिल पूर्वी नवा के रहने वाले श्री सिंह समेत शिव सिंह व नितेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

### साउंड सिस्टम लदी पिकअप को किया आग के हवाले

**टिकारी।** मउ थानाक्षेत्र के रेवई ग्राम स्थित गढ़ पर खड़ी पिकअप वाहन में अज्ञात लोगों ने मंगलवार की देर रात आग लगा दी। घटना में पिकअप व उसपर लदा साउंड सिस्टम जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दशहरा के मौके पर रेवई गांव में बनाई गई पंडाल में साउंड सिस्टम लगाया गया था। दशहरा के उपरांत साउंड सिस्टम खोलकर पिकअप पर लोड कर रखा था। जिसे बुधवार को ले जाना था। मंगलवार की देर रात्रि ग्रामीणों ने गढ़ के समीप आग की लपट उठता देख दौड़े तो देखा कि साउंड सिस्टम लोड किये हुए पिकअप धू धू कर जल रहा है। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना में साउंड सिस्टम मालिक का लगभग दो लाख का नुकसान हुआ। वहीं टिकारी थानाक्षेत्र के जमुआरा ग्राम निवासी पिकअप मालिक नारायण चौधरी द्वारा अज्ञात लोगों के विरुद्ध आग लगाने के मामले में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

### सरमेरा व अस्थावां में 84 लाख से पथ निर्माण होगा

**बिहारशरीफ।** सरमेरा और अस्थावां नगर पंचायत में जल्द ही 84 लाख रुपये की लागत से पथ निर्माण होगा। यह परियोजना मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत हो रही है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को शहर की तरह विकसित करना है।स्थानीय विधायक डॉ. जितेंद्र कुमार ने बताया कि अस्थावां में बाईपास यात्री शेड से मुख्यालय और यात्री शेड से अकबरपुर पासवान टोला तक पथ निर्माण में लगभग 44 लाख 68 हजार 531 रुपये खर्च होंगे। जबकि सरमेरा में सरमेरा चेरो पथ से ढाढ़ी टोला और पूरब में कटहल टोला तक पथ निर्माण में लगभग 39 लाख 88 हजार 659 रुपये खर्च होंगे। विधायक डॉ. कुमार ने कहा कि यह परियोजना स्थानीय निवासियों के लिए सुविधाजनक और सुरक्षित यातायात के लिए महत्वपूर्ण होगी।

### अपहृत युवक मिला , पिता की फटकार से भागा था

**हरनौत।** तेलमर थाना क्षेत्र के सोराडीह गांव निवासी अवधेश प्रसाद का पुत्र नीरज 1 अक्टूबर को लापता हो गया था। जिसके बाद पिता ने फतुहा निवासी कुछ लोगों को आरोपित कर अपहरण का केस कराया था। पुलिस युवक को बरामद कर ली। पिता की फटकार के बाद वह भागकर दिल्ली चला गया था। जहां फैक्ट्री में काम कर रहा था। पुलिस को इसकी भनक लगी तो उसे बुलाया गया। कोर्ट में बयान के बाद युवक को उसके परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। थानाध्यक्ष शत्रुघ्न साह ने बताया कि युवक के पिता ने कुछ लोगों को नामजद कर अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। केस की जांच में पता चला कि युवक दिल्ली में रहकर मजदूरी कर रहा है। जिसके बाद उसे बुलाया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि पिता की फटकार के बाद भागा था।

### प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**बिहारशरीफ।** अपर समाहर्ता मंजीत कुमार, वरीय उप समाहर्ता सह सहायक निदेशक, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण कोषांग एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी गुप्तेश्वर कुमार ने बुधवार को संयुक्त रूप से समाहरणालय परिसर से मुख्यमंत्री दिव्यांग जन सशक्तिकरण छात्र संबल योजना से संबंधित प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बता दें कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में 17 से 19 अक्टूबर तक योजना के अंतर्गत बैट्री चालित तिपहिया साईकिल, कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण, यूडीआईडी निर्माण, दिव्यांग प्रमाण-पत्र निर्गत करने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर में अधिक से अधिक दिव्यांग जन उपस्थित होकर योजना का लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए सभी प्रखंडों सहित जिला स्तर पर टोटो, बैनर के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### राशन कार्ड बनाने में गड़बड़ी का आरोप, जांच का आदेश

**बिहारशरीफ।** सदर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पर नया कार्ड बनाने के बदले राशि लेने का आरोप लगा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष राजकुमार पासवान ने एसडीओ को लिखित शिकायत दी है। जिसमें कहा गया है कि इसमें प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी और कार्यपालक सहायक की मिलीभगत है। शिकायत में कहा गया है कि नया कार्ड बनाने के लिए बिचौलियों को रखा गया है, जो आवेदकों से राशि लेते हैं। जुलाई से बने नए कार्ड धारियों की जांच की जाए तो सच्चाई सामने आ जाएगी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीओ ने जांच के लिए दो सदस्यीय टीम गठित की है।

### शिक्षक व आईटीबीपी जवान जुआ खेलते रंगेहाथ पकड़े गए

**मानपुर।** मुफ्फसिल थाना अंतर्गत भुसंडा शिव मंदिर के समीप स्थित निजी मकान में मंगलवार की देर शाम छापेमारी कर रंगे हाथ जुआ खेलते एक शिक्षक, आईटीबीपी जवान सहित 9 लोगों को हिरासत में लिया गया। इस दौरान मौके से नगद 2 लाख 78 हजार 380 रुपए सहित छह ताश की गड्डी, एक शराब की बोतल, 8मोबाइल, एक डायरी व दो कॉपी बरामद हुई। उक्त बात की जानकारी थानाध्यक्ष ने दी। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार शिक्षक डॉ. भीम राव अम्बेडकर +2 विद्यालय रेहल नौहट्टा में पदस्थापित है। वही आईटीबीपी के जवान छुट्टी में आया था। थानाध्यक्ष



रघुनाथ प्रसाद ने प्रेस वार्ता कर मामले की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि गिरफ्तार जुआरियों की पहचान भुसंडा निवासी धनंजय कुमार अकेला, विजय चौधरी, शिक्षक सुजीत कुमार चौधरी, जनकपुर निवासी राहुल कुमार सिंह, आईटीबीपी जवान बबलू कुमार, शिवेंद्र सिंह, बोधगया थाना के बसतपुर निवासी रौशन कुमार, विष्णुपद थाना के मंगलागौरी निवासी सोमनाथ यादव उर्फ बुची है। इस दौरान जुआ खेलते एक बालक को भी विधि विरुद्ध निरुद्ध किया गया है। बताया कि सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उन्होंने कहा कि डायरी में उल्लेखित व्यक्तियों की पहचान की जा रही है।आशंका जताई जा रही है कि जल्द ही इस मामले में और भी गिरफ्तारियां हो सकती है। छापेमारी दल में एएसपी मो. अनवर जावेद, एसडीपीओ सुनील कुमार पाण्डेय, एसआई शशि भूषण प्रसाद,एसआई नारायण यादव, पीएसआई रविराज कुमार सहित अन्य शामिल थे।

### डीपीएसएस राष्ट्रीय तीरंदाजी में रुद्र प्रताप ने जीता स्वर्ण

**गया।** दिल्ली पब्लिक स्कूल गया के पांचवीं कक्षा के विद्यार्थी रुद्र प्रताप सिंह ने एक बार फिर डीपीएसएस राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। रुद्र ने दिल्ली पब्लिक स्कूल सोसाइटी द्वारा डीपीएस कोल्लूर आयोजित राष्ट्रीय स्तर के तीरंदाजी टूर्नामेंट में भाग लेते हुए स्वर्ण पदक जीत विद्यालय का नाम रोशन किया। इस टूर्नामेंट में डीपीएस गया की तरफ़ से रुद्र ने 14 वर्ष से कम आयु वर्ग में भाग लिया और 720 में से 670 अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। उल्लेखनीय है कि रुद्र ने गत वर्ष भी इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक दो स्वर्ण पदक प्राप्त किए थे। इधर विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्येंद्र मिश्र ने इस उत्कृष्ट उपलब्धि को विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण बताया तथा पदक विजेता छात्र को हार्दिक बधाई दी। विद्यालय के निदेशक संजीव कुमार ने भी नेशनल लेवल की इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विजयी छात्र को बधाई दी।

# DM-एसपी ने छठ घाट का किया निरीक्षण, आवश्यक व्यवस्था का निर्देश

◆ **शांतिपूर्ण माहौल में पूजा संपन्न कराने की तैयारी**

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा जिले में आगामी छठ पूजा को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी शशांक शुभंकर और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने सिलाव प्रखंड के सूर्य मंदिर और बड़गांव छठ घाट का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि छठ पूजा के दौरान इन क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। नियंत्रण कक्ष, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय, चेंजिंग रूम, वॉच टावर, मेडिकल टीम, गश्ती दल और भीड़ नियंत्रण के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था का निर्देश दिया।

**शांतिपूर्ण माहौल में पूजा संपन्न करवाने की तैयारी:** जिलाधिकारी ने कहा कि छठ पूजा एक महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व है और प्रशासन का दायित्व है कि श्रद्धालु सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल में पूजा अर्चना कर सकें। साथ ही सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने स्तर पर पूरी मेहनत और लगन से कार्य करें। विशेष रूप से सूर्य मंदिर के प्रवेश और निकास द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# बालू लड़े ट्रैक्टर को पकड़ने गई पुलिस पर जानलेवा हमला

निज संवाददाता। गया



गया के बाराचट्टी प्रखण्ड की धनगाई थाने की पुलिस की टीम पर बालू धंधेबाजों ने इटवा गांव के पास हमला कर दिया। इस हमले में छह पुलिसकर्मी घायल हो गए। जख्मी पुलिस कर्मियों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाराचट्टी लाया गया है। हालांकि, उन्हें मामूली चोट ही आई है। थाना प्रभारी आनंदराम ने बताया कि सूचना मिली थी कि इटवा नदी से बालू का उठाव किया जा रहा है। इसके बाद संबंधित इलाके में पुलिस दल कार्रवाई करने के लिए निकली थी। पुलिस की टीम बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ला रही थी। इस दौरान इटमा गांव के 50-60 की संख्या में लोग लाठी डंडा से लैस होकर पुलिस दल पर हमला बोल दिया। हमले में दारोगा वीरेंद्र कुमार यादव, सिपाही लालू यादव, बिट्टू मुर्मू, जय प्रकाश सिंह, दीपक कुमार, चालक सुरजीत कुमार घायल हो गए। इस दौरान हमलावर भीड़ ने पुलिस कर्मियों की गाड़ी भी क्षतिग्रस्त कर दी। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए पतलूका कैंप से सशस्त्र सीमा बल के जवानों को बुलाया गया। सशस्त्र सीमा बल के जवान घटनास्थल पर पहुंचे तब थाना कर्मियों को सुरक्षित मौके से थाना लाया गया। हालांकि, इस बीच हमलावर पुलिस के कब्जे से ट्रैक्टर छुड़ा कर भाग गए। घटना में घायल हुए सभी कर्मियों को बाराचट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। सभी सुरक्षाकर्मियों को अंदरुनी चोट लगी है। इधर, घटना के बाद सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने इटमा गांव में छापेमारी अभियान चलाया, लेकिन उनके पहुंचने के पहले ही गांव के अधिकांश मर्द गांव छोड़ कर भाग गए। हालांकि एक युवक को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। लोगों का कहना है कि संबंधित क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चोरी छिपे बालू का कारोबार किया जाता है।

# दीपावली-छठ से पहले टमाटर 80 तो परवल 60 रुपए

निज संवाददाता। नालंदा



दीपावली-छठ पूजा से पहले बिहार में सब्जियों की कीमत काफी बढ़ गई है। बाजार में टमाटर 80 रुपए और परवल 60 रुपए प्रति किलो बिक रहे हैं। छठ पूजा जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे सब्जियों के दाम और बढ़ रहे हैं। सब्जियों के दाम बढ़ने से हर लोग परेशान हैं। थाली में परोसी जाने वाली सब्जियां अब सोच समझ कर लोग खरीद रहे हैं। क्योंकि, आलू-प्याज से लेकर सभी हरी सब्जियों के दाम काफी बढ़ गए हैं। सब्जी विक्रेताओं ने दीपावली और छठ पर्व से पहले सब्जियों के दाम और बढ़ने की संभावना जताई हैं। सब्जी विक्रेताओं की माने तो बिहार में आई बाढ़ से सब्जी की पैदावर को काफी नुकसान पहुंचा है। इस वजह से सब्जियों की कीमतों में इजाफा हुआ है। दीपावली और छठ पूजा के दौरान सब्जियों की डिमांड बढ़ जाती है, लेकिन आमद कम रहती है। इससे सब्जियों के दाम बढ़ सकते हैं। गया के केदार नाथ मार्केट स्थित सब्जी मंडी में हरी सब्जी खरीदने आई मीनू देवी ने बताया कि '500 रुपए में इन दिनों सब्जियों से बैग नहीं भर रहा है। 500 रुपए की सब्जी 5 या 6 दिन ही चल पाती है। आलू-प्याज की खपत अलग है। ये दोनों भी काफी महंगे हैं।'

**बाजार में आ चुका है नया आलू:** व्यापारियों का कहना है कि 'इंदौर और नासिक से प्याज बढ़े दर पर आपूर्ति की जा रही है। इसलिए यह महंगा हो गया है। वहीं, नया आलू बाजार में आ चुका है, लेकिन पुराने आलू के दाम कम नहीं हुए हैं। नया आलू 50-55 रुपए किलो बिक रहा है।'

# बालू घाट पर गोलीबारी-मुंशी हत्या मामले में SIT गठित, गया SSP ने घटना स्थल का लिया जायजा

निज संवाददाता। गया



गया के बुनियादगंज थाना अंतर्गत शादीपुर बालू घाट पर गोलीबारी हुई। इसमें घाट के एक मुंशी की मौत हो गई। इस मामले में देर रात एसएसपी आशीष भारती ने घटनास्थल का जायजा लिया। साथ ही अपने जूनियर को ब्रीफ भी किया। साथ ही देर रात ही एसआईटी गठित कर दी। देर रात ही एसआईटी ने घटना में घटित घटना के संबंध में त्वरित और आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। विशेष टीम में शामिल पुलिस कर्मियों ने ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू कर दी है। हालांकि, रात 2 बजे तक पुलिस को इस मामले में कोई सफलता नहीं मिली थी। फिलहाल, घटना में शामिल बदमाश की पहचान कर ली गई है।

**घटनास्थल से खोखा बरामद:** मृतक की पहचान शादीपुर निवासी वासुदेव यादव के बेटे सुजय यादव (30) के रूप में हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से खोखा बरामद किए। बता दें कि गोलीबारी की घटना में जख्मी हुए मुंशी को मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया था। जहां उनकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजन भड़क गए और डेड बॉडी को लेकर मगध मेडिकल कॉलेज की मुख्य सड़क पर जाम लगा दिया। पुलिस ने बहुत हद तक उन्हें समझाने की कोशिश की। लेकिन, जब वह नहीं माने तो पुलिस ने उनके ऊपर लाठियां चटका कर खदेड़ दिया। इस बीच मृतक के परिजन डेड बॉडी को लेकर वापस अपने गांव शादीपुर लेकर आ गए हैं। बड़ी संख्या में पुलिस बल गांव में परिजनों को मनाने के लिए पहुंची। परिजन मान गए हैं। पुलिस ने बॉडी को कब्जे में ले लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित:** एसएसपी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया है। इसमें अनुमंडल पुलिस अधिकारी वजीरगंज, बुनियादगंज और मुफ्फसिल थानाध्यक्ष, बुनियादगंज थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी और टेक्निकल सेल के पुलिस पदाधिकारी व कर्मी को शामिल किया गया है। एफएसल की टीम को भी घटनास्थल के निरीक्षण के लिए भेजा गया है। एसएसपी ने खुद बुनियादगंज थाना पहुंच कर इस कांड के अपडेट समीक्षा की। यही नहीं उन्होंने एसआईटी के साथ घटनास्थल व आसपास के क्षेत्रों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद विशेष टीम को इस कांड के त्वरित खुलासा व इस कांड में संलिप्त अपराधकर्मियों के गिरफ्तारी के लिए विशेष दिशा-निर्देश भी दिए। विशेष टीम ने कांड में शामिल अपराधकर्मियों की पहचान कर ली है। उनकी गिरफ़्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। शीघ्र ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# गया में बदमाशों ने की अंधाधुंध फायरिंग, मुंशी की मौत, 1 गोली सीने, दूसरी गले में लगी

निज संवाददाता। गया



गया में बुधवार देर शाम बालू घाट पर अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग की। इस दौरान गोली लगने से बालू घाट के मुंशी की मौत हो गई। घटना बुनियादगंज थाना क्षेत्र के शादीपुर का है। मृतक की पहचान शादीपुर निवासी वासुदेव यादव के बेटे सुजय यादव(30) के रूप में हुई है। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत कायम है। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से कई खोखा बरामद किए हैं।

**अवैध धंधेबाजों और कंपनी के स्टाफ के बीच कहासुनी:** सूत्रों का कहना है कि बालू तस्करी रोकने को लेकर बुधवार की दोपहर बालू के अवैध धंधेबाजों और कंपनी के स्टाफ के बीच कहासुनी और मारपीट हुई थी। बालू घाट के ठेका लेने वाली कम्पनी घाट पर जाने के लिए एक रास्ता तैयार कर रही थी। उसी रास्ते के विरोध में दोपहर में बालू के अवैध धंधेबाजों और ठेका लेने वाली कंपनी के स्टाफ के साथ लड़ाई झगड़ा हुआ था।

**गले और सीने में लगी गोली:** ठेकेदार के स्टाफ के सामने धंधेबाजों की एक नहीं चली थी। इस बात से बालू के अवैध धंधेबाज आक्रोशित थे। वे देर शाम हथियार से लैस होकर घाट पर पहुंचे। जमकर फायरिंग करने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों कि माने तो हमलावरों ने मुंशी को लक्ष्य कर एक के बाद एक दो गोली दाग दी, जो उनके गले और सीने में लगी। इसकी सूचना मिलते ही जब तक परिजन सहित ग्रामीण मौके पर पहुंचते हमलावर भाग निकले थे। आनन-फानन में मुंशी को गंभीर हालत में मगध मेडिकल अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है।

**मौके पर फोरेंसिक टीम को बुलाया गया:** इधर, घटना की सूचना मिलते ही SDPO सुनील कुमार पाण्डेय दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम को बुलाया जा रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष पवन कुमार ने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस दल को भेज दिया गया है।

# नालंदा में रहस्यमय परिस्थितियों में मिला प्रवासी मजदूर का शव

निज संवाददाता। नालंदा



**हत्या की आशंका, स्कूल की छत पर मिली लाश**

नालंदा के अस्थावां थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। हरियाणा में ईंट भट्ठे पर काम करने वाले एक प्रवासी मजदूर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। मृतक की पहचान जितेंद्र रविदास(40) के रूप में की गई है। मृतक के शरीर पर मिले निशान हत्या की ओर इशारा करते हैं। गले और नाक पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं, जिनमें रस्सी से गला घोंटने के संकेत हैं। मृतक के छोटे भाई मंटू रविदास ने बताया कि मेरे भाई बुधवार की शाम को घर से निकले थे। फिर वापस नहीं लौटे। गुरुवार को लोगों ने सूचना दी कि उनका शव प्राथमिक विद्यालय की छत पर पड़ा है। परिजनों का आरोप है कि यह एक सुनियोजित हत्या है। हालांकि, अभी तक किसी से विवाद की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। मृतक 20 अक्टूबर को हरियाणा लौटने वाला था, जहां वह अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए ईंट भट्ठे पर काम करता था। घटना के समय गांव में एक नाच कार्यक्रम चल रहा था। अस्थावां थाना प्रभारी लाल मुनि दुबे ने बताया कि मामला संदिग्ध है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेजा गया है। हम हर पहलू की बारीकी से जांच कर रहे हैं।

# सड़क दुर्घटना में किशोर की मौत, दोस्त घायल

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में बुधवार की शाम को सिलाव थाना क्षेत्र के गोला बाजार-महादेव स्थान के पास एक सड़क दुर्घटना में (13) वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान राजीव नवदिया के बेटे सक्षम कुमार के रूप में की गई है। दुर्घटना में सक्षम का एक दोस्त भी घायल हो गया, जिसका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि सक्षम अपने दोस्तों के साथ साइकिल पर घूमने निकला था। उसने घर से निकलते समय बताया था कि वह अपने मित्रों के साथ घूमने जा रहा है। दुर्भाग्य से, कुछ ही देर बाद सूचना मिली कि सक्षम एक दुर्घटना का शिकार हो गया है।

**सदर अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में हुई मौत:** स्थानीय लोगों की मदद से घायल सक्षम को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन दुर्भाग्यवश रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सक्षम छठी कक्षा का छात्र था और अपने परिवार का लाडला था। वह दो भाइयों और एक बहन के साथ रहता था। उसके पिता राजीव नवदिया स्थानीय बाजार में एक किराना दुकान चलाते हैं। सिलाव थानाध्यक्ष इरफान खान ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया है। मामले की गहन जांच कर रही है।

# हिंदुस्तान हिंदू का है, यात्रा की जरूरत नहीं- गोपाल मंडल

**भागलपुर ।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह भागलपुर से 18 अक्टूबर को हिन्दू स्वाभिमान यात्रा की शुरुआत करेंगे। यह यात्रा अंगप्रदेश भागलपुर और सीमांचल के कई जिले में होगी। इस पर बिहार में सियासत तेज है। NDA में भाजपा के सहयोगी जदयू भी गिरिराज सिंह के साथ नजर नहीं आ रही है।

**हिंदुस्तान हिंदू का है:** भागलपुर के गोपालपुर से जदयू विधायक राज्यमंत्री गोपाल मंडल ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हिंदू स्वाभिमान यात्रा निकाल रहे हैं, जबकि हिंदुस्तान हिंदू का है और सभी हिंदू सजग हैं। सभी हिंदू अपने को हिंदू कहने में कोई दोष नहीं है। हिंदुस्तान के अंदर सिर्फ मुसलमान ही नहीं है, कई जातियां हैं। उन जातियों को बुरा लगेगा। अगर मुसलमान और अन्य जातियां स्वाभिमान यात्रा निकालने लगे तो भगदड़ मच जाएगा। यह ठीक नहीं है।

**हमारे पास यात्रा के लिए फुरसत नहीं:** वहीं उन्होंने कहा कि वह बेगूसराय से सांसद हैं, वहां से उन्हें यात्रा निकालनी चाहिए। इस यात्रा से कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है। हिंदू खुद स्वाभिमानी हैं, मुसलमान पर इसका बुरा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि गिरिराज सिंह ही हैं कोई आसमान सिंह तो नहीं है। मुख्यमंत्री से उनका कद कभी भी ऊंचा नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री देश में सबसे बेदाग छवि के मुख्यमंत्री हैं। हमलोग को इस तरह की यात्रा के लिए फुरसत नहीं है।

# भागलपुर में दो पक्षों की बीच जमकर चले ईंट-पत्थर

**भागलपुर ।** भागलपुर में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना में दोनों पक्ष से कुल चार लोग जख्मी है। एक पक्ष से महिला समेत तीन लोगों को गंभीर चोट लगा है। जिसको मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना बाथ थाना क्षेत्र के नयागांव का है।


## पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 (वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के कार्यक्षेत्र के अधीन) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **एनआईटी सं.:** 202_2024-25, **कार्य का विवरण:** एईएन/ट्रैक/हावड़ा और एईएन/लिलुआ की शाखा में जॉइंटों को हटाने में मदद के लिए पी.वे कार्य का निष्पादन एवं अन्य विविध कार्य। **अनुमानित मूल्य:** रु.89,21,153.06, **बयाना राशि:** रु. 1,78,400/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य। **समापन अवधि** : 06 (छह) माह । यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 29.10.2024 को 14.00 बजे । निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान : ई-निविदा प्रणाली के मामले में बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-347/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# रोहतास गढ़ किले के विकास को लेकर डीएम व एसपी का दौरा

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**



डीएम उदिता सिंह एवं एसपी रौशन कुमार ने गुरुवार को कैमूर पहाड़ी स्थित ऐतिहासिक रोहतास गढ़ किले का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। दौरे में एडीएम, डीडीसी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, ओएसडी आशुतोष राज, पर्यटन प्रभारी विनय प्रताप एवं अन्य अधिकारी साथ थे। डीएम और एसपी ने पुरात्तव विभाग को किले की समुचित देख-रेख तथा रख-रखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था का निर्देश दिया। मार्च तक रोप-वे निर्माण को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, थ निर्माण विभाग को सड़क मरम्मती का निर्देश दिया गया। इसके साथ भवन प्रमंडल, सासाराम को एक गेस्ट हाउस का निर्माण कराने का निर्देश दिया ताकि सैलानियों को रहने की सुविधा उपलब्ध कराई जा सक। सीओ रोहतास को भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने का निदेश दिया गया। सिविल सर्जन रोहतास को स्वास्थ्य कैंप लगाने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, बिजली विभाग डेहरी को क्षेत्र में निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। रोहतास किले के विकास के लिए डीडीसी की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया। जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी डेहरी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, एसडीपीओ डेहरी, पर्यअन विभाग के प्रभारी अधिकारी, रोहतास प्रखंड के बीडीओ एवं सीओ, थाना प्रभारी, मुखिया एवं वार्ड सदस्य को समिति में रखा गया है।

## न्यूज बाइट्स

### शिक्षा जगत के महान शिक्षाविद श्री रामचंद्र पाठक जी ने दुनिया को कहा अलविदा

दिनारा (रोहतास) (नि.सं.)। जन जन के प्रिय और सम्मानित महान शिक्षाविद् श्री राम चंद्र पाठक जी ने 93 वर्ष की आयु में दिल्ली में अपने निवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन से केवल एक व्यक्ति की ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की संवेदनाएँ मर्माहत हो गई हैं। बता दे कि उन्हें जिला स्तर पर उत्कृष्ट योग्यता पुरस्कार (Outstanding Merit Award) पुरस्कार से भी नवाजा गया था पाठक जी का जीवन और उनके कार्य एक युग का परिचायक हैं, जो शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमिट योगदान के लिए सदैव याद किए जाएंगे। पाठक जी का जीवन सादा लेकिन उच्च विचारों से परिपूर्ण था। वे केवल एक शिक्षक नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक थे, जिन्होंने अपने छात्रों को न केवल ज्ञान, बल्कि जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी दी। उनका संघर्षशील व्यक्तित्व इस्पात से भी अधिक कठोर था, जबकि उनके अंदर की कोमलता उन्हें एक संवेदनशील इंसान बनाती थी। उनके विचारों में भूचाल और संवेदनाओं में एक नई अंगड़ाई थी, जो उन्हें अन्यों से अलग बनाती थी। श्री राम चंद्र पाठक जी ने दिनारा प्रखंड स्थित मोती हाई स्कूल बसडीहा और मनिहारी के प्रधानाध्यापक के रूप में शिक्षा के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित किया। उनके द्वारा स्थापित मानक और सिद्धांत आज भी शिक्षकों और छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उनकी शिक्षाएं, जैसे सच्चाई, ईमानदारी, और कर्तव्यनिष्ठा, जीवन के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद करती हैं। पाठक जी का योगदान केवल शैक्षिक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने समाज को एक नई दिशा भी दी। उनके विचार हमेशा युवाओं के लिए मार्गदर्शन का कार्य करेंगे। उनके जीवन की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने हमेशा ज्ञान और शिक्षा को समाज के विकास का सबसे महत्वपूर्ण साधन माना। उनका कहना था, 'शिक्षा केवल पुस्तकें पढ़ने का नाम नहीं है, बल्कि यह जीवन के हर क्षेत्र में सीखने का एक निरंतर प्रक्रिया है। पाठक जी के निधन से जो रिक्तता पैदा हुई है, उसे भरना संभव नहीं होगा। लेकिन उनके विचार, उनके सिद्धांत और उनकी शिक्षाएं हमें हमेशा प्रेरित करेंगी। दिवंगत आत्मा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके बताए हुए मार्ग पर चलें और उन्हें अपने जीवन में उतारें। वही उनके परिजनों ने कहा की आज जब हम श्री राम चंद्र पाठक जी को अंतिम विदाई दे रहे हैं, तब हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाएंगे और उनके द्वारा स्थापित शैक्षिक मानकों को आगे बढ़ाएंगे। यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### प्रखंड के प्रथम प्रमुख के देहांत पर मातम पूर्ति में पहुंचे नेतागण

दावथ (रोहतास) (नि.सं.)। दावथ सूर्यपूरा संयुक्त के प्रथम प्रखंड प्रमुख जगनारायण के देहांत पर मातम पूर्ति में विभिन्न दलों के नेताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का आगमन हुआ। बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष सह दिनारा विधानसभा से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी राजेंद्र सिंह दावथ में भ्रमण के दौरान प्रखंड के प्रथम प्रमुख जगनारायण सिंह के देहांत को सुनकर उनके परिवार से मिलकर सांत्वना दिए। प्रमुख की मृत्यु पर उन्होंने कहा कि यह दावथ प्रखंड सहित क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षती है जिसे कभी पूरा नहीं किया जा सकता। इस अवसर पर दावथ मंडल के अध्यक्ष मनोज कुशवाहा, सुर्यपूरा मंडल अध्यक्ष प्रदीप कुशवाहा, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह, पूर्व उप प्रमुख गोपाल सिंह, विकास कुशवाहा, गौतम कुमार, काशीनाथ साह, गुडु तिवारी सहित कई कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार प्राथमिकी दर्ज

विक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)। पुलिस ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। कच्छवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत कछवां से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। श्री कुमार ने कहा कि ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहा। उन्होंने बताया कि उक्त मामले में कानूनी कार्रवाई करते हुए संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों के पास रिपोर्ट भेज दिया गया है।

## छठ पूजा समिति काशी घाट की बैठक सम्पन्न

**निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)**

बुधवार की संध्या में आगामी लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर स्थानीय शहर के वार्ड संख्या 13 के काशी घाट स्थित भगवान भास्कर के प्रांगण में श्री छठ पूजा समिति काशी घाट का बैठक का आयोजन किया गया, जो शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। इस बैठक में सर्वसम्मति से श्री छठ पूजा समिति काशी घाट के अध्यक्ष पद हेतु निवर्तमान अध्यक्ष धीरज गिरी, कोषाध्यक्ष रितिक कुमार उर्फ विकु कुमार व उपाध्यक्ष बसंत पटेल उर्फ बसंत चौधरी को मनोनीत किया गया। जिसकी अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता सह पूर्व वार्ड पार्षद राजा जितेंद्र कुमार उर्फ राजा पटेल ने किया। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता सह राम विनय पटेल (पटेल सर) व पूर्व सभापित प्रत्याशी घनश्याम कुमार ने काशी घाट के सदस्यों की काफी सराहना करते हुए प्रशंसा किया और कहा कि छठ पूजा समिति काशी घाट के सदस्य पूरी ईमानदारी के साथ अपना जिम्मेवारी समझते हुए अपने कर्तब्यों का निर्वहन करते है। इस कड़ाके की ठंड में छठ व्रतियों की सुरक्षा का पूर्ण रूप से ख्याल रखते हुए गोताखोर के रूप में अपनी भूमिका निभाते है।

## शरद पूर्णिमा पर लोगों ने शीत का किया सेवन

काराकाट /बिक्रमगंज (नि. सं.)। बुधवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर प्रखंड एवं अनुमंडल क्षेत्र में लोगों ने रात्रि शीत का सेवन किया और शीत में रखें खाद्य पदार्थ विशेष कर खीर को ग्रहण किया। शास्त्रों के अनुसार इस तिथि को चंद्रमा अपनी पूरी कलाओं से युक्त होता है तथा रात्रि में पडने वाले शीत में औषधीय गुण भरपूर रहता है जिसे अमृत वर्षा के तौर पर देखा जाता है ।ऐसा मानना है कि शरद पूर्णिमा के रात्रि के शीत में रखे भोजन को ग्रहण करने से शरीर को एक अलौकिक शक्ति की प्राप्ति होती है। ऐसा कहा जाता है कि शरद पूर्णिमा के रात्रि में शीत के नीचे रखें भोजन में अमृत वर्षा होती है। इसे खाने के पश्चात शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। नगर पंचायत गोरारी से मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना भारती, उपमुख्यमंत्री पार्षद रविश रंजन, शिक्षक अनिल कुमार पासवान, कुंदन पासवान, वरिष्ठ नेता वीरेंद्र तिवारी, रजनीकांत तिवारी ,पिंटू सिंहआदि लोगों ने इस अवसर पर लोगों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की और शुभकामना दिया।

## एटीएम बदल ठगी की कोशिश, नाबालिग को पकड़ा

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**



पुलिस ने एटीएम बदलकर पैसा निकालने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का खुलासा किया है। इस संबंध में डेहरी नगर थाना में गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता में एएसपी कोटा किरण ने बताया कि डेहरी के पाली रोड स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम में गुलाम हैदर नामक व्यक्ति पैसा निकालने के लिए गया, और पैसा निकालने का प्रयास करने लगा। उसी दौरान दो अन्य व्यक्ति एटीएम में घुसे और बातचीत करने के क्रम में झांसा देकर एटीएम बदल लिए और पैसा निकालने का प्रयास करने लगे। गुलाम हैदर ने इस बात को समझ लिया कि दोनों जालसाज हैं। उसने हल्ला करते हुए दोनों को पकड़ लिया और डेहरी नगर थाना को सूचित किया। लेकिन इस बीच एक आरोपी भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया। उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से विभिन्न बैंकों के 53 एटीएम कार्ड एवं एक मोबाइल बरामद किया गया। उसके द्वारा बताया गया कि उसके साथ तीन लोग थे, दो एटीमए में घुसे थे जबकि दो लोग बाहर थे। लेकिन तीन लोग भागने में सफल हो गए। एसडीपीओं ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की उम्र 18 साल से कुछ दिन कम है। इसलिए उसे विधि विरूद्ध बालक के तहत कार्रवाई की जा रही है। जबकि तीन अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। सभी यूपी के रहने वाले बताए जाते हैं।

## सीबीएसई नेशनल बालिका हैंडबॉल टूर्नामेंट 2024 का खिताब जीतकर देश स्तर पर विजेता बना मॉडर्न

**निज संवाददाता | नवादा**




बालिका हैंडबॉल अंडर 19 खेल प्रतियोगिता में देश-विदेश के सीबीएसई से संबंद्धता प्राप्त स्कूलों को 8 जोन में बांटा गया था। ईस्ट जोन की विजेता टीम होने के कारण मॉडर्न इंग्लिश स्कूल नवादा के बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने ईस्ट जोन बिहार, झारखंड, बंगाल, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश की ओर से भाग लिया। सीबीएसई स्कूलों के बीच हैंडबॉल के लिए 8 जोन बनाया गया था इसलिए सभी जोन की विजेता टीमों ने नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप में भाग लिया था। ईस्ट जोन अंडर 19 बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप का प्रतिनिधित्व बिहार की मॉडर्न इंग्लिश स्कूल नवादा की टीम कर रही थी। बेंगलुरु, चेन्न, राजस्थान, लुधियाना, देहरादून, ओमान, कतर की टीमों के बीच 14 अक्टूबर से 17 अक्टूबर के बीच मैच हुआ। मॉडर्न इंग्लिश स्कूल नवादा ने सेमीफाइनल में बेंगलुरु और फाइनल में राजस्थान को हराकर अंततः विजेता बनकर पूरे देश में अपने विद्यालय, अपना जिला नवादा, अपने राज्य बिहार का नाम स्वर्णिम अक्षरों में अंकित कर दिया। यह जीत उन सभी खिलाड़ियों के मेहनत का फल है जो कि पिछले कई वर्षों से ईस्ट जोन का खिताब जीत रहे थे और इस जीत के लिए लगातार परिश्रम कर रहे थे। प्रतियोगिता में मॉडर्न के ग्रुप में चेन्नई, कर्नाटक, ओमान, लुधियाना, देहरादून, संयुक्त अरब अमीरात जैसे बड़े-बड़े शहरो के विद्यालय भाग ले रहे थे परंतु हमारे खिलाड़ियों ने लुधियाना को पहले मैच में ही हराकर बाहर का रास्ता दिखा दिया। फिर देहरादून, कतर आदि को पराजित करते हुए विदेशी टीम ओमान को पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आज सेमी फाइनल मैच में कर्नाटक को 11-08 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मजबूत इरादों के साथ जब मॉडर्न के खिलाड़ी फाइनल में राजस्थान के साथ खेल रहे थे तो एक समय ऐसा लग रहा था की खिलाड़ी ज्यादा थके हुए हैं परंतु पूरी मेहनत के साथ खिलाड़ियों ने अपना प्रदर्शन जारी रखा और राजस्थान जैसे बड़े राज्य को 11-08 से हराकर स्वर्ण पदक जीतकर वर्ष 2024 का बालिका नेशनल हैंडबॉल अंडर-19 का विजेता बना। मॉडर्न शैक्षणिक समूह के निदेशक डॉ अनुज सिंह ने इस सफलता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि आज विद्यालय परिवार के साथ-साथ नवादा एवं पूरे बिहार के लिए गर्व की बात है कि इस छोटे से शहर से निकलकर पूरे भारत में राष्ट्रीय स्तर पर मॉडर्न के खिलाड़ी नाम रोशन कर रहे हैं। आज का दिन पूरे मॉडर्न ग्रुप सहित नवादा के लिए खुशी का दिन है की पूरे भारत में मॉडर्न का डंका बज रहा है। विद्यालय के प्राचार्य गोपाल चरण दास, उपप्राचार्य सुजय कुमार एवं मिथिलेश कुमार विजय ने भी सभी खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि खिलाड़ियों के मेहनत का नतीजा है कि आज मॉडर्न का पूरे भारत में नाम रोशन हो रहा है। सभी शिक्षकों ने भी इस पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा की सभी खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं। आज हमारा मॉडर्न केवल पढ़ाई में ही नहीं बल्कि खेल के क्षेत्र में भी भारत में अपना नाम सबसे ऊपर बना कर रखा है। मॉडर्न समूह के निदेशक ने कहा कि इस सफलता में सभी खिलाड़ियों के साथ-साथ हैंडबॉल टीम के कोच नीतीश कुमार,कल्पना कुमारी व टीम मैनेजर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अलखदेव प्रसाद के साथ-साथ पूरे विद्यालय परिवार का बहुत बड़ा योगदान रहा है। साथ ही साथ उन सभी खिलाड़ियों के माता-पिता का सहयोग सभी खिलाड़ियों को हमेशा मिलता रहा है। उन्होंने ने बताया कि जब सभी खिलाड़ियों का दल वंदे भारत एक्सप्रेस से नवादा पहुंचेगी तो उनके स्वागत के लिए विद्यालय परिवार नवादा स्टेशन पर मौजूद रहेगा। सभी खिलाड़ियों का स्वागत फूल माला के साथ ढोल नगाड़े एवं बैंड बाजे के साथ किया जाएगा। आज पूरा नवादा के साथ साथ पूरा बिहार इन बेटियों के ऊपर गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

## 17 अक्टूबर को पूर्व मध्य रेल में स्वच्छता पखवाड़ा-2024 के समापन समारोह का आयोजन

**निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)**



हाजीपुर पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर के महाप्रबंधक सम्मेलन कक्ष में अपर महाप्रबंधक, अमरेन्द्र कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में, प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, सुरेश कुमार पासवान की अध्यक्षता में विगत एक महीने से चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा तथा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार ने स्वच्छता को सबकी जिम्मेवारी बताया तथा मुख्यालय के सभी विभागों को इसमें सहयोग करने में तत्पर रहने को कहा तथा पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था विभाग, हाजीपुर द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की। पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था विभाग, हाजीपुर द्वारा इन कार्यों को आगे भी जारी रखने की प्रतिबद्धता जतायी गयी तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने हेतु, एकल उपयोग प्लास्टिक के उपयोग को प्रतिबंधित करने एवं सभी में जागरूकता फैलाने हेतु महिला सफाई कर्मचारियों के बीच जूट के थैलों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व मध्य रेल के सभी मंडलों में पखवाड़ा के दौरान दिन-प्रतिदिन स्वच्छता हेतु किये जाने वाले क्रियाकलापों यथा-स्वच्छता शपथ, स्वच्छता दिवस, स्वच्छ स्टेशन, स्वच्छ रेलगाड़ी, स्वच्छ रेल पटरी, स्वच्छ आहार, स्वच्छ नीर, स्वच्छ प्रसाधन तथा एकल उपयोग प्लास्टिक के प्रतिबंध हेतु अभियान आदि का विवरण प्रजेंटेशन के माध्यम से किया गया। इसके अलावा स्वच्छता ही सेवा के दौरान स्वच्छता हेतु चिन्हित कुल 381 इकाइयों (सीटीयू) एवं ब्लैक स्पॉटस में कराये गये गहन सफाई कार्यों का विवरण भी दिया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान स्वच्छ स्पर्धा का आयोजन किया गया था, जिसके अंतर्गत सभी विभागों के कार्यालयों की सफाई का निरीक्षण कराया गया था। इस स्वच्छ स्पर्धा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए क्रमशः प्रशासन, इंजीनियरिंग तथा यांत्रिक विभाग को अपर महाप्रबंधक महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## महाप्रबंधक ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में रेल सुविधाओं का किया निरीक्षण



हाजीपुर (वैशाली) (नि.सं.)। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में विभिन्न रेल सुविधाओं और संरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन यार्ड और डीडीयू-सकलडीहा रेल खंड पर ट्रैक प्रणाली का गहन अवलोकन कर संरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं का जायजा लिया। इस दौरान, महाप्रबंधक ने जंक्शन से लेकर जिवनाथपुर स्टेशन (उत्तर मध्य रेलवे) तक निरीक्षण यान के माध्यम से संरक्षा मानकों का मूल्यांकन किया। इसके अलावा, उन्होंने डाउन रिसिविंग यार्ड में वैगनों की जांच-पड़ताल का भी निरीक्षण किया। यार्ड के हम्प टावर से वैगन हंपिंग प्रक्रिया की निगरानी करते हुए, उन्होंने इसकी संरक्षा और कुशलता का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन होते हुए व्यासनगर (उत्तर रेलवे) से गंजख्वाजा तक रेल ट्रैक और संरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान, उन्होंने अधिकारियों को संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और रेल यात्री सेवाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल कार्यालय के सभागार में रेल सुविधाओं और विकास कार्यों पर एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में महाप्रबंधक ने यात्री सुविधाओं, सुरक्षा और संरक्षा के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए और संबंधित अधिकारियों से इन मुद्दों पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता सहित मुख्यालय और मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे, जिन्होंने महाप्रबंधक के साथ मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों और संरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की।

## शरद पूर्णिमा और वाल्मीकि जयंती पर नारायणी गंडकी महा आरती आयोजित

**निज संवाददाता | वाल्मीकिनगर (रोहतास)**

भारत-नेपाल सीमा पर स्थित बेलवा घाट परिसर में शरद पूर्णिमा और वाल्मीकि जयंती की पूर्व संध्या पर 135वीं नारायणी गंडकी महा आरती का भव्य आयोजन किया गया। स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत राज जिमरी नौतनवां के मुखिया खूबलाल बड़घड़िया, जनी फाउंडेशन की अध्यक्षा लक्ष्मी खत्री, अभिनेता और फाइटर जयदेव कुमार, समाजसेवी संगीत आनंद, स्वास्थ्य कर्मी कुमारी संगीता, संस्था के सचिव अखिलानंद, सत्येंद्र सिंह, सुमन देवी, गायक नंद महतो, हरिद्वार प्रसाद, पिंकी देवी और दीपक कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि खूबलाल बड़घड़िया ने अपने संबोधन में कहा कि शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा अपनी 16 कलाओं में पूर्ण होता है, और इस दिन चंद्रमा की किरणों से अमृत वर्षा मानी जाती है। आचार्य अनिरुद्ध दुबे ने बताया कि इसे कोजागरी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। रुद्र नेचुरल शहद के निर्माता सत्येंद्र सिंह ने कहा कि गंडक नदी के तट पर पूर्णिमा तिथि को महा आरती का आयोजन एक ऐतिहासिक पहल है, जो इस क्षेत्र के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को बढ़ाता है। समाजसेवी सुमन देवी ने बताया कि शहद और साबुन के निर्माण के माध्यम से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।


बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, अम्बा**
E-mail Id:- eenorthkoelamba@gmail.com

**आम–सूचना**

इस प्रमंडल द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 02/2024–25 जिसका PR NO- 008036 (WRD) 2024-25 को आमंत्रित की गई थी। जिला पदाधिकारी औरंगाबाद का पत्रांक – SSA/CIVIL/2794 औरंगाबाद, दिनांक–01.10.2024 के आलोक में उक्त निविदा आमंत्रण सूचना को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है।

(ई0 कुमार आनन्द वर्धनपूषण)
कार्यपालक अभियंता
उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, अम्बा

PR. No. 010634 ( WRD ) 2024-25

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



बिहार सरकार

**कार्यालय जिला पदाधिकारी एवं समाहर्त्ता, औरंगाबाद।**
(जिला नजारत शाखा)
**अति अल्पकालीन**
**नीलामी सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अपर समाहर्त्ता, औरंगाबाद, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, औरंगाबाद एवं भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, दाउदनगर के उपयोग हेतु विभागीय वाहन को मोटरयान निरीक्षक, औरंगाबाद के अनुशंसा के आलोक में निष्प्रायोजित कर दिया गया है। मोटरयान निरीक्षक, औरंगाबाद द्वारा निम्नांकित वाहनों का मूल्यांकन किया गया है :–

| क्रमांक | वाहन संख्या | चेचिस संख्या | मूल्यांकित राशि |
|---|---|---|---|
| 01. | BR26B-5222 | 418107LSZ944611 | 105000.00 |
| 02. | BR26E-5355 | MAT421048C9A00061 | 135000.00 |
| 03. | BR26E-6128 | MAT421048C9A01380 | 135000.00 |

उपरोक्त उल्लेखित वाहन को जहाँ है जैसी है की स्थिति में खुली डाक द्वारा दिनांक–25.10.2024 को 3:00 बजे अपराह्न में समाहरणालय, औरंगाबाद के सभा कक्ष में नीलामी की जायेगी।

उक्त तिथि के पूर्व नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को सुरक्षित जमा के रूप में जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद के पदनाम से 5000.00 (पाँच हजार) रू0 का बैंक ड्राफ्ट अथवा नाजीर रसीद के द्वारा जिला नजारत में जमा करना होगा।

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति जो ऊंची बोली लगायेंगे, बोली की सम्पूर्ण राशि जमा करने के पश्चात ही गाड़ी दी जायेगी। नीलामी में ऊंची बोली लगाने के बाद गाड़ी नहीं लेने वाले का सुरक्षित जमा की राशि जप्त कर ली जायेगी। नीलामी डाक में भाग लेने के पूर्व गाड़ी देखने हेतु इच्छुक व्यक्ति कार्यालय अवधि में जिला नजारत शाखा, औरंगाबाद में सम्पर्क कर सकते है।

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR- 010625 (District) 2024-25

**जिला पदाधिकारी**
**औरंगाबाद**

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



**पूर्व मध्य रेल**

**खुली निविदा आमंत्रण सूचना**

ऑन लाईन (ई–निविदा) (दानापुर मंडल (इंजी. विभाग) भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिंचाई, सी.पी.डब्ल्यू.डी., एम.ई.एस. अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन–लाइन (ई–निविदा) आमंत्रित करते हैं।

**निविदा सूचना संख्या : डब्ल्यू–7/ई–टेन्डर/10/ओपेन/दानापुर/2024–25**

**क्रमांक :** 1, **कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** वरीय मंडल अभियंता/3/दानापुर के अधिकार क्षेत्र के तहत (दो पैकेट प्रणाली) के अन्तर्गत पटना–डीडीयू सेक्शन के बीच पुल संख्या 200ए, 339, 371 और 377 (अप और डाउन लाइन) पर एच–बीम स्लीपरों द्वारा स्टील चैनल स्लीपरों का प्रतिस्थापन।, **अनुमानित निविदा राशि :** 14,21,52,212.29, **बयाना की राशि :** 8,60,800/–

**क्रमांक :** 2, **कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** जोन नं. 19/2024–25 में सहायक मंडल इंजीनियर / मोकामा के अधीन रेलवे सुरक्षा बल ट्रेनिंग इंस्टीच्यूट में सभी प्रकार के सामान्य कार्य, लकड़ी पाईप लाईन एवं सेनिटरी, लकड़ी एवं संड़क के कार्य का जोनल ठेका।, **अनुमानित निविदा राशि :** 30,00,000/–, **बयाना की राशि :** 60,000/–

**क्रमांक :** 3, **कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** जोन नं. 22/2024–25 में वरीय मंडल इंजीनियर /2/ दानापुर सेक्शन में संरक्षा उन्नयन के लिए समपार फाटक एवं एलसी भाग में ट्रैक के अनुरक्षण से संबंधित सभी प्रकार के कार्यों के लिए जोनल ठेका। सहायक मंडल इंजी./लाईन/पटना = रू. 4,00,000/–, सहायक मंडल इंजी./मोकामा = रू. 7,00,000/–, सहायक मंडल इंजी./किऊल = रू. 9,00,000/–, **अनुमानित निविदा राशि :** 20,00,000/–, **बयाना की राशि :** 40,000/–

**क्रमांक :** 4, **कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** वरीय मंडल अभियंता/3/दानापुर के अधिकार क्षेत्र के तहत पटना–डीडीयू सेक्शन के बीच पूरा ट्रैक रेनीवाल (सीटीआर/पी) = 11.246 ट्रैक कि.मी. और स्लीपर नवीनीकरण के माध्यम से (टीउपआर/पी) = 26–350 ट्रैक कि.मी. ब्हबरीब्ह/पीक्यूआरएस द्वारा रेल नवीनीकरण (टीआरआर/पी) = 16.230 ट्रैक कि.मी. (टीआरआर/एस) = 10.198 ट्रैक कि.मी. और अन्य सहायक कार्य।, **अनुमानित निविदा राशि :** 6,66,73,167.40, **बयाना की राशि :** 4,83,400/–

● **निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** निविदा ऑन लाइन **www.ireps.gov.in** पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 06.11.2024 को 12.00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन निविदादाताओं के समक्ष निर्धारित तिथि को 12.00 बजे के बाद निविदा खोली जायेगी। ● **वेबसाईट नाम एवं निविदा संबंधी सूचना : 1.** निविदा सूचना, पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाईट CRIS website: **http.//www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखें। उपरोक्त निविदा से सबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो, इसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा, बल्कि वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। **2.** विवाद की स्थिति में हिन्दी एवं अंग्रेजी में दी गई सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में प्रकाशित सूचना मान्य होगा। संशोधनों के लिए वेबसाईट देखने और तद्नुसार अपनी निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदाकारों की जिम्मेदारी है।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.),**
**पूर्व मध्य रेल, दानापुर**

पीआर/01331/डीएनआर/इंजी./टी/24–25/88

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### रजौली समेकित जांच चौकी पर शराब के नशे में 25 शराबी गिरफ्तार

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के समेकित जांच चौकी पर झारखंड की ओर से आने वाले विभिन्न वाहनों से 25 शराबियों को उत्पाद विभाग की टीम ने गिरफ्तार किया है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी को सफल बनाने को लेकर समेकित जांच चौकी पर प्रत्येक दिन 24 घंटे उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा छोटी व बड़ी यात्री व मालवाहक वाहनों की सघन जांच की जाती है। जिसका नेतृत्व उत्पाद अवर निरीक्षक संगम कुमार विद्यार्थी के द्वारा किया जा रहा है। बुधवार की रात्रि से लेकर गुरुवार की सुबह भी जांच चौकी पर तैनात उत्पाद पुलिस टीम के द्वारा झारखंड की ओर से आने वाली वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दरम्यान में झारखंड से शराब पीकर आ रहे अलग-अलग वाहनों से 25 शराबियों को हिरासत में लिया गया। जिनकी ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच होने के बाद शराब पिए हुए होने की पुष्टि हुई। फलस्वरूप सभी लोगों को कब्जे में लेकर उत्पाद विभाग के नियमानुसार गुरुवार को नवादा मजिस्ट्रेट के समक्ष पुलिस बलों के सहयोग से पेश किया गया। जहां शराबियों से जुर्माना राशि वसूल कर छोड़ दिया गया। समेकित जांच चौकी पर वाहन जांच के मौके पर उत्पाद एएसआई के अलावे दर्जनों उत्पाद सिपाही, सैप बल एवं होमगार्ड के जवान मौजूद थे।

### धर्म परिवर्तन के विरुद्ध हिन्दू समाज के ग्रामीणों को किया जागरूक



**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखण्ड के पाण्डेयगंगौट पंचायत के सिंघना गांव में धर्म परिवर्तन के कार्य जोर शोर से चलने की सूचना मिलने के बाद विहिप एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गांव पहुंचकर लोगों के साथ बैठक कर जागरूकता अभियान चलाया। विहिप व बजरंग दल के नेता कैलाश विश्वकर्मा, जितेंद्र प्रताप जीतू समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने सिंघना गांव पहुंचकर स्थानीय शिव मंदिर परिसर में ग्रामीणों के साथ आयोजित बैठक में लोगों को संबोधित कर बताया गया कि किस तरह एक अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र के तहत हिंदू समाज में पैसे का प्रलोभन देकर दलित महादलित समाज के लोगों को बीमारी ठीक करने के नाम पर धर्म परिवर्तन का कार्य करवाया जा रहा है। गांव के ही ग्रामीण सुरेंद्र पांडे ने जानकारी दिया कि हर रविवार को ईसाई मिशनरी के द्वारा प्रार्थना करवाया जाता है और हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ भड़काया जाता है। जो कि यह सिलसिला पिछले कुछ महीनो से चल रहा है। विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिला मंत्री कैलाश विश्वकर्मा ने कहा कि जब भगवान श्री राम अपने पिता की आज्ञा मानकर वनवास गए, तब उन्होंने माता महादलित परिवार से आने वाली शबरी के झूठे बेर खाए और उन्हें माता माना। आज के दलित महादलित समाज के लोग भी वही माता शबरी के ही वंशज हैं। भगवान राम ने केवट राज को गले लगाया। बजरंग दल के नेताओं ने कहा कि बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद धर्मांतरण का विरोध करता है। बजरंग दल के जिला सह संयोजक अनीश सिंह ने कहा कि हर गांव के मंदिरों में भजन कीर्तन में दलित महादलित समाज के लोगों को शामिल करना चाहिए। मौके पर बैठक में बजरंग दल के जिला सुरक्षा प्रमुख अवधेश यादव, स्थानीय ग्रामीण प्रमोद सिंह, मुकेश सिंह, विनोद सिंह, कौशल सिंह, टुडू रविदास, जितेंद्र रविदास आदि मौजूद रहे।

### 24 घंटे के अंदर 41 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

**नवादा (नि.सं.)।** पुलिस अधीक्षक, नवादा श्री अभिनव धीमान ने बताया कि 16 अक्टूबर 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, लूट में 01, मद्य निषेध में 03, हत्या के प्रयास में 06 एवं अन्य गिरफ्तारी 31 कुल 41 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 07 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। कुर्की के निष्पादन की संख्या 78 एवं वारंट का निष्पादन की संख्या 409 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 467 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 94 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत ट्रैक्टर 02, मोटरसाईकिल 01, ट्रक 01, मोबाईल 02, गेहुं 485 बोरा एवं अपहृता 02 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कुढ़ेता में प्रतिमा का विसर्जन



**पकरीबरावां (नवादा) (नि.सं.)।** पकरीबरावां प्रखण्ड की दत्तरौल पंचायत के कुढ़ेता गांव में गुरुवार को भारी सुरक्षा के बीच मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि तीन दिनों तक यहां नाटक का मंचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसे देखने के लिए आस पास के कई गांवों के लोग आए। इधर, गुरुवार की देर शाम को गांव भ्रमण के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था में मनरेगा के पीओ कौशल कुमार सिंह एवं पुलिस पदाधिकारी प्रशांत कुमार मौजूद थे। पूजा समिति के भोला सिंह, नवलेश कुमार, राजीव, अमित रंजन, सतीश कुमार, पवन सिंह, कमलकांत धीरज, श्रीकांत सिंह, ओम प्रकाश कुमार, इंद्रदेव प्रसाद, सुजीत कुमार, पूर्व पैक्स अध्यक्ष श्रवण सिंह, नवल सिंह आदि ने बताया कि वर्ष 2012 से ही यहां प्रतिमा का निर्माण कराया जा रहा है। बताया गया कि यहां मेला एवं प्रतिम्स को देखने के लिए कई गांवों से लोग आते हैं।

### 25 अक्टूबर को होगा अंतिम पैक्स मतदाता सूची का प्रकाशन

**नरहट (नवादा) (नि.सं.)।** प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) चुनाव की तैयारी जोरों पर है। मतदाता सूची से सम्बंधित सुधार की प्रक्रिया चल रही है। नरहट प्रखण्ड में कुल 9 पैक्सों में चुनाव कराया जाएगा जिसकी तैयारी चल रही है। निर्वाचन पदाधिकारी स0स0 सह बीडीओ बैजू कुमार मिश्रा ने बताया कि पैक्स मतदाता सूची से सम्बंधित त्रुटियों के निवारण से सम्बंधित प्रक्रिया चल रही है। सभी मतदाताओं को सलाह दी जाती है कि दिनांक 9 अक्टूबर 2024 को अपने प्रखण्ड कार्यलय में प्रकाशित एवं प्राधिकार के वेवसाईट पर अपलोड प्रारूप मतदाता सूची को अवलोकन कर लेंगे। प्रारूप मतदाता सूची में सुधार हेतु उपरोक्त विहित प्रपत्र में दिनांक 22 अक्टूबर 2024 तक की अवधि में आपत्ति दर्ज कराएंगे।

# श्रम एवं संसाधन मंत्री का औचक निरीक्षण, स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर नाराजगी

**निज संवाददाता | दिनारा (रोहतास)**



बिहार सरकार के श्रम एवं संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने गुरुवार को दिनारा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें कई खामियां मिलीं, जिससे उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राघवेंद्र कुमार और स्वास्थ्य प्रबंधक शमशाद अहमद उपस्थिति दर्ज करवाने के बावजूद अस्पताल से गायब पाए गए। जब मंत्री ने इस संबंध में जानकारी मांगी, तो पता चला कि दोनों जिला मुख्यालय में एक बैठक में शामिल होने गए थे।

48 घंटे की ड्यूटी पर मंत्री का आक्रोश

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने चिकित्सकों के रोस्टर का भी जायजा लिया। उन्होंने देखा कि कुछ चिकित्सकों को लगातार 48 घंटे की ड्यूटी पर रखा गया है, जो उनके लिए असंभव और अनुचित है। इस पर आक्रोश जताते हुए मंत्री ने कहा कि ऐसा रोस्टर बिल्कुल अव्यवहारिक है। किसी भी डॉक्टर से लगातार 48 घंटे की ड्यूटी की उम्मीद नहीं की जा सकती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

गंदे बेडशीट्स पर नाराजगी

मंत्री ने अस्पताल के वार्डों का भी निरीक्षण किया और मरीजों से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। गिरधरीयां गांव से आई शीला देवी, जो अपनी बहू का प्रसव कराने आई थीं, ने मंत्री को बताया कि उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हो रही है। हालांकि, मंत्री ने वार्ड में गंदे बेडशीट देखकर नाराजगी जताई और तुरंत सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। मंत्री संतोष कुमार सिंह ने ओपीडी रजिस्टर की भी जांच की, जिसमें पाया गया कि गुरुवार को 158 मरीजों का इलाज किया गया था। हालांकि, जब उन्होंने अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता के बारे में पूछा, तो उन्हें बताया गया कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली 220 प्रकार की दवाओं की सूची के विपरीत केवल 170 प्रकार की दवाएं ही मौजूद हैं। इस पर भी मंत्री ने असंतोष व्यक्त किया और कहा कि अस्पताल में दवाओं की पूरी उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। स्वास्थ्य केंद्र की अव्यवस्थित स्थिति से नाखुश मंत्री ने तुरंत बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय को फोन पर इस बारे में जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने जिला कलेक्टर (डीएम) और जिला उप विकास आयुक्त (डीडीसी) को निर्देश दिया कि वे अनुपस्थित चिकित्सकों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगें।

ममता और सफाई कर्मियों के लिए कदम

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने ममता कर्मियों के मानदेय में सुधार करने और सफाई कर्मियों के मानदेय का उचित भुगतान सुनिश्चित करने के लिए संबंधित एजेंसी से बात करने का भी आश्वासन दिया। इस निरीक्षण ने एक बार फिर यह उजागर किया है कि बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की आवश्यकता है।

## दिवाली की तैयारी शुरू, सुस्त पड़े पेंट बाजार में आएगी रौनक

**नवादा (नि.सं.)** दीपावली से पहले घरों और प्रतिष्ठानों में रंग रोगन का काम शुरू हो गया है। इस कारण सुस्त पड़े पेंट बाजार में रौनक आ गई है। कारोबारियों का कहना है कि अब लोग चूना की जगह डिस्टेंपर और इनेमल पेंट लगवा रहे हैं। ऐसे में पेंट कारोबार को खासा फायदा हुआ है। गत वर्ष की तुलना में रंगों के दामों में अलग-अलग ब्रांड के हिसाब से लगभग 20 से 25 फीसदी तक बढ़ोतरी हुई है, जबकि कारीगरों की मजदूरी भी बढ़ गई है। जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड स्तर पर करीब 300 दुकानें पेंट की हैं, जिससे लोग खरीदारी कर रहे हैं। कारोबारियों का कहना है कि अब तो पूरे साल भर बिक्री होती रहती है, लेकिन त्योहार पर रंगों की डिमांड काफी बढ़ जाती ही। ऐसे में उम्मीद है कि पेंट का बाजार दो करोड़ का रह सकता है। त्योहार पर कमजोर वर्ग के लोग चूना से पुताई कराकर काम चला लेते थे।

## सांसद की पहल लाई रंग, नवादा -पावापुरी रेल लाइन परियोजना का लोकेशन सर्वे के लिये राशि आवंटित

**निज संवाददाता | नवादा**

पावापुरी नई रेल लाइन निर्माण के लिए 82.75 लाख रुपए आवंटित कर दिया गया है। इस राशि से फाइनल लोकेशन सर्वे का काम पूरा कर लिया जाएगा। बता दें कि सांसद विवेक ठाकुर इस रेलखंड के निर्माण को लेकर नवादा की जनता से कई बार प्रतिबद्धता दोहरा चुके हैं। इस सिलसिले में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से विगत मुलाकातों के दौरान नवादा-पावापुरी नई रेल लाइन के निर्माण को प्राथमिकता के साथ शुरू करने आग्रह किया था। जिसपर रेलमंत्री ने नई रेल लाइन के निर्माण की दिशा में ठोस आश्वासन दिया था। विवेक ठाकुर ने कहा यह अवगत कराते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि नवादा - पावापुरी नई रेल लाइन परियोजना हेतु फाइनल लोकेशन सर्वे के लिए 82.75 लाख रुपए की राशि रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृत कर दिया गया है। बता दें कि इस नई रेल लाइन के निर्माण से नवादा देश और राज्य की राजधानी दोनों से सीधा जुड़ जाएगा। जिससे आने वाले दिनों में स्थानीय लोग नवादा से सीधे पटना और दिल्ली के लिए यात्रा कर सकेंगे। यह समस्त नवादा वासियों के लिए रेलवे के क्षेत्र में बहुत बड़ी सौगात होगी।

## 18 साल से कम उम्र के बच्चे भी पा सकते हैं पेंशन

**निज संवाददाता | नवादा**

दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के सौजन्य से सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय माधोबीघा में एनपीएस वात्सल्य योजना से संबंधित विशेष वित्तीय साक्षरता शिविर सह नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस योजना के संबंध में जानकारी देते हुए एफएलसी अभिजीत कुमार ने बताया कि योजना के तहत भारत सरकार द्वारा 18 साल से कम उम्र के बच्चों को पेंशन सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इसमें कम से कम एक हजार रुपए देकर जुड़ा जा सकता है। अधिकतम की कोई सीमा नहीं है।

## टी. एस. कॉलेज में 29 एवं 30 नवंबर को आयोजित होगा अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार

**निज संवाददाता | नवादा**

नगर परिषद स्थित टी. एस. कॉलेज में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय सेमिनार की तिथियों में बदलाव किया गया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वेद प्रकाश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इस बात की जानकारी दी गई। राजनीति विज्ञान और आईक्यूएसी द्वारा आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी एवं राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष, डॉ. अंजनी कुमार ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से सेमिनार की तिथियों में परिवर्तन किया गया है। पहले यह सेमिनार 26 और 27 अगस्त 2024 को आयोजित होने वाला था, लेकिन अब इसका आयोजन 29 और 30 नवंबर 2024 को किया जाएगा। इस सेमिनार का विषय 'द इंडियन पालिटीः ए क्रिटिकल अप्रेजल' है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के माननीय राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर शामिल होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही एवं देश-विदेश के ख्यातिप्राप्त विद्वान शिरकत करेंगे। प्राचार्य डॉ. वेद प्रकाश चतुर्वेदी ने सेमिनार की तैयारी की समीक्षा करते हुए कोऑर्डिनेशन कमिटी के सभी सदस्यों को आगे की तैयारियों के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. अंजनी कुमार ने बताया कि इस सेमिनार में भाग लेने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया चालू हो चुकी है, और इच्छुक प्रतिभागी कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट [https://tscollegehisua.in/](https://tscollegehisua.in/) पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। सेमिनार की तैयारी से संबंधित बैठक में कोऑर्डिनेटर सह वित्ताधिकारी डॉ. पवन कुमार शर्मा, डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. परमानंद राम, सेमिनार के कोषाध्यक्ष डॉ. शेखर, प्रधान सहायक राजेश कुमार और पीटीआई मुकेश कुमार सहित अन्य कई गणमान्य उपस्थित थे।

## बदलो बिहार न्याय यात्रा पर सात ज्वलंत मुद्दों को लेकर निकले माले महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य

**निज संवाददाता | मेसकौर (नवादा)**




बिहार में सात मुद्दो को लेकर गुरुवार को बदलो बिहार न्याय यात्रा के तहत पैदल पांव निकले दीपांकर भट्टाचार्य। बतादें कि यह न्याय यात्रा हिसुआ से राजमार्ग 82 पर बैजनाथपुर गुमटी होते हुए गया की ओर प्रस्थान किया। बदलो बिहार न्याय यात्रा का नेतृत्व माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, मगध जोन के प्रभारी अमर, एमएलसी शशि यादव, अरवल विधायक महनंद सिंह, फुलवारी विधायक गोपाल रविदास एवं घोसी विधायक रामबली सिंह यादव कर रहे थे। यात्रा के दौरान पार्टी के स्थानीय नेता एवं कार्यकर्त्ता सैकड़ो की संख्या में मौजूद थे। यात्रा के दौरान दीपांकर भट्टाचार्य ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी पार्टी सात मुद्दो को लेकर बदलो बिहार न्याय यात्रा पर निकली है। यह यात्रा 26 अक्टूबर को पटना पहुँचेगी तथा 27 अक्टूबर को मिलर हाईस्कूल में सम्मेलन होगा। इसी कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर आम- लोगों को सम्मेलन में शामिल होने की अपील करने आये हैं। उन्होंने अपने सात मुद्दो पे चर्चा करते हुए कहा कि राज्य एवं केंद्र की सरकार ने जो घोषणाएं की है, उसे धरातल पर उतारे। सरकारी वादा के अनुसार (1) तमाम गरीबों को 2 लाख रुपए एवं 5 डिसमील आवास भूमि तथा पक्का मकान की गारंटी करो। (2) दलित गरीब महिलाओं व अल्पसंख्यको के ऊपर जारी हिंसा पर रोक लगाओ। (3) जब तक गरीबों के वास-आवास-जोत की भूमि और बटाईदारों के कायमी व पुश्तैनी हक की गारंटी नहीं होती तथा सभी लोगों की जमीन के कागजात दुरूस्त नहीं हो जाते, तब तक सर्वे पर रोक लगाओ। (4) स्मार्ट मीटर लगवाने की अनिवार्यता खत्म करो। बिजली की दर आधी करो। कृषि कार्य एवं गरीबों के लिए 200 यूनिट मुफ्त बिजली दो। (5) बाढ पीड़ितो के लिए तत्काल राहत की व्यवस्था दो। किसानो को 50 हजार रूपए प्रति एकड़ फसल क्षति मुआवजा दो। तमाम पीड़ितो को पर्याप्त बाढ क्षति मुआवजा दो तथा बाढ का स्थाई नादान करो। (6) 10 लाख से ज्यादा स्कीम वर्कर्स- जीविका दीदी, आशा, आंगनबड़ी, विद्यालय रसोईया, ग्रामीण नर्सेज, मनरेगा मजदूरों, सफाई मजदूरो आदि को केंद्र सरकार द्वारा घोषित नई मजदूरी दर के मुताबिक पारिश्रमिक/मानदेय की गारंटी करो। (7) बिहार में आरक्षण वृद्धि को संविधान में नवीं अनुसूची में शामिल करो, पूरे देश में जातीय गणना कराओ, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दो।

## सड़कों पर उड़ती धूल ने लोगों का जीना किया दूभर, बीमारियों की चपेट में आ रहे लोग

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



बिहार-झारखण्ड सीमावर्ती क्षेत्र के एनएच-20 के किनारे बसे हरदिया गांव समेत होटल संचालक सड़कों पर उड़ती बेहतहाशा धूल व गर्दा ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। इससे लोग तरह-तरह की बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। वहीं एन.एच पर चलने वाले बाइकसवार से लेकर ई-रिक्शा पर सवार यात्रियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों पर उड़ती धूल के कारण बसों में सवार यात्रीगण भी शीशा लगा कर रजौली क्षेत्र को पार करने को मजबूर हैं। हरदिया निवासी मुन्ना सिंह ने बताया कि झारखण्ड के बिजली प्लांट से हाइवा में गर्दा लादकर उत्तरी बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में भेजा जा रहा है। इन हाइवों पर अनियमित रूप से लदे धूल व गर्दा हवा के कारण सड़कों पर बिखरते जाता है, जिससे सड़क किनारे अवस्थित घरों के लोग परेशान रहते हैं। साथ ही घरों की दीवारों पर धूल की मोटी परत जम जाती है एवं बच्चे और बुजुर्ग लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने लगा है। इनमें आंखों में जलन एवं सांस लेने में दिक्कत मुख्य परेशानी है। वहीं ग्रामीण विजय प्रसाद ने बताया कि प्रशासन की लापरवाही का नतीजा हमसभी भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा कि धूल से छींक आना, नाक बहना, आंखों में जलन, गले में खराश, खांसी, घरघराहट व सांस लेने में तकलीफ़ होती है। यदि इसे समय रहते नहीं सुधार लाया गया तो आगे चलकर यह अन्य कई जटिल बीमारियों का रूप ले सकता है। साथ ही कहा कि इसको लेकर एनएचएआई भी मौन धारण किये हुए है, जबकि सड़कों की सफाई नियमित रूप से किया जाना चाहिए।

## श्री लक्ष्मी नारायण चतुर्मास महायज्ञ सम्पन्न



**निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)**

प्रखंड के नंदपुर गांव में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण चतुर्मास महायज्ञ का गुरुवार को श्रद्धापूर्वक सम्पन्न हो गया। गांव स्थित ठाकुरबाड़ी के निकट बने यज्ञ मंडप में श्रद्धालु महिलाओं व पुरुष ग्रामीणों के अलावा आसपास गांव के श्रद्धालुओं ने परिक्रमा कर परिवार के खुशहाली व सुख समृद्धि की कामना की। उसके बाद विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजा अर्चना किया गया। पूजा अर्चना व यज्ञ होने से सारा वातावरण भक्तिमय रहा। ग्रामीण भक्तिभाव से यज्ञ में तल्लीन रहे। तत्पश्चात भंडारे का आयोजन हुआ, जहां देर रात लोगों ने प्रसाद का रसास्वादन किया।

## मारपीट के मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल




**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**

थाना क्षेत्र के लेंगुरा पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कुतलूपुर के समीप बीते 14 अक्टूबर को हुई मारपीट के मामले से जुड़े दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि बीते दिनों दशहरा पर्व के दौरान लगे मेले में कुछ लोगों के बीच भकझक हुई थी। जिसे ग्रामीणों के सहयोग से मामले को शांत करा दिया गया था। लेकिन पुनः दो दिनों बाद 14 अक्टूबर 2024 को संध्या में बाजार से लौट रहे पप्पू कुमार के पुत्र दीपक कुमार उर्फ नीरज एवं हरिओम कुमार को श्रवण रविदास के पुत्र राजा कुमार अपने सहयोगियों के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था। फलस्वरुप घायल युवकों के पिता पप्पू कुमार ने रजौली थाने में लिखित दावेदन देकर प्राथमिक की दर्ज करायी थी। इसके बाद थानाध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही थी। जिसका नतीजा हुआ कि एसआई अजय कुमार के द्वारा गुरुवार की अहले सुबह मारपीट में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार लोगों में कुतलूपुर गांव निवासी राजेश कुमार के पुत्र दिवाकर कुमार एवं बीजवन गांव निवासी सुधीर साव के पुत्र गुलशन कुमार शामिल हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी भी जल्द किया जायेगा।

## निशांत भारद्वाज का बाढ़ राहत में अनोखा योगदान

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



प्रखंड क्षेत्र के अमावां गांव के मूल निवासी और धरती इंटरनेशनल फाउंडेशन (डीआईएफ) के संस्थापक निशांत भारद्वाज ने बिहार में आई बाढ़ राहत के लिए एक अनोखा और प्रभावशाली कार्य किया है। इस राहत अभियान में बिहारटाइम्स डेवलपमेंट फाउंडेशन का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। जिसने जमीनी स्तर पर सहायता पहुंचाने में विशेष भूमिका निभाई। एल.एन. मिश्रा कॉलेज के 1995 बैच में एमबीए करने वाले निशांत भारद्वाज व इनके साथ एमबीए करने वाले अन्य सदस्यों ने भी इस अभियान में अटूट सहयोग प्रदान किया है। 1000 लोगों के बीच राहत सामग्री को पहुचाना एक अलग और अनोखा कार्य रहा है। धरती इंटरनेशनल फाउंडेशन की टीम ने वैशाली, मुजफ्फरपुर, सुपौल, और भागलपुर जैसे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य किए हैं। इन क्षेत्रों में प्रभावित लोगों के लिए भोजन, कपड़े, पानी, और चिकित्सा सहायता के साथ-साथ बुनियादी जरूरतों की पूर्ति की गई है। पूर्व से हीं निशांत भारद्वाज अपने पर्यावरण संरक्षण के अनोखे पहल के माध्यम से बिहार के लाखों लोगों की मदद करने के लिए संकल्पित हैं, जो इस प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे थे। निशांत जोकी खुद एक पर्यावरणविद हैं,बिहार से गहरे जुड़े हुए हैं। बिहार राज्य में जल संकट और पर्यावरणीय मुद्दों को लेकर उनका कार्य पहले से ही काफी चर्चित रहा है। आपको बता दें कि निशांत भारद्वाज अपने छोटे भाई रुद्र प्रताप सिंह के साथ पूरे बिहार में साइकिल यात्रा भी कर चुके हैं, जिसका उद्देश्य राज्य में पानी की समस्याओं के प्रति जागरूकता फैलाना और समाधान के लिए काम करना था। यह यात्रा बिहार के विभिन्न जल स्रोतों और पानी की कमी वाले क्षेत्रों का सर्वेक्षण करने के लिए आयोजित की गई थी। निशांत का मानना है, 'बिहार मेरी जन्मभूमि है और मैं हमेशा बिहार के किसी भी प्रकार की समस्याओं के लिए तत्पर रहूंगा। निशांत भारद्वाज ने यह भी घोषणा की है कि धरती इंटरनेशनल फाउंडेशन बिहार में बाढ़ से निपटने के लिए नई नीतियाँ तैयार करेगा। उनका मानना है कि बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए स्थायी और दीर्घकालिक समाधान की आवश्यकता है, और इसके लिए वे अपने संस्थान के माध्यम से व्यापक स्तर पर काम करेंगे। बिहारटाइम्स डेवलपमेंट फाउंडेशन और एल.एन. मिश्रा कॉलेज में पढ़ाई पूरी करने वाले 1995 बैच के एमबीए छात्रों ने इस अभियान में जो सहयोग दिया है, वह सराहनीय है। इन संगठनों ने निशांत भारद्वाज के साथ मिलकर बाढ़ राहत कार्यों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सामूहिक प्रयासों से बाढ़ प्रभावित लोगों को समय पर सहायता मिली, जिससे हजारों परिवारों की जिंदगी फिर से पटरी पर लौटने लगी है। धरती इंटरनेशनल फाउंडेशन ने आने वाले समय में बिहार में बाढ़ और अन्य पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने के लिए और भी बड़े कदम उठाने की योजना बनायी है। निशांत भारद्वाज का यह अभियान बिहार के लिए एक नई दिशा की ओर इशारा करता है, जिसमें बाढ़ जैसी आपदाओं से निपटने के लिए समर्पित और व्यावहारिक नीतियां बनायी जाएंगी। इस प्रकार, निशांत भारद्वाज और उनकी टीम का यह बाढ़ राहत कार्य न केवल बिहार के लोगों के लिए एक उम्मीद की किरण है, बल्कि पर्यावरण और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### गलत तरीके से कॉलेज करा रहे एसएसआर अपलोड

**आरा**। दानापुर रेलखंड के डुमरांव स्टेशन के समीप ट्रेन से गिरने से एक युवक गंभीर रुप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंचाया गया। जख्मी को प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर कर दिया गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि आरपीएफ पोस्ट डुमरांव के कैपिंग स्टॉप को सूचना मिली कि एक व्यक्ति श्रमजीवी एक्सप्रेस से एक व्यक्ति गिरा हुआ है। कैपिंग स्टॉप ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत मौके पर पहुंच गए। उसी दौरान डायल 112 की टीम भी मौके पर पहुंच गई। कैपिंग स्टॉप प्रधान आरक्षी सुरेन्द्र राम डायल 112 के मदद से जख्मी को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल डुमरांव पहुंचाया। जख्मी युवक राजपुर थाना क्षेत्र के सागरा गांव के सुरेश राजभर का पुत्र अशोक राजभर है। घटना की सूचना मिलते ही जख्मी की पत्नी बबीता देवी और पुत्र सुरज कुमार मौके पर पहुंच गए। युवक के पास से डुमरांव से सिकंदराबाद का समान्य टिकट भी मिला। जख्मी युवक को प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर कर दिया गया। आरा| वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कालेज नैक के आदेशों का अनुपालन नहीं कर रहे हैं। सही तरीके से एसएसआर अपलोड नहीं किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के पूर्व सीनेटर अजय कुमार तिवारी मुनमुन ने इस पर आपत्ति जताया है।

### नेशनल एक्स सर्विसमेंन ने राज्यपाल को भेजा पत्र

**आरा**। नेशनल एक्स सर्विसमेंन को-ऑर्डिनेशन कमिटी रजिस्टर्ड के राष्ट्रीय चेयरमैन पेटी ऑफिसर अशोक कुमार सिंह ने राज्यपाल पत्र लिखकर बिहार राज्य भूतपूर्व सैनिक कल्याण के लिए गठित राज्य प्रबंधन समिति में दो सेवानिवृत्त सैनिकों से जेसीओज और एनसीओज को शामिल करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि राज्य प्रबंधन समिति में कोई प्रतिनिधि नहीं होने से इनकी मूलभूत समस्याओं को उच्चस्तरीय आयोजित बैठकों में शामिल नहीं किए जाते है। कहा है कि अगर आवश्यकता पड़े तो पूर्व की निर्धारित संख्या में संशोधन कर बढ़ाने पर सहानुभूतिपूर्वक विचार-विमर्श करें। ताकि पूर्व सैनिक हित में बने कल्याणकारी योजनाओं का ससमय लाभ ले सकें।

### 20 से जिले में शुरू होगा फुटबॉल का महासंग्राम

**बक्सर**। बजरंग दल फुटबॉल क्लब, बैकुण्ठपुर के द्वारा आगामी 20 अक्टूबर से फुटबॉल मैच का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बिहार के बक्सर, रोहतास तथा भोजपुर जिले के साथ ही उत्तर प्रदेश को मिला कर कुल आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं। आयोजन समिति के चंचल उपाध्याय ने बताया कि स्व. राम राज उपाध्याय फुटबाल मैदान, वैकुण्ठपुर पंचायत, बड़कागांव में मैच 20 अक्टूबर से प्रारम्भ होगा तथा इसका फाइनल 27 अक्टूबर को खेला जाएगा। यह मैच आयोजित हो रहा है। जो टीमें शामिल हो रही हैं उनमें उत्तर प्रदेश की परवनपुरा, बारे, रेवतीपुर, भरौली के साथ ही रोहतास की एक व भोजपुर (आरा) की दो टीमें शामिल हो रही हैं। आयोजन समिति में धीरेंद्र कुमार पाठक, संतोष राय, पवन कुमार उपाध्याय, रितेश पासवान, सोनू चौहान, चंचल उपाध्याय और गुड्डू चौहान शामिल हैं।

### भोजपुरी चित्रकला व नाट्य कला को प्रमुखता से प्रदर्शित करने की जरूरत

**आरा**। भोजपुर के चित्रकारों के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद सुदामा प्रसाद व विधायक शिव प्रकाश रंजन से मुलाकात की। कलाकार कौशलेश कुमार के नेतृत्व में रुखसार परवीन, मोनी कुमारी, मीरा पांडेय, लक्ष्मी शर्मा ने सांसद व विधायक से मुलाकात के दौरान भोजपुरी चित्रकला के भविष्य के बारे में सकारात्मक चर्चा कर इस पारंपरिक कला को व्यापक मान्यता दिलाने पर जोर दिया। रुखसार परवीन ने सांसद को बहुत ही बारीकी से तैयार की गयी भोजपुरी पेंटिंग भेंट की और इसकी कलात्मक बारीकियों के बारे में बताया। मोनी कुमारी ने टिकुली कला में अपने कार्य का प्रदर्शन किया, जिसमें इस दृश्य परंपरा के जटिल विवरण और सांस्कृतिक महत्व पर विस्तार से चर्चा की गयी। सांसद ने भोजपुरी दृश्य कला की संवेदनशीलता और सांस्कृतिक गहराई की सराहना की। उन्होंने भोजपुरी चित्रकला को विश्व स्तर पर बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी और आगामी संसद सत्र के दौरान इस मामले को उठाने की बात कही। उन्होंने राष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भोजपुरी चित्रकला और नाट्य कला को प्रमुखता से प्रदर्शित करने की जरूरत पर बल दिया। विधायक शिव प्रकाश रंजन ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि भोजपुरी चित्रकला को स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रमुख स्थान दिया जाएगा, जिससे क्षेत्र के भीतर इसकी मान्यता और प्रशंसा बढ़ेगी। इस मौके पर दिलराज प्रीतम व जितेंद्र जी मौजूद रहे।

### नल जल योजना के प्रगति की डीएम ने की समीक्षा

**आरा**| जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने बुधवार को पंचायत सरकार भवन, मुख्यमंत्री सोलर लाइट योजना, नल जल योजना, अनुरक्षण व बिजली भुगतान के प्रगति की समीक्षा बैठक की। समीक्षा के क्रम में सोलर लाइट लगाए जाने व मेंटेनेंस की स्थिति का जायजा संबंधित एजेंसी से प्राप्त किया गया और उन्हें निर्देश दिया गया कि प्रखंडों में कोई भी समस्या उत्पन्न हो तो त्वरित गति से उसकी जानकारी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी को उपलब्ध कराएं। एक माह के अंदर किस-किस जगह पर कार्य किया जाना है, इसकी जानकारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिए। साथ ही खराब सोलर लाइट की मरम्मति तीन दिनों के अंदर करने का निर्देश दिए। सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को निर्देश दिये की एजेंसी का पेमेंट ससमय करने और असामाजिक तत्वों द्वारा सोलर लाइट को क्षति पहुंचाया जाता है तो विधि सम्मत कार्यवाही करने का निर्देश दिया। इस मौके पर जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी मौजूद रहे।

### छात्र संघ चुनाव कराने के लिए गतिविधियां हुई तेज

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने छात्र संघ चुनाव कराने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। चुनाव के लिए बनाए गए नोडल पदाधिकारी सह वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के हेड डॉ धीरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि सत्र पूरी तरह नियमित हो चुका है। स्नातक सत्र 2024-28 और पीजी सत्र 2024-26 के नामांकित विद्यार्थियों की सूची की मांग की गई है। ताकि मतदाताओं की सूची का आकलन किया जा सके। उन्होंने बताया कि कुलपति डॉक्टर शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी के आदेशानुसार दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में छात्र संघ चुनाव कराने का समय निर्धारित किया गया है। जल्द ही एसएपट की टीम गठित की जाएगी। चुनाव से संबंधित विस्तृत सूचना जल्द ही प्रकाशित कर दी जाएगी। गौरतलब हो कि इसके पहले वर्ष 2018 में छात्र संघ चुनाव हुआ था। इसके बाद विश्वविद्यालय द्वारा लगातार छात्र संघ चुनाव कराने का आश्वासन दिया जा रहा था। छात्र संगठन लगातार छात्र संघ चुनाव कराने की मांग कर रहे थे।

### गंगा घाटों पर सफाई के नाम पर होती है खानापूर्ति

**बक्सर**। रामरेखा घाट के पौराणिक और धार्मिक महत्व का उल्लेख धार्मिक ग्रंथों में है। तभी तो यहां देश के कोने-कोने से लोग गंगा स्नान के लिए पहुंचते हैं। इतनी महता होते हुए भी स्वच्छता के प्रति नगर परिषद उदासीन है। नगर सरकार का भी ध्यान इस ओर नहीं है। 24 घंटे यहां पर मेला का नजारा रहता है। हर रोज अहले सुबह से ही इस घाट पर गंगा स्नान व पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगने लगती है। खास तो यह है कि हर माह नगर परिषद लाखों रुपये सफाई पर खर्च कर रही है। सूत्रों की मानें लगभग संपूर्ण सफाई का टेंडर लगभग 82 लाख रुपये में किया गया है। इसमें शहर के सभी गंगा घाटों को भी शामिल किया गया है। गंगा घाटों की सफाई के नाम पर सिर्फ और सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। तभी तो रामरेखा पर गंदगी का अंबार है। घाट के किनारे तो कपड़ा, प्लास्टिक की थैली, मिट्टी का कलश व कचरा पसरा हुआ है। घाट पर लगाए गये हर स्टील के रेलिंग अंतिम छोर पर गंदगी और गंदा कपड़ा का अंबार है। स्थानीय लोगों की मानें तो नियमित रूप से विवाह मंडप की भी सफाई नहीं की जाती है। गंगा घाटों पर दो-तीन सफाई कर्मियों को रख दिया गया है। स्थिति यह है कि इसी गंदगी के बीच लोग गंगा स्नान करने के बाद मंदिरों में पूजा-अर्चना करने के लिए जाते हैं।



# रसोई गैस लीकेज की वजह से झुलसे पिता-पुत्री, हालत गंभीर

## बक्सर में खाना बनाने के दौरान हादसा, इलाज के लिए बनारस ले गए परिजन

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर जिले राजपुर देवढिया गांव के एक घर में गुरुवार को खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। जिसमें बाप बेटी बुरी तरह से झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को परिजनों की मदद से जिले के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों घायलों की पहचान देवढिया गांव निवासी निर्मल रावत और उनकी 18 वर्षीय बेटी करिश्मा कुमारी के रूप में हुई है। बेटी 80 प्रतिशत झुलस जाने की वजह से हालत गंभीर है। दोनों पिता-बेटी को इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

**किचन में चूल्हा जलने के दौरान हादसा**: घटना के सम्बन्ध में परिजनों ने बताया कि गुरुवार की सुबह करिश्मा कुमारी किचन में चूल्हा जलने की कोशिश की। तभी अचानक पूरे रूम में आग की लपेटें उठी और बच्ची उसकी चपेट में आ गई। हादसा देख दूर खड़े पिता ने बेटी को बचने के लिए दौड़े तभी देती ने उन्हें पकड़ लिया। इस दौरान दोनों बुरी तरह झुलस गए। हल्ला सुनने के बाद आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हुई। काफी मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया।

**घायलों को बनारस ले गए परिजन**: दोनों घायल पिता-बेटी को बक्सर सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेटी को रेफर कर दिया गया।लेकिन पिता को इलाज के लिए अस्पताल में रोक लिया गया। हालांकि दोनों के बेहतर इलाज के लिए परिजन बनारस लेकर चले गए। वहीं, घटना गैस पाइप लीक होने के कारण हुआ है। बंद कमरे में गैस पूरी तरह से भर गया था। सदर अस्पताल के डॉक्टर अशोक कुमार ने बताया कि दो बर्न पेसेन्ट राजपुर के देवढिया से सदर अस्पताल पहुंचे थे। जिसमें युवती 80% झुलस चुकी थी। हालत काफी गंभीर था। जिसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। पुरुष 30% झुलसा था। जिसे इलाज के लिए एडमिट किया गया था। हालांकि परिजन दोनों को हायर सेंटर लेकर चले गए है।

# श्रीमद् भागवत भक्ति ज्ञान यज्ञ शुरू

निज संवाददाता। आरा



श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्रीमद भागवत भक्ति ज्ञान कथा 7 दिवसीय यज्ञ का शुभारंभ, दरियापुर में हुआ। श्रीमद भागवत भक्ति ज्ञान कथा सह महायज्ञ 16 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक चलेगा। महायज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा से बुधवार को हुआ। कलश यात्रा, दरियापुर काली स्थान से शुरू होकर गोढ़ना रोड, भारी मिल सूर्य मंदिर तक गया। सूर्य मंदिर से जल लेकर महिला व पुरुष श्रद्धालु पीले व आकर्षक परिधानों में सिर पर 551 कलश लेकर गोढ़ना रोड के रास्ते पुनः दरियापुर यज्ञ स्थल पहुंचे। इस यात्रा में हाथी, घोड़ा, बाजा के साथ श्रीमद भागवत कथा व्यास श्री शशि भूषण जी महाराज रथ पर सवार थे। कलश यात्रा से पूर्व गौरी गणेश की पूजन और वरुण आवाहन जलमात्री, स्थलमात्री, जीवमात्री व क्षेत्रपाल आवाहन पूजन किया गया। श्रीमद भागवत भक्ति ज्ञान कथा मंच का उद्घाटन बकरी पंचायत के मुखिया विनय यादव ने किया। श्रीमद भागवत कथा व्यास शशि भूषण जी महाराज ने कहा कि जीव अपना जीवन को सरल और सहज कर धर्म और जाति में न बटकर, संसार के हर प्राणी का सम्मान समझकर, उस जीव पर दया करे। श्रृष्टि के उपक्रम में अपना योगदान करे यही सच्चा धर्म है। भक्ति के दो पुत्र ज्ञान और वैराग्य की बुढ़ापा, प्रभु की कथा श्रवण से युवा अवस्था को प्राप्त किए। यज्ञ में राजकुमार कुशवाहा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# शिविर में 11 लोगों को मिले सहायक उपकरण

निज संवाददाता। गड़हनी



समाज कल्याण विभाग के बैनर तले गड़हनी प्रखण्ड सभागार में दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चिकित्सक सुनील महेंद्र कपूर, स्वास्थ्य प्रबंधक अनिल कुमार व चिकित्सा पदाधिकारी रंजन पाण्डेय के द्वारा किया गया। शिविर जिला से आये डॉक्टर ए के पाण्डेय व धनंजय कुमार के द्वारा जांच कर 11 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण दिया गया वही 51 का रजिस्ट्रेशन किया गया। वही जरूरी कागजात नही लाने के कारण एक भी दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र नही दिया गया। उन सभी लोगो को अगले शिविर में सभी कागजात लेकर बुलाया गया है। कई दिव्यांगजनों ने बताया कि हमलोगों को बताया गया की शिविर में प्रमाण पत्र वितरित किया जाएगा , हमलोगों ने सभी मांगे गए कागज़ भी लाये थे उसके बावजूद भी प्रमाण पत्र नही दिया गया बोला गया कि अगले शिविर में दिया जाएगा लेकिन शिविर से बैरन लौटना पड़ा। वही प्रभारी ने कहा कि अभी प्रमाण पत्र जनरेट नही हुआ है इसलिए नही दिया गया सभी को अगले शिविर में बुलाकर डिजिटल कार्ड दिया जाएगा।

# किसानों का दल कैमूर के लिए रवाना

निज संवाददाता। कोईलवर



नाबार्ड भोजपुर द्वारा प्रायोजित श्रीअन्न विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कोईलवर प्रखंड के विभिन्न ग्रामों से 50 किसानों का समूह कृषि विज्ञान केंद्र कैमूर के लिए प्रस्थान किया। कार्यक्रम को डीडीएम नाबार्ड रंजीत सिंहा तथा कृषि विज्ञान केंद्र भोजपुर के हेड डॉ पीके द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर विदा किया। इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए डीडीएम नाबार्ड ने कहा कि वहां पर मोटे अनाजों से संबंधित विविध कार्यक्रम चल रहे हैं। जिन्हें आपको देखने का अवसर मिलेगा और उसे आप अपने कार्यक्षेत्र में उपयोग कर यहां पर बेहतर उत्पादन एवं प्रसंस्करण का कार्य करेंगे ऐसी आशा है। उन्होंने जानकारी दी की नाबार्ड का प्रयास है कि जिले में इसकी खेती के साथ ही इसका प्रसंस्करण और इसके मूल्य संबंधित उत्पाद बनाई जाए जिससे कि इस कम पानी वाले क्षेत्र में किसानों का समग्र विकास हो सके। किसानों को शुभकामना देते हुए डॉक्टर द्विवेदी ने कहा कि यह कार्यक्रम आपके लिए काफी लाभदायक होगा। उसे केंद्र पर वहां की जो जलवायु है वह आपकी जलवायु से काफी मिलती-जुलती है और कम पानी में कई प्रकार की फसल प्रणाली है। वहां पर विकसित करी गई है जिनको देखकर आप अच्छा अनुभव प्राप्त करेंगे और उसको अगर अपने क्षेत्र में उपयोग में लाते हैं तो निश्चित रूप से आपके जो कार्यक्रम है वह ज्यादा बेहतर होंगे और आपका विकास भी होगा। इस कार्यक्रम के सहयोगी अंत्योदय चेतन मंडल के सचिव रामनाथ ठाकुर ने जानकारी दी कि इसमें 5 से 6 गांव के किसान भ्रमण कार्यक्रम में जा रहे हैं। यह कार्यक्रम दो दिवसीय है और इसमें प्रशिक्षण के साथ-साथ परिक्षेत्र भ्रमण का भी आयोजन किया जा रहा है। जिससे कि सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक दोनों प्रकार की जानकारियां किसानों को प्राप्त हो सके जो उन्हें बेहतर निर्णय लेने की स्थिति में ले जा सके।

## मंत्री नितिन नवीन ने तेजस्वी यादव पर कसा तंज

# बाढ़ में विदेश की यात्रा करने वाले अब कर रहे हैं राजनीति यात्रा, उन्हें क्षमा यात्रा करना चाहिए

निज संवाददाता। बक्सर



एक दिवसीय दौरे पर बक्सर पहुंचे बिहार सरकार नगर विकास एवं आवास, सह जिले प्रभारी मंत्री नितिन नवीन ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तंज कसा। समाहरणालय सभागार में घंटों हुए समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि उन्हें तो अपने गुनाहों की माफी मांगने के लिए क्षमा यात्रा करना चाहिए। नितिन नवीन ने तेजस्वी यादव के बारे में कहा कि लोग बिहार को बाढ़ और अन्य विपदा में छोड़कर विदेश यात्रा पर चले जाते हैं। आज कल तेजस्वी यादव जी राजनीतिक यात्रा कर रहे हैं लेकिन उन्हें क्षमा यात्रा करना चाहिए। इस यात्रा में वो क्या देखने जा रहे है। पिता के समय गड्ढे वाली सड़क या जानवरों वाला अस्पताल।

**केवल परिवार का किया विकास**: नितिन नवीन ने आगे कहा कि तेजस्वी यादव अगर आप यात्रा में जाएंगे तो आपको बिहार की जनता से क्षमा मांगनी चाहिये। दूसरी तरफ यह देखना चाहिए कि विकास किसे कहते हैं। आपने केवल परिवार का विकास किया है। बिहार में नीतीश और भाजपा की सरकार ने विकास कैसे किया ये आप जरूर देखिएगा। राजनीतिक रूप से जो घूम रहे हैं, अच्छा है अनुभव लीजिए लेकिन जो कार्यकर्ता दर्शन की बात आप कर रहे है। चुनाव हारने के बाद उन्हीं कार्यकर्ताओं और विधायकों पर चुनाव हारने का ठीकरा फोड़ दीजिएगा।

साथ ही कहा कि 13 नवम्बर को होने वाले बिहार विधानसभा के चार सीटों पर उपचुनाव में एनडीए की जीत होगी। बता दें कि नितिन नवीन बुधवार की शाम जिला प्रशासन के साथ ही पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ समाहरणालय सभागर में घंटों समीक्षा बैठक की। इस दौरान विभागीय अधिकारियों के कामकाज से काफी असंतुष्ट दिखाई दिए। कई अधिकारियों को उन्होंने शो कॉज कर जवाब देने का निर्देश दिया है।

# विकास के लिए मिली 9.15 करोड़ की राशि, मंत्री नितिन नवीन ने अस्पताल और शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने का आदेश

निज संवाददाता। बक्सर




बिहार के नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन बक्सर पहुंचकर जिला समाहरणालय में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उनके साथ सदर विधायक मुन्ना तिवारी, राजपुर विधायक विश्वनाथ राम, डुमरांव विधायक अजीत कुमार, बक्सर डीएम अंशुल अग्रवाल समेत सभी 20 सूत्री सदस्य मौजूद रहे। इसके दौरान मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना और मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना को लेकर बैठक की गई। जहां बक्सर के विकास के लिए 9.15 करोड़ की राशि को स्वीकृति दी गयी है। मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत बक्सर जिले के 5 नगर निकायों को 9.15 करोड़ की राशि को स्वीकृति दी।

**9.15 करोड़ की राशि को स्वीकृतिः** इस संबंध में मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि बक्सर भगवान राम की शिक्षा नगरी है। यह शहर हमारे देश और राज्य का धरोहर है, जिसका विकास करना हमारा कर्तव्य बनता है। इसलिए हमने जिले के पांचों नगर निकायों को कुल 9.15 करोड़ की राशि को स्वीकृति दी गयी है। इसमें बक्सर नगर परिषद को 4.62 करोड़, डुमरांव नगर परिषद को 2.87 करोड़, चौसा नगर पंचायत को 66 लाख, ब्रहमपुर नगर पंचायत को 54 लाख और ईटाढ़ी नगर पंचायत को 44.98 लाख की राशि अवंटित की गयी है।

**प्रत्येक वर्ष दिए जाएंगे 500 करोड़ रुपएः** राज्य के शहरी क्षेत्रों मे आधारभूत संरचनाओं के विकास हेतु एक ऐसी योजना प्रांरभ की गयी है। जिसमें जल निकास सहित चौड़ी, सुदृढ़, गुणवता युक्त सड़कों के निर्माण एवं जीर्णोद्धार और पार्क, घाटों, जलाशयों इत्यादि का एक साथ प्रावधान हो, ताकि राज्य के सभी शहरी क्षेत्रों में विकास की गति त्वरित हो सके। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु "मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना प्रवर्तित और कार्यान्वित की गयी है।

इस योजना हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 तथा वर्ष 2025-26 के लिए प्रत्येक वर्ष 500 करोड़ रुपए की राशि दी जायेगी। उक्त राशि के 3 गुणा राशि (BOS3) तक की योजनाएं ली जायेगी। ये योजनाएं चिह्नित की जा रही है। बैठक बाद माननीय मंत्री ने आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थी, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी समेत अन्य कई लाभार्थी को सम्मानित किया। वहीं, जिला प्रशासन की और से उन्हें मूर्ति भेंट की गई। बैठक में माननीय मंत्री ने अधिकारियों को मोनेटरिंग करने के शख्त निर्देश दिया। साथ ही अस्पताल और शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

# बिजली विभाग ने स्मार्ट मीटर के लाभों को समझाने के लिए कार्यशाला लगाई

## प्री-पेड स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेसियों ने दिया धरना




निज संवाददाता। आरा

जिला पर्यवेक्षक ललन यादव ने कहा कि उर्जा विभाग के प्रधान आईएस अधिकारी संजीव हंस को स्मार्ट मीटर कम्पनी के द्वारा 3.5 करोड़ की मर्सिडीज एवैच कार गिफ्ट में दिया गया है। सरकार की खुद की जांच एजेंसी ईडी द्वारा जांच के क्रम में करोड़ों रुपये की अवैध सम्पत्ति मिलने के बावजूद संबंधित अधिकारी की आज तक निलंबन या बर्खास्तगी नहीं की गई। यह सब खेल सरकार की पूर्ण जानकारी और संरक्षण में खेला जा रहा है। यह सुशासन की सरकार और भ्रष्टाचार मुक्त बिहार के दावों की कलई खोल रही है। प्री-पेड स्मार्ट मीटर का कांग्रेस विरोध करता है। धरना में शिव कुमार सिंह, सत्यप्रकाश राय, अशोक यादव, डॉ श्रीधर तिवारी, नागेंद्र मिश्र, बिरेन्द्र मिश्र, उपेंद्र सिंह, प्रेम प्रकाश पांडेय, संतोष पांडेय, डॉ श्रीधर तिवारी, जितेंद्र शर्मा, बिजेंद्र यादव, मालती पांडेय, श्रीकांत बाबा, राकेश त्रिपाठी, पन्नग त्रिपाठी, अब्दुल सलाम कुरैसी, मनोज कुमार अंजनी, लाल शरण सिंह, तीर्थनाथ दुबे, सत्यनारायण लाल, अरबिंद सिंह, चिरंजन सिंह, शिव शंकर चौबे, लाल मोहन सिंह, मदन मोहन, रबी राम, लुटावन राम चौरसिया, जमील खां, आनंद तिवारी, बैक्टेश पासवान, नंदजी राम, भरत राम, ललन सिंह कुशवाहा, कुंती देवी, फुलवन्ति देवी, चिंता देवी, उर्मिला देवी, पुष्पा देवी, विश्वनाथ पासवान, मीना देवी, नीरज कुमार, ब्यास मुनि पासवान थे। -धरना में शामिल कांग्रेसी जबरदस्ती स्मार्ट मीटर नहीं लगाये बिजली विभाग : कांग्रेस आरा। भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी ने प्री-पेड स्मार्ट मीटर के विरोध में साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पूर्वी गुमटी के समीप धरना दिया। कार्यक्रम संचालन सत्य प्रकाश राय व धन्यवाद ज्ञापन प्रवक्ता डॉ अमित कुमार द्विवेदी ने किया। धरना में बिहार प्रदेश कांग्रेस से नियुक्त जिला पर्यवेक्षक ललन यादव शामिल थे। अध्यक्षता करते जिलाध्यक्ष अशोक राम ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार उपभोक्ताओं के बिना सहमति से स्मार्ट मीटर लगाना पूर्णतः अव्यवहारिक और गैरकानूनी है। बिहार में बिजली विभाग न्यायालय के आदेश को भी अनदेखा कर सभी घरों में जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगवा रहा है। यह सारा कृत्य केंद्र सरकार के इशारे पर अडानी की निजी एजेंसी को लाभ पहुंचाने के लिए किया जा रहा हैं। सिटी रिपोर्टर | आरा विद्युत आपूर्ति प्रमंडल कार्यालय आरा और जगदीशपुर में सहायक अभियंताओं, कनीय अभियंताओं, लेखापाल, सूचना प्रौद्योगिकी प्रबंधक, लाइनमैन, संवेदकों व सुपरवाइजर्स को स्मार्ट मीटर के लाभों को समझाने के लिए कार्यशाला लगाई गई। विद्युत आपूर्ति अंचल आरा के प्रबंधक (राजस्व) नन्द जी सिंह ने स्मार्ट मीटर में कटने वाली राशि और उसके तरीकों के बारे में जानकारी दी। कहा कि स्मार्ट मीटर लगवाना बिल्कुल निःशुल्क है।

आम नागरिकों के लिए इसमें अभी 6 महीनों तक आधिक्य डिमांड प्रभार नहीं लगता है। पुराने बकायों पर डीपीएस भी हटाने की प्रक्रिया चल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिमाह पुराने बकाए में से पिछले तीन महीनों के औसत मासिक बिल का 25% ही एक माह में लिया जा रहा है। जिससे प्रतिदिन उपभोक्ताओं पर भार नहीं पड़ेगा। यह सुविधा शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध कराने की प्रक्रिया चल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने एक चोरी की पल्सर बाइक सहित दो चोर को किया गिरफ्तार

**भागलपुर।** पुलिस ने एसआई गौतम कुमार के नेतृत्व में चोरी का एक पल्सर बाइक सहित दो चोरों को गिरफ्तार किया है। तथा दोनों चोरों की पहचान सिटू कुमार पिता शेखर यादव तथा राहुल कुमार पिता करू यादव बेलहर थाना क्षेत्र अंतर्गत सुराही गांव के रूप में हुई है। पुलिस के द्वारा दोनों पर बाइक चोरी करने एवं चोरी का बाइक रखने के आरोप में थाना में प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार संध्या गस्ती के क्रम में एसआई श्री कुमार के अन्य पुलिस बलों के सहयोग से बघोनियां नहर पुल के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में एक पल्सर बाइक सवार पर दो व्यक्ति गांव की ओर जा रहा था। दोनों को रोककर नाम पता पूछने पर एक ने अपना नाम विक्रम कुमार घर मुर्गिया टोला संग्रामपुर तथा दूसरे ने अनिल रजक घर गोरगांवा थाना बेलहर बताया। बाइक के संबंध में पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि यह बाइक उनका नहीं है तथा वे मैकेनिक का काम करते हैं। बाइक का लॉक टूटा हुआ था तथा छोटा-मोटा काम उन्होंने किया है। दोनों ने बताया कि वह बाइक वाले के पास लेकर चलते हैं। इसके बाद दोनों ने पुलिस को गोरगांवा मध्य विद्यालय के सामने पूर्व दिशा में एक मोटरसाइकिल मरम्मती के दुकान के पास ले गया। जहां पर बैठा दो व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे पुलिस के द्वारा पकड़ लिया गया। दोनों से नाम पता पूछने पर दोनों ने ऊपर लिखे नाम बताया। कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों ने मोटरसाइकिल एक दूसरे का होने का आरोप लगाने लगे। तथा ना ही किसी प्रकार का कागजात प्रस्तुत किया एवं संतोष पूर्ण जवाब दिया। बाद में अपने कबूलनामे में उन्होंने बताया कि यह बाइक चोरी की है। इसके बाद पुलिस के द्वारा सी ट्रैक ऐप के माध्यम से उक्त मोटरसाइकिल का ट्रेस करने पर बाइक का कागजात दीपक कुमार पेसर रामसागर यादव गांव चकदीवान थाना शेखपुरा का पता चला। कथा कागजात में उपलब्ध मोबाइल नंबर से उनसे संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर 2024 को उनकी उक्त मोटरसाइकिल शेखपुरा एफसी गोदाम से चोरी हो गई थी, जिसका उन्होंने शेखपुरा थाना में 3 अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज कराया है।

### मल्टीपर्पस स्टेडियम का लोकार्पण 14 नवंबर को

**भागलपुर।** बिहार राज्य अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ पटना के सहायक सचिव मणिशंकर गोपाल ने भागलपुर में शिक्षकों के वेतन भुगतान में दोहरी नीति अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने आयुक्त और जिलाधिकारी को पत्र देकर जांच कराने की मांग की है। पत्र में कहा है कि डीपीओ स्थापना के कार्यालय से अलग-अलग शिक्षकों के वेतन का बिल पूर्व में आयकर की कटौती किए बिना भेजे जाने पर जिला कोषागार ने इसे डीपीओ कार्यालय को वापस भेज दिया था। डीपीओ कार्यालय से बिल बिना आयकर की कटौती किए दोबारा कोषागार को भेजा गया। इस पर बिल पास हो गया। भागलपुर | टीएमबीयू में टील्हाकोठी के सामने बने इंडोर मल्टीपर्पस स्टेडियम का लोकार्पण 14 नवंबर को होगा। लोकार्पण कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर करेंगे। टीएमबीयू के पीआरओ डॉ. दीपक कुमार दिनकर ने बताया कि बुधवार को टीएमबीयू के कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने कुलाधिपति से पटना में भेंट कर स्टेडियम के लोकार्पण कार्यक्रम में शिरकत करने का आग्रह किया।

### दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा और पहले में दाखिला विलंब, यह नहीं बताया

**भागलपुर।** भागलपुर सत्रों को नियमित करने में लगातार पीछे छूट जा रहे टीएमबीयू के लिए कुलाधिपति के साथ इस मुद्दे पर होती रही बैठकें कभी आसान नहीं रहीं। कुलाधिपति से कुलपति प्रो. जवाहर लाल को कई बार बैठक में झूठ बोलना पड़ा है कि सत्र नियमित है। जबकि सत्र नियमित रहता नहीं था। कुलपति ने जब भी ऐसा झूठ बोला, उनकी पोल बाद में खुल जाती थी। ऐसे में कुलाधिपति के साथ हुई पिछली बैठक में कुलपति ने पीजी के सत्रों की स्थिति पर इस बार स्वीकार किया कि सत्र 2022-24 का चौथा सेमेस्टर दो महीने लेट चल रहा है। लेकिन यहां भी उन्होंने आधी ईमानदारी ही दिखाई। कुलाधिपति को यह नहीं बताया कि पीजी के सत्र 2023-25 का दूसरा सेमेस्टर भी लेट है और सत्र 2024-26 में नामांकन पूरा नहीं हुआ है, जो जून में ही हो जाना चाहिए था। अब विवि के परीक्षा विभाग ने पीजी के चौथे सेमेस्टर के लंबित सत्र 2022-24 को नियमित करने के लिए परीक्षा और फॉर्म भरने की तिथि तय की तो साथ में सेमेस्टर दो के सत्र 2023-25 की परीक्षा का कार्यक्रम और फॉर्म भरने की तिथि जारी कर खुद ही बता दिया कि सत्र 2023-25 भी लेट है। परीक्षा कार्यक्रम परीक्षा नियंत्रक डॉ. कृष्ण कुमार ने जारी किया है। नामांकन में अब तक साढ़े तीन माह की हो चुकी है देरी पीजी के सत्र 2024-26 में दाखिले में साढ़े तीन महीने की देरी हो चुकी है। नामांकन जून में होकर जुलाई से कक्षाएं होनी चाहिए। लेकिन टीएमबीयू में अभी नामांकन की प्रक्रिया चल ही रही है। इसकी शुरुआत ही अगस्त में हुई। इधर एक बार बाढ़ के कारण देर हुई तो एक बार स्नातक के लंबित रिजल्ट के कारण।

### तेलिया तालाब फ्लाईओवर के पास जल्द बनेगा सर्विस रोड

**मुंगेर।** जिले में बाढ़ का पानी निकलने के बाद अब सभी जगह पर सामान्य स्थिति हो गयी है। निर्माणाधीन फोरलेन सड़क के काम में अब तेजी आ गयी है। निर्माण कार्य स्थल पर अभी एजेंसी के द्वारा पहले जिस जगह पर बाढ़ का पानी प्रवेश किया था, वैसे जगह पर कीचड़ को जेसीबी के माध्यम से निकाला जा रहा है। उसके बाद उस जगह पर डस्ट दिया जा रहा है। जिससे पानी को सुखाया जा सके। अभी कीचड़ निकालने का कार्य जिला मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर तेलिया तालाब के समीप किया जा रहा है। मुंगेर से मिर्जाचौकी के बीच लगभग 5474 करोड़ की लागत से मोंटे कार्लो और एफको कंपनी के द्वारा अलग-अलग क्षेत्र बांटकर कार्य किया जा रहा है। इस परियोजना का काम 2 साल में पूरा होना था, लेकिन अब ढाई साल लग जाएगा। दिसंबर 2024 तक कार्य होना था। इसे अब छह माह के लिए बढ़ा दिया गया, जो अब जून 2025 के लगभग तैयार होने की संभावना है। हालांकि मुंगेर जिला अंतर्गत पाटम घोरघट के बीच लगभग काम पूरा कर लिया गया है और सिर्फ पिचिंग का काम बांकी है। इसके अलावा अभी अन्य कई तरह के कार्य होना बाकी है। पुरानी सड़क को तोड़कर बनाया जाएगा सर्विस रोड एनएचआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रमोद महतो ने बताया कि बाढ़ का पानी निकलने के बाद पाटम रेलवे ट्रैक के समीप आरओबी बनाने के साथ तेलिया तालाब सह जीरोमाइल के समीप फ्लाईओवर का कार्य शुरू करने का आदेश दिया गया है। इसके लिए कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा वाहन के अवागमन में दिक्कतें न हो, इसके लिए सर्विस रोड का निर्माण होना है। यह पुरानी सड़क को तोड़कर बनाया जाएगा। अभी कार्य करने का समय है। इस कारण कम समय में अधिक कार्य को करने के लिए हर जगहों पर कार्य तेज कर दिया गया है।

### खतरनाक घाटों को चिह्नित करें, शुरू कर दें सफाई

**मुंगेर।** दीपावली व छठ पूजा में बनने वाले छठ घाट की तैयारी को लेकर बुधवार को समाहरणालय संवाद कक्ष में नगर निगम पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में प्रभारी नगर आयुक्त कुमार अभिषेक व अन्य मौजूद थे। जिलाधिकारी ने कहा कि 7 व 8 नवंबर 2024 को छठ पूजा मनाया जाना है। मुंगेर जिले में हजारों की संख्या में श्रद्धालु व परवैतिन गंगा के विभिन्न घाटों पर अर्घ्य अर्पित करने के लिए एकत्रित होते हैं। व्रतधारियों व श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए छठ पूजा के अवसर पर सभी घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएगी।

### 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**मुंगेर।** कृषि विज्ञान केंद्र मुंगेर में नवयुवकों एवं नवयुवतियों के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत बुधवार को किया गया। इस मौके पर केवीके के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान मुकेश कुमार ने सभी प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत करते हुए कृषि के नये-नये आयामों की जानकारी दी। इस मौके पर उन्होंने आरपीएल मधुमक्खी पालक विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य नवयुवकों में स्वरोजगार उन्मुखी कार्य की तकनीकी जानकारी देते हुए इसे बढ़ावा देना है। इस दस दिवसीय प्रशिक्षणोपरांत तृतीय पार्टी द्वारा अंतिम परीक्षा पास करने पर सार्टिफिकेट उपलब्ध करायी जाएगी।

# ट्रैक्टर चालक की गोली मारकर हत्या, अज्ञात बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम

निज संवाददाता। भागलपुर

## पोस्टमार्टम के बाद छानबीन में जुटी पुलिस



भागलपुर के मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर चालक की हत्या के बाद पुलिस गुरुवार को पोस्टमार्टम कराकर आगे की करवाई में जुट गई है। मृतक की पहचान अमरपुर थाना क्षेत्र के गंगापुर गड़ेल निवासी संतोष कुमार (28) के रूप में हुई है। जिसकी बीती रात अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद घायल को पुलिस द्वारा मायागंज अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना परिजनों को दी गई। घटना के बाद डीएसपी टू राकेश कुमार, सिटी एसपी के रामदास भी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की।

**मृतक के भाई के बयान के आधार पर छानबीनः** मायागंज अस्पताल पहुंची मृतक की मां ने बताया कि मृतक संतोष जगदीशपुर अमरपुर क्षेत्र से मधुसुदनपुर क्षेत्र में बालू कारोबार में वह ट्रैक्टर चलाता था। देर रात ट्रैक्टर लेकर वह मधुसुदनपुर के तरफ जा रहा था।इसी दौरान अज्ञात युवक ट्रैक्टर पर चढ़ गया। उसे लगा कि उसका कोई साथी है। लेकिन उसे गोली मारकर हत्या कर दी गई। हालांकि पुलिस हत्या के पीछे की वजह का पता अबतक नहीं लगा पाई है। बता दें कि इस मामले में स्थानीय पुलिस और FSL टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक के भाई के दिए गए बयान के आधार पर सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर अनुसंधान की जा रही है। कांड का उद्भेदन और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए डीएसपी 2 के नेतृत्व में एक SIT गठित की गई है।

**पासिंग गिरोह सक्रिय, माफिया बेखौफः** आमलोगों का कहना है कि मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र में पिछले कुछ माह पहले कई दबंग माफियाओं द्वारा अवैध बालू ट्रैक्टर पार कराने का वीडियो सामने आया था। मामला मीडिया में आने के बाद दो चार दिन कारोबार रुका। लेकिन कुछ ही दिनों में बालू का यह खेल फिर शुरू हो गया। भतौडिया, टुटापूल,बेलसिरा होकर ललमटिया, हबीबपुर, नाथनगर होकर सैकड़ों ट्रैक्टर अवैध बालू लेकर देर रात से लेकर सुबह तक निकलते हैं। माफियाओं के भय से लोग सड़क पर चलने और बच्चों को स्कूल भेजने से डरते हैं। स्थानीय पुलिस और खनन विभाग ने मामले पर कोई खास एक्शन नहीं लिया। ट्रैक्टर चालक संतोष कुमार की हत्या मामले में चर्चा है कि वो भी बालू के लिए ही ट्रैक्टर मधुसुदनपुर क्षेत्र होकर चलाता था और बालू लोड करने आ रहा था।

# रजिस्ट्रार- काम में बाधा डाल धमका रहे कर्मी वीसी इन्हें निलंबित करें, मुझे बॉडीगार्ड भी मिले

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर टीएमबीयू में रजिस्ट्रार डॉ. विकास चंद्रा और प्रशासनिक भवन के कर्मचारियों में फिर ठन गई है। डॉ. चंद्रा ने जब विवि में योगदान किया था तब पेमेंट के मामले को लेकर उनकी कर्मचारियों से भिड़ंत हो गई थी। मामला पुलिस तक जाते-जाते बचा था। अब दोनों एक बार फिर आमने-सामने हैं। इस बार कर्मचारियों के फेस्टिवल एडवांस के भुगतान को लेकर दोनों पक्ष में कई बार टकराव हो चुका है।

बताया गया कि अब इसी कड़ी में रजिस्ट्रार ने कुलपति को पत्र देकर पांच कर्मियों को निलंबित कर विवि मुख्यालय से बाहर भेजते हुए विभागीय कार्रवाई करने की अनुशंसा की है। उन्होंने कुलपति को दिए पत्र में रंजीत कुमार, पुष्पराज, संजय, वीरेन्द्र सिंह और राजेश कुमार पर सरकारी काम में बाधा पहुंचाने, धमकाने और धक्कामुक्की करने का आरोप लगाते हुए इन्हें निलंबित कर इनका मुख्यालय विवि से दूर करने और प्रशासनिक कार्रवाई करने की बात कही है। कुलपति परो. जवाहर लाल ने इस पर संज्ञान लेते हुए मामले को गंभीर बताया है। उन्होंने स्थापना शाखा को इस मामले की फाइल तुरंत बढ़ाने को कहा है। रजिस्ट्रार ने कुलपति को नौ अक्टूबर को दिए पत्र में कहा है कि एक अक्टूबर को वह विवि गेस्ट हाउस में गोपनीय कार्य कर रहे थे। सूचना मिली कि कुछ कर्मचारी मिलने आए हैं। वह स्वागत कक्ष में पहुंचे तो वहां 40-50 कर्मचारी थे। वे नियम विरुद्ध मांगों को पूरा कराने के लिए दबाव बना रहे थे। नहीं मानने पर धक्कामुक्की करने लगे। किसी ने कपड़े खींचे तो किसी ने टाई। 27 सितंबर को भी कर्मचारी एफओ के कमरे में घुसकर हल्ला करने लगे थे।

21 अगस्त को रजिस्ट्रार ऑफिस में घुसकर काफी हंगामा किया था और समझौता पत्र पर दस्तखत कराने के लिए रात 9.30 बजे तक उन्हें बंधक बनाए रखा था। कर्मचारियों की यह आदत हो गई है। ऐसे माहौल में सुरक्षित रहते हुए सरकारी काम करना मुश्किल हो गया है। रजिस्ट्रार सुरक्षा की बात कहते हुए बॉडीगार्ड की भी मांग की है। कर्मियों पर जातिसूचक कटाक्ष करते हैं रजिस्ट्रार रजिस्ट्रार के विरोध में कर्मचारियों ने बुधवार को योजना शाखा में बैठक की।

# स्नातक पार्ट दो के ऑनर्स पेपर की परीक्षा में 518 छात्र रहे अनुपस्थित

निज संवाददाता। मुंगेर



मुंगेर विश्वविद्यालय में बाढ़ के कारण स्थगित स्नातक पार्ट-2, सत्र 2022-25 के ऑनर्स विषयों की परीक्षा मंगलवार से दोनों पालियों में शुरू हुई। बुधवार को दोनों पालियों में 23 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 13358 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 518 अनुपस्थित रहे। बुधवार को किसी परीक्षार्थी को कदाचार में निष्कासित नहीं किया गया। पीआरओ डॉ. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि बुधवार को स्नातक पार्ट-2 के ऑनर्स विषयों के प्रथम पाली में ग्रुप सी के पेपर-4 एवं दूसरी पाली में ग्रुप डी के पेपर-4 की परीक्षा हुई। जिसमें पहली पाली में 23 परीक्षा केन्द्रों पर 7458 उपस्थित तथा 303 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में 5900 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 215 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। अब गुरूवार से सब्सिडियरी विषयों की परीक्षा शुरू होगी। जो 26 अक्टूबर तक 23 केन्द्रों पर चलेगी। इधर बुधवार को जमालपुर कॉलेज जमालपुर परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. चंदन कुमार ने बताया कि यहां परीक्षा केन्द्र तो बनाया जाता है। मगर भवन के मरम्मत की जरूरत है। जिसके लिए प्रयास चल रहा है। भवन के अभाव में यहां अधिक संख्या में परीक्षार्थियों को कायदे से बैठाकर परीक्षा लेना संभव नहीं हो पाता है। केन्द्राधीक्षक डॉ. एके पोद्दार परीक्षा के दौरान निरीक्षण करते दिखाई दिए।

# चोरी का आरोप लगाकर एक युवक की जमकर पिटाई, साइकिल लेकर दीवार फांद रह था लड़का, लोगों ने देखा तो बनाया बंधक

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में साइकिल चोरी कर भाग रहे एक युवक को लोगों ने खेदड़ कर पकड़ लिया। उसकी जमकर पिटाई कर दी। पिटाई के बाद युवक को बंधक भी बनाया। घटना मौलानाचक स्थित खानकाह-ए-शहबाजिया के समीप का है। जहां खानकाह-ए-शहबाजिया में 11वीं शरीफ को लेकर तबर्रुक की जियारत को लेकर काफी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग इकट्ठा हुए थे। उसी वक्त किसी व्यक्ति का एक युवक के द्वारा साइकिल चोरी करके भागने का लगा। बता दें कि एक महिला के द्वारा देखा गया कि युवक रेलवे द्वारा दिए गए चार दीवारी को पार करके साइकिल लेकर भाग रहा था। महिला द्वारा स्थानीय लोगों को आवाज दिया गया। जिसके बाद आवाज सुन वहां पर लोग इकट्ठा हो गए। लोग इकट्ठा होते ही चोर को धर दबोचा। जिसके बाद चोर की लोगों ने जमकर पिटाई कर दी। बता दें कि चोर इनकार कर रहा था कि उसने चोरी नहीं की है और वह साइकिल उसकी है। वही स्थानीय लोगों के द्वारा चोर को रस्सी से बांधकर रखा गया और जिसकी चोरी हुई साइकिल है उस व्यक्ति का इंतजार करने लगा।। वहीं जिस पर चोरी का आरोप लगाया था उसने अपनी पहचान इशाकचक थाना क्षेत्र अंतर्गत इशाकचक मोहल्ला निवासी मोहम्मद तनवीर बताया। उसने कहा कि यह साईकिल मेरी है और इधर से जाने के लिए नहीं दिया जा रहा था,इसलिए वह दीवार फांद कर जा रहा था।

वही स्थानीय लोग नूरुद्दीन ने बताया कि एक महिला ने बताया कि उसके मोहल्ले का है वह साइकिल चोरी करके भाग रहा है, तभी हमने देखा कि साइकिल को दीवार पार कर रहा था, हमने उसको रंगे हाथ पकड़ा। अब हम लोग यह पता कर रहे है कि इतनी भीड़ में यह साइकिल किसकी है।वही एक स्थानीय जोगी कुमार ने बताया कि बीते दिन पार्सल ऑफिस के पास से एक पेपर बेचने वाले का साईकिल चोरी करके भाग गया था। पकड़ा है अभी इंतजार कर रहे हैं कि यह साइकिल किसका है उसके बाद जो भी फैसला होगा।

# जिले में इसी माह से सीएनजी की सुविधा व नवंबर से घरों में पहुंचेगी पाइप से रसोई गैस




निज संवाददाता। मुंगेर

मेट्रो सिटी के तर्ज पर मुंगेर व जमालपुर शहरवासियों को अक्टूबर के अंत तक तेलिया तालाब सीएनजी सेंटर से गैस की सुविधा मिलने लगेगी। साथ ही नवंबर के अंत तक घरों में पीएनजी रसोई गैस की आपूर्ति भी शुरू कर दी जाएगी। जमालपुर और मुंगेर में अब तक 4,000 घरों में गैस का कनेक्शन कर दिया गया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन कंपनी के ज्योग्राफिकल एरिया इंचार्ज विकास कुमार तोला ने बताया कि तेलिया तालाब के पास बनकर तैयार सीएनजी सेंटर से सीएनजी गैस की सप्लाई इस माह के अंत तक शुरू हो जाएगी। दुर्गापूजा के दौरान जिला प्रशासन के निर्देश के कारण कार्य में कुछ व्यवधान उत्पन्न हुआ था, जिसे अब कंपलीट कर लिया गया है। इसके अलावा जमालपुर और मुंगेर शहर में अबतक 4,000 घरों में पीएनजी गैस का कनेक्शन लगा दिया गया है। उन्होंने बताया कि नबंवर माह के अंत तक घरों में पीएनजी रसोई गैस की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। मुंगेर व जमालपुर शहर के करीब 40 हजार घरों में पीएनजी का गैस कनेक्शन दिया जाना है। मुंगेर व जमालपुर में 350 किलोमीटर सड़कों की खुदाई कर गैस पाइप लाइन बिछायी जानी है। आईओसीएल के ज्योग्राफिकल एरिया इंचार्ज ने बताया कि पीएनजी गैस नेचुरल रहने के साथ एलपीजी गैस से लगभग 25% सस्ता होगा। उन्होंने कहा कि 1 यूनिट पीएनजी गैस की कीमत 51 रुपए है। मालूम हो कि 16 यूनिट पीएनजी गैस एलपीजी के 14.5 किलो के एक सिलेंडर के बराबर होता है। इसप्रकार पीएनजी के 16 यूनिट की कीमत 810 रुपए होती है, वहीं एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1192 रुपए पड़ता है। ऐसे में उपभोक्ताओं के लिए पीएनजी गैस का उपयोग करने से कीमत में करीब 25% का बचत होगा। जो व्यक्ति पीएनजी गैस का कनेक्शन लेना चाहते हैं, वे आईओसीएल कंपनी कस्टमर केयर पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पहले फेज में करीब 500 घरों में पहुंचाई जाएगी रसोई गैस एरिया इंचार्ज ने बताया कि फेज-वन में 500 से 600 घरों में कमीशन व टेस्टिंग के बाद रसोई गैस की आपूर्ति चालू की जाएगी। इसके बाद करीब 500 घरों में हर महीने पीएनजी गैस आपूर्ति प्रदान की जाएगी। यह काम इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन कर रही है। मालूम हो कि सितंबर माह से फेज-1 के तहत मुंगेर व जमालपुर शहरवासी के घरों में पीएनजी आपूर्ति चालू करने का लक्ष्य था। मुंगेर के हवाई अड्डा, चुआबाग, शास्त्री नगर, कासिम बाजार आदि इलाके में करीब 2000 घरों में पीएनजी मीटर इंस्टॉल कर दिया गया है।


## समाहरणालय, गढ़वा (जिला निर्वाचन शाखा)

(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

**आदेश**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/149/2024 दिनांक 15.10.2024 के अलोक में झारखण्ड विधानसभा आम चुनाव, 2024 के निर्वाचन हेतु गठित मतदान दलों/निर्वाचन कार्य में संबद्ध अन्य दलों/पदाधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु राजकीयकृत +2 गोविन्द उच्च विद्यालय, गढ़वा के परिसर में पूरब तरफ अवस्थित नया भवन का 10 कमरा, नया भवन के पीछे अवस्थित 01 कमरा, नये भवन के उत्तर में अवस्थित 01 हॉल एवं तीन कमरा को चिन्हित किया गया है।

अतः निर्वाचन कार्य में संलग्न मतदान दलों एवं संबद्ध कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु मैं शेखर जमुआर (भा0प्र0से0), जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, गढ़वा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राजकीयकृत +2 गोविन्द उच्च विद्यालय, गढ़वा का सम्पूर्ण परिसर एवं उपस्कर के साथ उपरोक्त चिन्हित कमरों को निर्वाचन कार्य हेतु दिनांक 17.10.2024 से दिनांक 10.11.2024 तक के लिए अधिग्रहित करता हूँ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 339199 Election(24-25)#D

## समाहरणालय, गढ़वा (जिला निर्वाचन शाखा)

(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in)

**आदेश**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/149/2024 दिनांक 15.10.2024 के अलोक में गढ़वा जिला अंतर्गत 080–गढ़वा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र, 081–भवनाथपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 076–डाल्टनगंज (पार्ट) एवं 077–विश्रामपुर (पार्ट) विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि दिनांक 13.11.2024 (बुधवार) को प्रातः 07:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक निर्धारित है।

उक्त के प्ररिप्रेक्ष्य में मैं शेखर जमुआर (भा0प्र0से0), जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, गढ़वा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गढ़वा जिला अंतर्गत अवस्थित सभी मतदान केन्द्र का सम्पूर्ण भवन एवं परिसर (उपस्कर सहित) दिनांक 11.11.2024 से दिनांक 14.11.2024 तक अधिग्रहित करता हूँ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR.NO. 339201 Election(24-25):D

## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ............. दिनांक .................

**आवश्यक सूचना**

कार्यालय ज्ञापांक 3394 दिनांक 05.10.2024 द्वारा अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 14/वर्ष 2024–25 से आमंत्रित की गयी थी। चुनाव आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण अगले आदेश तक आगे की प्रक्रिया स्थगित की जाती है। इसका PR – 338180 है।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 339183 District (24-25)_D

"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहतर सहभागिता"

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

## कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, पलामू

(कार्मिक कोषांग)

Tel. No. (Election Office)- 06562- 224033 E-mail - electionpalamu1@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विधानसभा आम चुनाव–2024 के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु मतदान कर्मियों की नियुक्ति की गयी है। इस क्रम में कुछ मतदान कर्मियों द्वारा आवेदन पत्र के माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य कठिनाई/दिव्यांगता के कारणों से चुनाव कार्य से मुक्त करने का अनुरोध किया गया है।

अतः उक्त के आलोक में स्वास्थ्य जांच एवं Exemption हेतु शिविर की तिथि एवं स्थान निम्नवत है :–

| स्थान का नाम | तिथि एवं समय |
| --- | --- |
| नया समाहरणालय भवन ब्लॉक–A के द्वितीय तल | दिनांक 19.10.2024 से 20.10.2024 पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 3:00 बजे तक |

संबंधित मतदान कर्मी उक्त तिथि को आवश्यक स्वास्थ्य कागजात एवं अपने कार्यालय प्रधान/प्रभारी के अनुशंसा सहित चिकित्सीय दल के समक्ष जांच हेतु शिविर में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, पलामू

PR 339225 Palamu (24-25)_D

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार के बच्चे अब स्कूलों में नहीं होंगे टॉर्चर, बनेगी एंटी चाइल्ड बुलिंग कमेटी

**पटना, एजेंसी।** बिहार में कॉलेजों में एंटी रैगिंग कमेटी की तरह अब स्कूलों में एंटी चाइल्ड बुलिंग कमेटी बनाई जाएगी. इस कमेटी के मध्यम से बच्चे विभिन्न तरह की प्रताड़ना से बचेंगे. इसके लिए राष्टीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने पॉक्सो एक्ट के तहत सभी स्कूलों को दिशा-निर्देश जारी किया है. राज्य के सभी स्कूलों को इसी वर्ष कमेटी बनानी है जो तीन स्तरों पर काम करेगी. पहला, नैतिक मूल्य बताना, दूसरा, अन्य बच्चों के साथ व्यवहार का तरीका सिखाना और तीसरा, बुलिंग करने पर सजा की जानकारी देना. बुलिंग करने वाले बच्चों को सजा के तौर पर सेक्सन बदलना, डांटना, अभिभावक से शिकायत करना आदि अधिकार कमेटी के पास रहेगा. राज्य के माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूलों में एंटी बुलिंग सेल के गठन के बाद इसकी जानकारी राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग को देनी है. जिसकी रिपोर्ट राष्टीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग को भेजी जाएगी. राष्टीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की मानें तो स्कूलों में 70 फीसदी किशोर बुलिंग के शिकार होते हैं. जिसका असर उनकी जीवनशैली के साथ शैक्षणिक माहौल पर होता है. वो डरे सहमे रहते हैं. किसी कमजोर बच्चे पर धौंस जमाना, डराना, मारना, धमकाना या किसी भी तरह से नुकसान पहुंचाने को चाइल्ड बुलिंग कहा जाता है. आए दिन बच्चे इसके शिकार होते हैं. अक्सर देखा जाता है कि कुछ बच्चे आपस में ग्रुप बनाकर किसी एक बच्चे को टारगेट कर उसे परेशान किया करते हैं. उसके साथ मारपीट करते है, गाली देते हैं या फिर उसे गंदी बातें बोल कर चिढ़ाते हैं. राष्टीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की पहल पर अब ऐसी घटनाओं पर विराम लगाया जाएगा. बच्चे बेहतर माहौल में अपनी पढ़ाई करेंगें.

### स्कूल में शिक्षिकाओं को मोबाइल इस्तेमाल करना पड़ा भारी

**पटना, एजेंसी।** बिहार के वैशाली जिले के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गुलजारबाग उर्दू गोरौल में दो शिक्षिकाओं के अनुशासनहीन व्यवहार पर सख्त कार्रवाई की गई है. बुधवार को विद्यालय निरीक्षण के दौरान गोरौल प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कक्षा में मोबाइल का उपयोग करती हुईं शिक्षिकाओं को रंगेहाथ पकड़ लिया. इस घटना ने शिक्षा विभाग को कड़ी प्रतिक्रिया देने पर मजबूर कर दिया. प्रखंड शिक्षा अधिकारी ने कार्रवाई करते हुए सलीमा खातून और जाकिया खातून पर तुरंत एक दिन का वेतन काटने का निर्णय लिया. विद्यालय का निरीक्षण उस समय हुआ जब अधिकारी कक्षाओं में अनुशासन और शिक्षण गुणवत्ता का जायजा लेने पहुंचे थे. कक्षा में पढ़ाई के बजाय शिक्षिकाओं को मोबाइल में व्यस्त देख शिक्षा पदाधिकारी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की. उन्होंने 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण की मांग करते हुए प्रधानाध्यापक से भी जवाब तलब किया. आरोप है कि प्रधानाध्यापक की लापरवाही के कारण स्कूल में शिक्षकों का अनुशासन कमजोर हो गया है और वे अपनी मर्जी से काम कर रहे हैं. इस मामले के बाद स्थानीय शिक्षा विभाग में हलचल मच गई है. शिक्षकों में डर का माहौल बन गया है क्योंकि विभाग की इस कार्रवाई को अनुशासन सख्ती की दिशा में एक संकेत माना जा रहा है. प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने इस घटना की जानकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी दी है ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही से बचा जा सके. शिक्षा विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि विद्यालयों में बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देना शिक्षकों की प्राथमिक जिम्मेदारी है और अनुशासनहीनता को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

### हाजीपुर के रास्ते गुजरने वाली 24 ट्रेनें रद्द, कई रूटों पर दिखेगा असर

**हाजीपुर, एजेंसी।** कोहरे के कारण संरक्षित रेल परिचालन को सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण रेलवे ने हाजीपुर के रास्ते गुजरने वाली हरिहर एक्सप्रेस सहित कुल 24 ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया है। इसके साथ ही कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का मार्ग भी परिवर्तित किया गया है। परिचालन में ये बदलाव 01 दिसंबर 2024 से 28 फरवरी 25 तक होगा। कुछ ट्रेनों का परिचालन रद्द, आंशिक रूप से रद्द तथा कुछ ट्रेनों के परिचालन के दिनों में कमी की गयी है। इस संबंध में पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने निम्न जानकारी दी।

## बाढ़ को लेकर पटना में हुई हाई लेवल मीटिंग

# डीएम सहित सभी सीनियर अधिकारियों को मिल गया नया टास्क

**पटना, एजेंसी।** सितंबर महीने में प्रदेश के 36 जिले दो बार अचानक आई बाढ़ से बुरी तरह से प्रभावित हुए। इन जिलों में दबाढ़ में कितने पुल-पुलिया क्षतिग्रस्त हुए, पानी सप्लाई योजना, सड़कें, बिजली से जुड़ी कितनी आधारभूत संरचना प्रभावित हुई अब सरकार ने जिले से इस संबंध में रिपोर्ट तलब की है। मुख्य सचिव के स्तर पर हुई समीक्षा बैठक के बाद बाढ़ प्रभावित जिलों के डीएम समेत अन्य वरीय पदाधिकारियों को एक पत्र भेजा गया है।



इनमें जानकारी दी गई है कि सितंबर महीने के तीसरे सप्ताह में गंगा नदी में जलस्तर में हुई वृद्धि की वजह से गंगा किनारे के सभी 12 जिले भोजपुर, सारण, बक्सर, पटना, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, खगडिय़ा, मुंगेर, भागलपुर और कटिहार और नालंदा जिले बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। इसके बाद चौथे सप्ताह में गंडक, कोसी और बागमती नदियों के जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि की वजह से पूर्वी, पश्चिम चंपारण के साथ ही सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सारण, दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, मधेपुरा समेत कुल 16 जिले बाढ़ की चपेट में आए थे। सरकार ने इन जिलों के डीएम के साथ ही प्रमुख विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव के साथ ही सचिवों को बाढ़ से हुई क्षति की आकलन रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

जिले अपनी रिपोर्ट में बताएंगे कि बाढ़ से कितने पुल-पुलिया, सड़कें, बिजली से जुड़ी संरचना, पानी सप्लाई लाइन, लघु सिंचाई योजना समेत अन्य संरचना प्रभावित या क्षतिग्रस्त हुई और इससे कितना नुकसान हुआ इसकी जानकारी देंगे। राज्य के बाढ़ प्रभावित 18 जिलों में जिला प्रशासन सामुदायिक रसोई और राहत सामग्री वितरण में मुस्तैद है।

संबंधित जिलों के 92 प्रखंडों में 569 ग्राम पंचायतों के करीब 20.22 लाख आबादी बाढ़ से प्रभावित हुई है। बाढ़ से प्रभावित जिलों में एनडीआरएफ की तीन एवं एसडीआरएफ की 17 टीमों को तैनात किया गया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन द्वारा दो सामुदायिक रसोई केंद्र का संचालन किया जा रहा है। बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच अब तक लगभग 2,18,000 पालिथीन शीट एवं लगभग 2,00,600 ड्राई राशन पैकेट का वितरण किया गया है। आवागमन को सुगम बनाते हुए कुल 730 नावों का परिचालन कराया जा रहा है। लोगों के स्वास्थ्य की देखभाल हेतु पर्याप्त दवाओं के साथ चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## भूमि विवाद में दो सगे भाइयों को तलवार से काटा, एक की हालत गंभीर ; मची अफरा-तफरी

**आरा, एजेंसी।** भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत बिशुनपुर गांव में बुधवार की देर शाम पूर्व से चले आ रहे भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में भिड़ंत हो गई।

इस दौरान दो सगे भाइयों पर तलवार से हमला कर दिया गया। जिसमें एक का हाथ कट गया। दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल,आरा में भर्ती कराया गया है। आरोप अपने ही पट्टीदार पर है। तलवार से हमले में जय करण पासवान के 45 वर्षीय पुत्र दिलीप पासवान और 40 वर्षीय धनंजय पासवान घायल हुए हैं।

इसमें बड़े भाई दिलीप पासवान का एक हाथ कट गया। मारपीट में दिलीप की पत्नी मालती देवी को भी चोटें आई हैं। घायल की पत्नी ने बताया कि पाट्टीदार धर्मेंद्र पासवान से जमीन को लेकर झगड़ा चल रहा है। बाढ़ आने के कारण उनकी मवेशी को गांव के दूसरे ग्रामीण सलाब पासवान द्वार बांधा गया था।

इस दौरान, पट्टीदार ने पगहा कटकर मवेशी को भगा दिया। इसे लेकर विवाद बढ़ गया। इस दौरान विरोध करने पर पट्टीदार के लोगों ने धारदार तलवार से हमला कर दिया। जिसमें दोनों घायल हो गए।

इसके बाद दोनों को इलाज के लिए आरा के सदर अस्पताल लाया गया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। घायल महिला ने धर्मेंद्र पासवान समेत अन्य पर हमला करने का आरोप लगाया है। इधर, भोजपुर के एसपी राज ने तमाम अपराधियों की गिरफ्तारी व कांडों के निष्पादन को लेकर अभियान चलाने का निर्देश दिया है। वे बुधवार की शाम पुलिस कार्यालय में आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी में अफसरों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। बैठक के दौरान अपराध नियंत्रण की समीक्षा की गई।

पुलिस की मासिक उपलब्धियों का आकलन और भविष्य की रणनीतियों को तय किया गया। आफिस के जीर्णोद्धार के बाद एसपी की पहली क्राइम मीटिंग थी। बैठक में एसपी से लेकर एएसपी एवं डीएसपी तक एक ही टेबल पर कुर्सी के साथ बैठे नजर आए। अमूमन पहले सामने सिर्फ एसपी व एएसपी की ही कुर्सी लगती थी।

सभी एसडीपीओ क्षेत्र के थानाध्यक्षों के साथ ही सामने बैठते थे, लेकिन बुधवार को नजारा कुछ बदला दिखा। बैठक के दौरान गंभीर कांडों में त्वरित विचारण कराने एवं समय से गवाहों के उपस्थापन पर भी चर्चा की गई। नियमित रूप से वाहन एवं बाइक चेकिंग को लेकर भी निर्देश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय अन्तर्गत साइबर थाना लिखे जाने पर आपत्ति जतायी और कहा कि सीधे साइबर थाना ही लिखें। बैठक में सदर एएसपी परिचय कुमार, पीरो एसडीपीओ केक सिंह, जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चन्द्र सिंह एवं सदर एसडीपीओ टू रंजीत सिंह समेत सभी इंस्पेक्टर व थानेदार मौजूद थे।

## बिहार में सड़क हादसा, पानी में डूबी बस, पुलिसवालों ने बचायी यात्रियों की जान



**पटना, एजेंसी।** बिहार के खगड़िया में सड़क हादसा हुआ है. यहां यात्रियों से भरी एक बस सड़क किनारे पानी से भरे नहर में चली गयी. इसके बाद बस में मौजूद यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई. कुछ लोगों ने इस बात की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात की गंभीरता को समझते हुए तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया. कुछ पुलिसवाले पानी में उतर गए और बस में फंसे यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का काम किया. अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है.

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अलौली खगड़िया रोड में संतोष गांव के समीप अनियंत्रित होकर बस गड्ढे में डूब गई. इसके बाद मौके पर पहुंचे अलौली थाना अध्यक्ष समरेंद्र कुमार ने अपने ड्यूटी के साथ मानवता दिखाया. मौके पर लोग पानी में जाने से डर रहा था, तो खुद वर्दी खोलकर पलटी बस में घुस कर सर्च किया कि कोई यात्री बस में फंसे तो नहीं हैं. इस हादसे में एक यात्री मामूली रूप से जख्मी हुई हैं. एएनएम मेघौना वंदना नाम बताया जा रहा है.

## भागलपुर के नवगछिया में हाइवा ने किसान को रौंदा, गुस्साए लोगों ने किया सड़क जाम

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर के नवगछिया में एक हाइवा ने किसान को रौंद दिया जिससे उसकी मौत हो गयी. विक्रमशिला सेतु पहुंच पथ के जाह्नवी चौक जयमंगल टोला के पास अज्ञात हाइवा के द्वारा टक्कर मारने से किसान की मौत हो गई. मृतक किसान की पहचान इस्माइलपुर थाना के जयमंगल टोला निवासी बुट्टन मंडल के रूप में की गयी है. मुआवजे की मांग को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया. जिससे विक्रमशिला पुल व पहुंच पथ के दोनों तरफ जाम हो गया. जाम के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा.



बताया गया कि बुट्टन मंडल पांच बजे सुबह खेत जा रहे थे. रोड पार करने के दौरान अज्ञात हाईवा ने उन्हें टक्कर मार दिया. जिससे मौके पर ही बुट्टन की मौत हो गई. घटना के पश्चात हाईवा का ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार हो गया. सड़क हादसे की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और विरोध में सड़क जाम कर दिया. ग्रामीण घटना स्थल के पास ब्रेकर लगाने व मृतक के परिजनों के लिए मुआवजे की की मांग कर रहे थे. पुलिस पोस्टमार्टम के लिए शव को भेजने का प्रयास करती रही लेकिन ग्रामीण शव उठाने का विरोध करते रहे. ग्रामीणों ने सड़क लगभग पांच घंटे तक जाम किया. जाम से दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई. एक ओर जाम विक्रमशिला सेतु से लेकर जीरोमाइल तक वहीं दूसरी ओर जाह्नवी चौक से लेकर खगड़ा तक वाहनों की लंबी कतार थी. जाम में फंसे लोग समान सिर पर रखकर पैदल पुल पार कर रहे थे.

घटना की जानकारी मिलते ही विधायक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल, नवगछिया पुलिस अधीक्षक पूरण कुमार झा, एसडीपीओ ओम प्रकाश, नवगछिया, खरीक, बिहपुर, परवत्ता थाना की पुलिस, जाह्नवी चौक पीओपी की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया. विधायक, खरीक बीडीओ अनील भूषण, इस्माइलपुर बीडीओ सतीश कुमार आदि ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर कर शांत किया. इस्माइलपुर बीडीओ ने मृतक के परिजनों को परिवारिक लाभ योजना के तहत मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया. जिसके बाद लोग माने और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल नवगछिया भेज दिया.

## बेलागंज उपचुनाव : जदयू की महिला प्रत्याशी बनाम आरजेडी के यादव उम्मीदवार

**पटना, एजेंसी।** बेलागंज उपचुनाव में यह तय माना जा रहा कि जदयू इस बार वहां से महिला प्रत्याशी को मैदान में उतारेगा। वर्ष 2005 के बाद प्राय~सभी विधानसभा चुनाव में जदयू ने बेलागंज में अपने प्रत्याशी बदले पर जीत राजद के सुरेंद्र यादव की हुई। यह चर्चा तेज है कि जदयू बेलागंज से इस बार अपने पूर्व विधान पार्षद मनोरमा देवी को टिकट देगा। वैसे अभी इस बात की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। बेलागंज विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में इस बार एक ही जाति के प्रत्याशी के बीच मुकाबले का प्लॉट तैयार हो रहा है। यह तय माना जा रहा कि बेलागंज से लगातार जीतते रहे और अब जहानाबाद के सांसद सुरेंद्र यादव के स्वजन ही बेलागंज उपचुनाव में राजद के उम्मीदवार होंगे।

जदयू से जिन मनोरमा देवी के मैदान में उतरने की संभावना है वह भी उसी जाति की हैं, जिससे सुरेंद्र यादव हैं। लंबी अवधि बाद इस सीट पर दो मुख्य गठबंधन प्रत्याशी एक ही जाति के होंगे।



बेलागंज सीट पर जदयू नियमित रूप से अपना प्रत्याशी देता रहा है पर हार-जीत का मार्जिन बहुत कम नहीं हुआ है, जबकि प्राय~ सभी विधानसभा चुनाव में विगत 2005 के विधानसभा चुनाव से उसने अपने प्रत्याशी बदले हैं। वर्ष 2020 के चुनाव में जदयू ने राजद के सुरेंद्र यादव के मुकाबले में अभय कुशवाहा को अपना प्रत्याशी बनाया था। अभय कुशवाहा अब औरंगाबाद से राजद के सांसद हैं। वर्ष 2020 के चुनाव में जदयू के अभय कुशवाहा को राजद के सुरेंद्र यादव के साथ सीधे मुकाबले में 32.81 प्रतिशत वोट (55745) आए थे। वहीं, सुरेंद्र यादव को 46.91 प्रतिशत ( 79708) वोट आए थे। जीत का अंतर बड़ा था। वर्ष 2015 में जदयू को महागठबंधन में यह सीट नहीं मिली थी। वर्ष 2010 के विधानसभा चुनाव में जदयू के प्रत्याशी मो. अमजद थे। उन्हें तब 48441 वोट मिले थे, जबकि 52079 वोट लाकर सुरेंद्र यादव उस समय भी चुनाव जीत गए थे। फरवरी 2005 में जब विधानसभा चुनाव हुआ था तब लोजपा की टिकट पर अमजद अली यहां सुरेंद्र यादव के मुकाबले दूसरे नंबर पर थे। वहीं, जब अक्टूबर 2005 में पुन~ विधानसभा चुनाव हुआ तो मो. अमजद को जदयू ने अपना उम्मीदवार बना दिया। मुकाबला कांटे का हुआ अमजद को 27125 वोट मिले और 33475 वोट लाकर सुरेंद्र यादव को चुनाव में जीत हासिल हुई थी।

## शराब माफियाओं पर बिहार में लगेगा सीसीए, मंत्री रत्नेश सदा करेंगे सीएम नीतीश कुमार से बात

**पटना, एजेंसी।** बिहार से मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सदा का बड़ा बयान सामनेआया है. शराब पीने से मौत के मामलों पर दुख जताते हुए मंत्री ने कहा है कि शराब माफिया और कारोबारियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जायेगा. शराब माफिया और कारोबारियों पर सीसीए लगाया जाएगा. उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से वे खुद इसे बारे में बात करेंगे. उन्होंने कहा कि जो भी दारू बना रहा है या कच्चा दारू का इस्तेमाल कारोबार के लिए कर रहा है, उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा. बाहर से दारू लाकर बेचने और पिलानेवालों पर भी कार्रवाई होगी. जो भी दोषी होंगे वे बख्शे नहीं जाएंगे.

मंत्री रत्नेश सदा ने यह भी कहा कि इस मामले पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विभाग के सेक्रेट्री से बात करेंगे और शराब माफिया के खिलाफ सीसीए लगाया जाएगा. उन्होंने दावा किया कि बिहार में शराबबंदी का बहुत फायदा हुआ है, लेकिन सामाजिक जागरुकता भी बहुत जरूरी है. जब तक शराब माफिया का प्रतिकार सामाजिक स्तर पर नहीं होगा, तबतक शराबबंदी का पूरा लाभ नहीं मिलेगा. शराबंदी के कारण कोई भी प्रत्यक्ष तौर पर न तो शराब बेच सकता है और नहीं पी सकता है. यह शराबबंदी से संभव हुआ है. पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री रत्नेश सदा ने कहा कि सीवान और छपरा में जो घटना पिछले दो तीन दिनों में हुई है वह बहुत दुखद है. मंत्री ने कहा कि घटना के बाद उत्पाद अधीक्षक और मद्य निषेध विभाग के पदाधिकारी प्रभावित क्षेत्र में कैंप कर रहे हैं. मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दिया गया है.

# आरा जंक्शन पर ठहरने वाली कई ट्रेनें 1 दिसंबर से रहेंगी रद्द

**आरा, एजेंसी।** दिसंबर से कोहरा शुरू होने की संभावना को देखते हुए दानापुर रेल मंडल के अंतर्गत आरा जंक्शन पर ठहराव वाली कई ट्रेनों का परिचालन में बदलाव व रद्द किया गया है। हाजीपुर रेलवे जोन के मुख्य सूचना जन संपर्क पदाधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि ठंड के दिनों में कोहरे के कारण संरक्षा के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है।

कोहरे के कारण संरक्षित रेल परिचालन को सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से 1 दिसम्बर से 28 फरवरी 2025 तक कुछ ट्रेनों का परिचालन रद्द व आंशिक रूप से रद्द व कुछ ट्रेनों के परिचालन के दिनों में कमी की गई है। जिसमे गाड़ी सं. 22198 वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी)-कोलकाता एक्स छह दिसंबर से 10 जनवरी तक रद्द रहेगी। गाड़ी सं. 15621 कामाख्या-आनंद विहार एक्सप्रेस 5 दिसम्बर से 27 फरवरी तक रद्द रहेगी।

गाड़ी सं. 14003 मालदा टाउन-नई दिल्ली एक्सप्रेस तीन दिसम्बर से एक मार्च तक रद्द रहेगी। गाड़ी सं. 12327 हावड़ा-देहरादून उपासना एक्सप्रेस तीन दिसम्बर से 28 फरवरी तक रद्द रहेगी। वहीं परिचालन के दिनों में कमी कर के चलायी जाने वाली ट्रेनें जिसमे गाड़ी सं. 12988 अजमेर-सियालदह एक्सप्रेस प्रत्येक मंगल, गुरू एवं शनिवार को रद्द व गाड़ी सं. 12987 सियालदह-अजमेर एक्सप्रेस - प्रत्येक बुध, शुक्र एवं रविवार को रद्द रहेगी।

गाड़ी सं 12505 कामाख्या-आनंद विहार नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस - प्रत्येक रवि एवं बुधवार को रद्द रहेगी। वहीं, गाड़ी सं. 12506 आनंद विहार-



कामाख्या नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस - प्रत्येक मंगल एवं शुक्रवार को रद्द रहेगी। गाड़ी सं. 15483 अलीपुरद्वार-दिल्ली सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस - प्रत्येक बुध एवं शनिवार को रद्द रहेगी।

वहीं, गाड़ी सं. 15484 दिल्ली-अलीपुरद्वार सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस - प्रत्येक शुक्र एवं सोमवार को रद्द रहेगी। गाड़ी सं. 22405 भागलपुर-आनंद विहार गरीबरथ एक्सप्रेस प्रत्येक गुरुवार को रद, वहीं गाड़ी सं. 22406 आनंद विहार-भागलपुर गरीबरथ एक्सप्रेस - प्रत्येक बुधवार को रद्द रहेगी।

कोहरे के कारण संरक्षित रेल परिचालन को सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से 01 दिसंबर से लेकर 28 फरवरी2025 तक कुछ ट्रेनों का परिचालन रद/आंशिक रूप से रद् तथा कुछ ट्रेनों के परिचालन के दिनों में कमी की गयी है। पूर्व मध्य रेल पूर्णिया कोर्ट - अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट वाया सहरसा होकर चलनेवाली ट्रेन नंबर 14617 एवं 14618 जनसेवा एक्सप्रेस ट्रेन को आगामी ठंड के मौसम में होनेवाले कोहरे के कारण इसका परिचालन रद कर दिया है।

पूर्णिया कोर्ट -अमृतसर के बीच प्रतिदिन चल रही जनसेवा गाड़ी संख्या 14617 पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस का परिचालन 03 दिसंबर 24 से 02 मार्च 25 तक रद कर दिया गया है। वहीं गाड़ी संख्या 14618 अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट जनसेवा एक्सप्रेस का परिचालन 01 दिसंबर 24 से 28 फरवरी 25 तक रद्द कर दिया गया है।

जनसेवा कोसी इलाका की सर्वाधिक राजस्व देनेवाली ट्रेन है। यह जानकारी पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने देते हुए बताया कि पूर्व मध्य रेल के विभिन्न मंडल क्षेत्र में 24 ट्रेनों के परिचालन को कोहरे के कारण रद किया गया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

## संक्षिप्त समाचार

### हटिया से लगातार चौथी बार कोई नहीं बन पाया विधायक



**हटिया, एजेंसी।** हटिया विधानसभा सीट का इतिहास बहुत पुराना नहीं है. यह सीट 1977 में बनी थी. अब तक इस विधानसभा सीट पर 11 बार चुनाव हुए हैं. इसमें 10 बार चुनाव हुए हैं जबकि एक बार उप-चुनाव हुआ है. यहां के पहले विधायक सुबोधकांत सहाय थे. सहाय ने लगातार 3 बार इस सीट का प्रतिनिधित्व किया. इस सीट से लगातार चार बार कोई प्रत्याशी विधायक नहीं बन पाया है. सुबोधकांत सहाय के साथ-साथ रामजीलाल सारडा और नवीन जायसवाल भी इस सीट से तीन-तीन बार चुनाव जीत चुके हैं. अभी नवीन जायसवाल इस सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं. दो बार इस सीट से लाल गोपाल शरण नाथ शाहदेव भी चुनाव जीते हैं. वर्ष 1985 में अंतिम बार हटिया विधानसभा क्षेत्र का नेतृत्व करने वाले सुबोधकांत सहाय वर्ष 1989 में सांसद बन गये थे. 1990 में इस सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के रामजीलाल सारडा विधायक चुने गये. 1995 में भी सारडा लगातार दूसरी बार जीते. वर्ष 2000 में हुए चुनाव में भी सारडा ने हटिया विधानसभा सीट से जीत दर्ज की. वर्ष 2005 में भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया. लेकिन, रामजीलाल सारडा निर्दलीय मैदान में उतर गये. उन्हें छह हजार से कुछ अधिक मत मिले थे. वर्ष 2009 के चुनाव में भाजपा ने रामजीलाल सारडा को फिर से टिकट दिया. लेकिन, सारडा जनता के विश्वास पर खरा नहीं उतर सके. कांग्रेस के गोपाल शरण नाथ शाहदेव चुनाव जीते. 2009 में चुनाव जीतने वाले गोपाल शरण नाथ शाहदेव के निधन के बाद 2012 में हुए उप चुनाव में नवीन जायसवाल पहली बार विधायक बने. वे आजसू के टिकट से चुनाव जीते थे. 2014 में श्री जायसवाल झाविमो के टिकट से चुनाव लड़े. उन्होंने भाजपा की सीमा शर्मा को हराया था. चुनाव जीतने के कुछ माह बाद ही वह भाजपा के साथ हो लिये. अगले चुनाव (2019) में भाजपा ने श्री जायसवाल को टिकट दे दिया. श्री जायसवाल ने कांग्रेस के अजय नाथ शाहदेव को इस चुनाव में हराया.

### 2019 के विधानसभा चुनाव में 9 सीटों पर 5000 से कम वोटों से हुई थी हार-जीत

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो गयी है. इसके साथ ही पिछले चुनाव में मिले वोटों के जोड़-घटाव का गणित भी शुरू हो गया है. वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में राज्य में कुल 81 विधानसभा सीट में से नौ सीटों पर हार-जीत का अंतर पांच हजार से कम वोट का था. इन सीटों पर जीतने व हारने वाले प्रत्याशियों के बीच कड़ा मुकाबला था. इन 9 सीटों में से पांच सीट पर भाजपा व दो-दो सीट पर झामुमो व कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी. जिन नौ सीटों पर पांच हजार से कम वोट के अंतर से हार-जीत का फैसला हुआ था- उनमें नाला, जामा, जरमुंडी, कोडरमा, गोड्डा, मांडू, बाघमारा, सिमडेगा व देवघर शामिल हैं. इनमें से कोडरमा, गोड्डा, मांडू, बाघमारा व देवघर में भाजपा प्रत्याशी को जीत मिली थी. इनमें से तीन सीट कोडरमा, गोड्डा व देवघर में राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी दूसरे स्थान पर रहे थे. जबकि, बाघमारा में कांग्रेस व मांडू में आजसू के प्रत्याशी दूसरे स्थान पर थे. नाला व जामा में झामुमो तथा जरमुंडी व सिमडेगा में कांग्रेस को जीत मिली थी. इन सीटों पर भाजपा प्रत्याशी दूसरे स्थान पर रहे थे. इनमें सिमडेगा में सबसे कम 285 व बाघमारा में 824 वोट से प्रत्याशी को जीत मिली थी. पिछले विधानसभा चुनाव में 10 ऐसी सीटें थीं, जहां हार-जीत का फैसला 10 हजार से कम वोटों के अंतर से हुआ था. इनमें से आधी सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी. जबकि, तीन पर झामुमो व एक-एक सीट पर कांग्रेस व एनसीपी के प्रत्याशी को जीत मिली थी. भाजपा को जिन पांच सीटों पर जीत मिली थी, उनमें विश्रामपुर, रांची, तोरपा, सिंदरी व चंदनकियारी शामिल है. गांडेय, घाटशिला व गुमला में झामुमो, खिजरी में कांग्रेस व हुसैनाबाद में एनसीपी को जीत मिली थी. इनमें से चार सीट दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की है. रांची व खिजरी विधानसभा सीट पर भी कांटे की टक्कर थी. रांची में भाजपा को 5904 व खिजरी में कांग्रेस प्रत्याशी को 5469 वोट से जीत मिली थी. खिजरी में भाजपा व रांची में झामुमो के प्रत्याशी दूसरे स्थान पर रहे थे.

# सीएम हेमंत का जनता के नाम संदेश, कहा- समाज को तोड़ने वाली राजनीति के खिलाफ लड़ना है



**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जेल से लौटकर सत्ता की बागडोर संभालने के 100 दिन पूरे हो गये हैं. इस मौके पर उन्होंने सोशल मीडिया के जरिये एक संदेश जारी किया है. सीएम ने लिखा कि चुनाव आयोग ने झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है. विधानसभा चुनाव में हमें भाजपा और विपक्ष के धनतंत्र, झूठ, साजिश और समाज को तोड़नेवाली राजनीति के खिलाफ मिलकर लड़ना है. आपके विश्वास और समर्थन के साथ हम मिलकर एक समृद्ध, विकसित और खुशहाल झारखंड का निर्माण करेंगे. दिशोम गुरुजी के सपनों का झारखंड बनकर रहेगा.

सीएम हेमंत ने आगे लिखा : दिसंबर 2019 में मैंने राज्य की बागडोर संभाली. झारखंड रूपी इस पेड़ को विपक्ष ने 20 वर्षों तक दोनों हाथों से लूटा. हमने इस पेड़ की जड़ों को मजबूत करने का सशक्त प्रयास किया. कोरोनाकाल में पूरे देश में ऑक्सीजन सप्लाई करनेवाला भी झारखंड पहला राज्य बना. हमने 'सरकार आपके द्वार' के तहत लाखों राज्यवासियों को कई कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा. लाखों परिवारों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली दी और बकाया बिल माफ किया. किसानों का दो लाख रुपये तक का ऋण माफ किया. लाखों माताओं-बहनों व बेटियों को मंईयां सम्मान समेत कई योजनाओं से जोड़ा. सीएम ने कांटाटोली फ्लाइओवर से लेकर अन्य आधारभूत संरचनाओं के लिए किये गये कार्यों का भी जिक्र किया.

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा : 1932 खतियान आधारित नीति, पिछड़ा वर्ग को 27% आरक्षण, सरना आदिवासी धर्म कोड का अधिकार और हो, मुंडारी व कुड़ुख भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराना झारखंड की अस्मिता से जुड़े मुद्दे हैं. विपक्ष द्वारा फैलाये गये झंझावातों के बावजूद हमने इन्हें विधानसभा से पारित करा कर केंद्र सरकार को भेजा. राज्य के इतिहास में पहली बार आदिवासी महोत्सव मनाया गया.

सीएम ने कहा : 20 वर्षों तक नियमावली ही नहीं बनी थी. हमने नियमावली बनायी, नियोजन नीति बनायी. विपक्ष ने उसे पिछले दरवाजे से रद्द करवाकर युवाओं के साथ साजिश की. हमने पेपर लीक रोकनेवाला सख्त कानून भी बनाया. अड़चनों को दूर कर झारखंड के हजारों युवाओं को नौकरी देने का प्रयास किया. हजारों पदों पर 75% से 100% तक नियुक्तियां हुईं. निजी क्षेत्र में स्थानीय को रोजगार के लिए 75% आरक्षण लागू किया.

## झामुमो से टिकट की चाह में आवेदन देने की होड़, 51000-51000 रुपए देकर 500 लोगों ने लिए फॉर्म




रांची, एजेंसी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) में जिन प्रत्याशियों को टिकट की चाह होती है, उन्हें सबसे पहले पार्टी कार्यालय में एक निर्धारित फॉर्म भरकर आवेदन देना पड़ता है. आवेदन जमा करने के साथ ही 51 हजार रुपये की फीस भी पार्टी फंड में जमा करनी पड़ती है. इधर, चुनाव की घोषणा होते ही पार्टी के कार्यालय में आवेदन जमा करने की होड़ मची हुई है. अब तक 500 से अधिक लोगों ने फॉर्म लिया है. लोग फॉर्म भर कर जमा भी कर रहे हैं.

बुधवार को मांडू विधानसभा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता फागु बेसरा ने आवेदन जमा किया. उन्होंने कहा कि मांडू विधानसभा सीट झामुमो का स्वाभाविक दावा वाली सीट है. सहयोगी दल इसे चाहते हैं, पर यह सीट झामुमो की पारंपरिक सीट रही है. उन्होंने कहा कि दलबदलू को क्षेत्र की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी. वरीयता के हिसाब से भी इस सीट पर उनका दावा बनता है.

झामुमो ने एक आवेदन फॉर्म छपवाया है. इसमें विधानसभा क्षेत्र का नाम, पार्टी में कब से सदस्य हैं और सदस्यता संख्या की जानकारी देनी होती है. शैक्षणिक योग्यता, जाति, विवाह आदि का विवरण देना पड़ता है. सामाजिक कार्यों का ब्योरा भी देना पड़ता है. फॉर्म में प्रखंड अध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्ष के हस्ताक्षर भी लेने पड़ते हैं. इसके बाद इसे 51 हजार के डिमांड ड्राफ्ट के साथ प्रदेश कार्यालय में जमा करना पड़ता है.

### एसटी के लिए आरक्षित इस सीट पर जेएमएम और बीजेपी के बीच सीधा मुकाबला

**पोटका, एजेंसी।** पोटका विधानसभा अनुसूचित जनजाति की आरक्षित सीट है. इस विधानसभा क्षेत्र में 3,09,894 वोटर हैं. इस सीट पर 1977 से ही भूमिज जनजाति के नेताओं का कब्जा रहा है. यहां से वर्तमान में झामुमो के संजीव सरदार विधायक हैं. उन्होंने 2019 में तीन बार की विधायक भाजपा की मेनका सरदार को 43110 वोटों से हराया था. इस सीट पर हमेशा झामुमो और भाजपा के बीच मुकाबला रहा है. इस सीट से माझी रसराज टुडू, सनातन माझी व हाड़ीराम सरदार ने दो-दो बार और सनातन सरदार व मेनका सरकार ने तीन-तीन बार प्रतिनिधित्व किया है. पोटका में डिग्री कॉलेज की स्थापना विधायक संजीव सरदार की पहल पर हुई. सीएम शिलान्यास कर चुके हैं. काम चल रहा है. पोटका एवं डुमरिया में 30-30 बेड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाये जा रहे हैं. पोटका में वृहद जलापूर्ति योजना के तहत घर-घर जल पहुंचाने का काम चल रहा है. प्रखंड की 34 पंचायतों के घरों में नलों से पानी पहुंचाने व बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी में शुद्ध पेयजल पहुंचाने का कार्य प्रगति पर है. प्रसिद्ध मुक्तेश्वर धाम हरिणा को पर्यटन स्थल बनाने की प्रक्रिया जारी है. वन विभाग द्वारा हरिणा मुक्तेश्वरधाम में बायो डायवर्सिटी पार्क का निर्माण कराया जा रहा है.

## प्रदेश की धनबाद और झरिया सीट पर हुई थी सबसे कम वोटिंग, इस बार अधिकारियों ने अपनाया नया उपाय

**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। राजनीतिक दल अपनी बाजी खेल रहे हैं, वहीं जिला प्रशासन के लिए भी शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाने की चुनौती है।



धनबाद जिले में छह विधानसभा सीटें हैं। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान झरिया विधानसभा क्षेत्र में ही सबसे कम मतदान प्रतिशत दर्ज किया गया था, जबकि सबसे ज्यादा सिंदरी विधानसभा क्षेत्र में रहा था।धनबाद जिले में धनबाद, झरिया, सिंदरी, निरसा, टुंडी और बाघमारा विधानसभा क्षेत्र आते हैं। पिछली बार के विधानसभा चुनाव के दौरान सिंदरी में 71.58 प्रतिशत वोटिंग हुई थी, जबकि टुंडी में 68.91 प्रतिशत, निरसा में 68.17 और बाघमारा में 62.8 प्रतिशत मतदान रिकार्ड किया गया था।

वहीं, धनबाद और झरिया ऐसे विधान सभा क्षेत्र थे जहां मतदान 53.31 और 52.71 प्रतिशत ही हो पाया था। बीते लोकसभा चुनाव के दौरान भी झरिया की स्थिति अन्य के मुकाबले सबसे कम थी। वहीं धनबाद पांचवें पायदान पर रहा था।

विधानसभा चुनाव 2019 और लोकसभा चुनाव 2024 की तुलना करें तो इसमें मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हुई थी। सबसे कम मतदान वाले झरिया और धनबाद में सबसे अधिक मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी देखी गई थी। विधान सभा चुनाव की तुलना में लोकसभा चुनाव के दौरान धनबाद में 3.18 प्रतिशत और झरिया में 3.13 प्रतिशत की बढ़त हुई थी।

इस बार झरिया विधानासभा में 346 नहीं बल्कि 340 मतदान केंद्रों पर मतदान कराने की तैयारी को लेकर प्रशासन कदमताल शुरू कर दिया है। झरिया विधानसभा बस्ताकोला उत्क्रमित मध्य विद्यालय चांदमारी के बूथ संख्या एक से शुरू होता है व अंतिम बूथ 346 चासनाला विवाह मंडप में समाप्त होता था।

लोकसभा चुनाव 2024 में भी 346 बूथों पर ही मतदान हुआ था। लेकिन कुछ मतदान केंद्रों में मतदाता कम होने के कारण उन्हें दूसरे बूथ में समाहित कर दिया गया है। इससे इवीएम मशीन, चुनाव कर्मचारी व पुलिस बल में भी कमी आएगी।

इस बार बूथ संख्या 17 के बाद से मतदान केंद्रों की संख्या में बदलाव हुआ है। लेकिन पूर्व में जिन केंद्रों व स्थलों में मतदाता मतदान करते थे उसमें ही मतदान करेंगे। क्योंकि मतदान केंद्र भवन में कोई भी बदलाव नही हुआ है। बूथ संख्या में बदला रहेगा। इसे लेकर प्रचार-प्रसार भी शुरू हो गया है।

लोकसभा चुनाव 2024 में झरिया के कुल दो लाख 94 हजार 245 मतदाता में एक लाख 58 हजार 862 पुरुष व एक लाख 35 हजार 381 महिला व दो अन्य मतदाता शामिल थे। वहीं विधानसभा चुनाव 2024 में करीब सात हजार से अधिक नए मतदाताओं का नाम अब तक जुड़ चुका है।

तीन लाख एक हजार 564 मतदाताओं में एक लाख 59 हजार 623 पुरुष व एक लाख 41 हजार 925 महिला व 16 अन्य मतदाता जोड़े गए हैं। जो प्रत्याशियों के नामांकन तक और भी जुड़ने की उम्मीद है।

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा ने भी यह साफ कर दिया है कि इस बार वोटिंग प्रतिशत बढ़ाना एक चुनौती है। इस बार विशेष रूप से 18 से 19 साल के युवा मतदाताओं पर फोकस किया जा रहा है। पूरे धनबाद जिले में इनकी संख्या 76,656 है। यदि यह तबका मतदान करता है तो निश्चित तौर पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सफलता मिलेगी।

## सरायकेला में जंगली हाथी ने युवक को पटक कर मार डाला, वन विभाग पर आक्रोशित हुए ग्रामीण

**सरायकेला, एजेंसी।** सरायकेला-खरसावां जिला के चांडिल थाना अंतर्गत सुकसारी गांव में गुरुवार की सुबह करीब 6 बजे झुंड से बिछड़ा एक जंगली हाथी ने युवक को पटक कर मार डाला. युवक की पहचान चांडिल के कंगलाटांड़ निवासी श्यामल मुर्मू (34 वर्ष) के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार गांव में हाथी आने पर श्यामल मुर्मू ग्रामीणों के साथ हाथी को भगा रहा था तभी झुंड से बिछड़ा हाथी ने श्यामल मुर्मू को अपनी चपेट में लेकर कुचलकर मार डाला.

घटना के बाद वन विभाग के प्रति ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया. इधर, घटना की सूचना मिलते ही चांडिल थाना की पुलिस व वन विभाग की टीम सुकसारी गांव पहुंची. इसके बाद मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर चांडिल अनुमंडल अस्पताल ले आयी. अनुमंडल अस्पताल पर मौजूद ग्रामीणों ने वन विभाग के प्रति अपनी नाराजगी देखी गई. ग्रामीणों ने कहा कि विगत कई महीनों से इस क्षेत्र में जंगली हाथियों का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है. लेकिन इसे रोकने में वन विभाग



नाकाम साबित हुई है.

ग्रामीणों ने कहा कि जब भी वन विभाग को 'हाथी भगाव दस्ता' के साथ हाथी भगाने की मांग की जाती है तो वह सिर्फ खानापूर्ति करती है. जब उनसे हाथी को भगाने के लिए जब टॉर्च, पटाखे, मोबिल आदि की सुविधाओं की डिमांड करती है तो वह टॉर्च, पटाखे, मोबिल खत्म होने की बात कहकर लौटा देती है.

हादसे की सूचना मिलने पर भाजपा नेता पप्पू वर्मा चांडिल अनुमंडल अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली. इस दौरान भाजपा नेता पप्पू वर्मा ने कहा कि विगत कई महीनों से ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में जंगली हाथियों का प्रकोप काफी बढ़ गया है और वन विभाग सिर्फ मूकदर्शक बनी हुई है.

## सड़क पर डोभा का नजारा, बांस-बल्ली के सहारे बिजली की आपूर्ति

**रांची, एजेंसी।** झारखंड की राजधानी रांची के नयाटोली (सिमलिया) में 500 से ज्यादा घर हैं. यहां की आबादी 2000 के करीब पहुंच गयी है. यह इलाका तेजी से बढ़ रहा है. घर-मकान और आबादी में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है, पर आधारभूत संरचना का विकास यहां बिल्कुल नहीं है.

सड़क, बिजली, पानी हर मामले में यह इलाका काफी पिछड़ा है. करीब 20 वर्षों से यहां लोग निरंतर बस रहे हैं, लेकिन विकास पर किसी का ध्यान नहीं है. 10 साल पहले जो सड़क बनी थी, उसकी आज तक मरम्मत नही हुई है. सड़क पर डोभा का दृश्य और बांस-बल्ली के सहारे लोगों के घरों तक बिजली की आपूर्ति इस इलाके की पहचान हो गयी है.

राजधानी रांची के नयाटोली (सिमलिया) में रहने वाले लोग वर्षों से अपने इलाके की तकदीर व तस्वीर बदलने को लेकर सरकारी महकमे के पास दौड़ लगा रहे हैं पर, स्थिति में सुधार के बजाय तेजी से बिगड़ती जा रही है.

एनएच-23 (रांची-बेड़ो मार्ग) फोरलेन से घुसते ही जर्जर सड़क का नजारा दिखने लगेगा. यह सड़क नोबा नगर से नयाटोली होते हुए सिमलिया में रिंग रोड के पास निकलती है. सड़क की चौड़ाई करीब 60 फीट की है.

बावजूद इसके, स्थिति यह है कि हर 10 फीट पर सड़क पर गड्ढे हैं. पक्की सड़क बिल्कुल कच्ची कीचड़ वाली हो गयी है. गड्ढे में कितना पानी भरा है, इसका अंदाजा भी नहीं लगता. बरसात में दशा बिल्कुल खराब हो गयी है. दोपहिया वाहन चालक गिर कर जख्मी हो रहे हैं. इस सड़क से गुजरना जोखिम भरा हो गया है.

यहां के कई निवासियों को अपने घर तक बांस-बल्ली के सहारे बिजली लानी पड़ी है. कई लोगों के घरों तक पोल नहीं पहुंचाया गया है. यह स्थिति दुर्घटना को आमंत्रित कर रही है. यहां हर घर में पानी के लिए अपनी सुविधा है. सरकारी सुविधा नहीं पहुंची है. अभी पानी पहुंचाने के लिए पाइप लगाने का काम चल रहा है, पर पानी कब पहुंचेगा, यह कोई नहीं बता रहा है.

## तेजस्वी यादव कल रांची में, आरजेडी नेताओं के साथ करेंगे बैठक, 19 अक्टूबर को राहुल गांधी का कार्यक्रम

**रांची, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी 19 अक्तूबर को रांची पहुंचेंगे. वह राजधानी के शौर्य सभागार में आयोजित संविधान सम्मान सम्मेलन में हिस्सा लेंगे. साथ ही साथ वे विभिन्न सामाजिक संगठन, जातीय संगठन, संविधानविद, शिक्षाविद सहित समाज के प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठक करेंगे. सम्मेलन में पांच सौ प्रतिनिधियों को बुलाया गया है. इधर सम्मेलन की तैयारी को लेकर पार्टी व अलग-अलग संगठन जुटे हैं. वहीं, तेजस्वी यादव भी कल रांची आएंगे. इसके बाद वे राजद कार्यकर्ताओं संग मुलाकात कर सीट शेयरिंग पर चर्चा करेंगे.

वहीं, लोकसभा के नेता प्रति पक्ष राहुल गांधी के आगमन को लेकर कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे ने बताया कि पासवा के बैनर तले यह कार्यक्रम आयोजित होगा. उन्होंने कहा कि दिल्ली से आये प्रतिनिधि प्रतिष्ठा सिंह, मनोज त्यागी और अनिल जैन की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. बुधवार को कार्यक्रम स्थल का



मुआयना करने प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव सहित कई नेता शौर्य सभागार पहुंचे.

डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने संविधान,लोकतंत्र एवं सामाजिक न्याय को लेकर आम जनों तक मजबूती के साथ अपनी बात रखी. वे लोकसभा चुनाव के बाद पांच प्रदेशों में संविधान सम्मान समारोह कर वहां के लोगों के साथ संवाद करके उनके विचारों को आत्मसात कर रहे हैं. भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से भी उन्होंने पूरे हिंदुस्तान को नजदीक से समझने की कोशिश की थी. इसी कड़ी में झारखंड के सामाजिक, जातिगत, बौद्धिक, शैक्षणिक, संविधानविद, प्रोफेसर,डॉक्टर और इंजीनियर के साथ संवाद करेंगे. कांग्रेस नेता सुबोध कांत सहाय, लाल किशोर नाथ शाहदेव डॉ राजेश गुप्ता और डॉ कुमार राजा कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं.

इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग के मुद्दे को लेकर 18 अक्तूबर को बैठक होगी. इसी दिन पटना से राजद नेता तेजस्वी यादव रांची पहुंचेंगे. वहीं कांग्रेस के भी कई नेता रहेंगे. वामदल के नेता भी इस बैठक में रहेंगे. इनकी बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ होगी. बताया गया कि इसी दिन सीट शेयरिंग पर फैसला लिया जायेगा. इसके ठीक अगले दिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी रांची आयेंगे. बताया गया कि 18 को सीट शेयरिंग पर फैसला लिया जायेगा.

# झारखंड के 8 जिलों में मूसलाधार बारिश का अलर्ट, दो दिन तक सावधानी बरतने की अपील

**रांची।, एजेंसी।** राजधानी व आसपास के जिलों में बुधवार की शाम हुई झमाझम वर्षा जहां शहरी क्षेत्र के लिए आफत बनकर आई तो ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों के लिए राहत बनकर बरसी। बंगाल की खाड़ी में बने डिप्रेशन का असर झारखंड व अन्य राज्यों में भी देखने को मिल रहा है। बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी ने राहत दी है।इसका असर आगामी दो दिनों तक देखने को मिलेगा। इस कारण कई जिलों में दो दिनों तक वर्षा होगी। शाम में हुई वर्षा के कारण रांची के कई हिस्सों में जलजमाव की समस्या उत्पन्न हुई। नालों में अटी गंदगी के कारण नाले का गंदा पानी उफनकर बाहर निकलने लगा और सड़कों पर जमा हो गया।

इस वर्षा ने नगर निगम की सफाई व्यवस्था की पोल भी खोलकर रख दी है। कोकर, बूटी, लालपुर, हिंदपीढ़ी, धुर्वा, कडरू, हरमू जैसे क्षेत्रों में जलजमाव से आमजनों की परेशानी बढ़ गई।कई जगहों पर पेड़ की टहनियां गिर गईं



और कुछ देर के लिए ट्रैफिक कंजेशन की स्थिति का भी सामना करना पड़ा। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में इस वर्षा का अच्छा परिणाम देखने को मिल रहा है। कृषि विज्ञानियों के अनुसार इस वर्षा ने धान की अंतिम सिंचाई की पूर्ति कर दी है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची द्वारा जारी पूर्वानुमान की बात करें तो राज्य में अगले 5 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

केंद्र के अनुसार, 17 अक्टूबर को राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्से यानी देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद के अलावे दक्षिणी हिस्से यानी पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां के साथ साथ निकटवर्ती मध्य भाग यानी रांची, रामगढ़, गुमला, हजारीबाग, बोकारो और खूंटी के कई हिस्सों में हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा की संभावना है।

राजधानी रांची में 18 अक्टूबर तक आंशिक बादल छाए रहेंगे और मेघगर्जन के साथ वर्षा होने की संभावना है। वहीं दूसरी ओर मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने अलर्ट जारी करते हुए आमजनों विशेषकर किसानों को खेत जाने से पूर्व सतर्क और सावधान रहने की सलाह दी है।

मेघगर्जन और वर्षा होने की स्थिति में सुरक्षित स्थान में शरण लें। पेड़ के नीचे खड़ा न रहे। बिजली के पोल से दूर रहें। किसान अपने खेत में न जाएं। मौसम सामान्य होने का इंतजार करें। बिजली के उपकरणों का उपयोग न करें, जैसी हिदायत भी दी गई है।

## जमशेदपुर पूर्वी से कांग्रेस के इस दिग्गज नेता का कट सकता है टिकट, बन्ना गुप्ता का नाम फाइनल

**जमशेदपुर, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा चुनाव में जमशेदपुर पूर्वी और पश्चिमी की सीट पहले की तरह इस बार भी कांग्रेस के खाते में जा सकती है. वैसे तो कांग्रेस से टिकट के लिए कई लोगों ने दावेदारी की है. लेकिन सूत्रों की मानें तो जमशेदपुर पूर्वी से डॉ अजय कुमार और बन्ना गुप्ता की दावेदारी काफी मजबूत मानी जा रही है. खास कर जमशेदपुर पश्चिमी से सीटिंग विधायक और वर्तमान में मंत्री बन्ना गुप्ता के चुनाव लड़ने पर किसी को शक नहीं है.

बन्ना गुप्ता को कांग्रेस प्रत्याशी बनायेगी, यह लगभग तय माना जा रहा है. हालांकि, इस सीट से धर्मेंद्र सोनकर, राकेश तिवारी समेत कई अन्य नेताओं ने दावेदारी की है. वहीं जमशेदपुर पूर्वी सीट पर एआइसीसी कोर कमेटी के सदस्य और पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार काफी मेहनत कर रहे हैं. डॉ अजय का भी टिकट लगभग फाइनल माना जा रहा है. इसकी वजह है कि आलाकमान को डॉ अजय कुमार से ज्यादा मजबूत कैंडिडेट नहीं मिल रहा है. वैसे पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे भी मजबूत दावेदार हैं, लेकिन पहले भी वे चुनाव लड़ चुके हैं. उन्हें हार का सामना करना पड़ा था. इस कारण उनको



इस बार टिकट मिल पायेगा, इसकी उम्मीद कम है. हालांकि, आनंद बिहारी दुबे इस बार भी पूरी जोर-आजमाइश में लगे हुए हैं.

डॉ अजय कुमार के विरोधी आनंद बिहारी दुबे का समर्थन कर रहे हैं. वैसे डॉ अजय कुमार वर्तमान में कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य हैं तथा झारखंड में कांग्रेस के बड़े चेहरों में से एक हैं. इस सीट पर अशोक चौधरी, रघुनाथ पांडेय, राकेश्वर पांडेय, रामाश्रय प्रसाद, विजय खां समेत कई नेता दावेदार हैं, लेकिन फाइनल डॉ अजय कुमार को ही टिकट मिलेगा, ऐसी उम्मीद जतायी जा रही है.

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# आरएसएस की स्थापना विजयादशमी के दिन ही क्यों हुई?

## कानून-व्यवस्था पर चुनौती

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और नेता बाबा सिद्दीकी की विजयादशमी के दिन मुंबई के बांद्रा में हुई हत्या अगर अचानक सबसे बड़े चुनावी मुद्दे के रूप में उभरती दिख रही है तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं। विधानसभा चुनावों के ऐन पहले हुई इस हत्या ने न केवल सबको सकते में डाल दिया बल्कि यह सवाल भी खड़ा कर दिया कि क्या देश की वित्तीय राजधानी एक बार फिर गैंगवॉर और अंडरवर्ल्ड के खौफ वाले दौर का गवाह बनने जा रही है। सड़कों पर शूटआउट, गैंगवॉर और बड़े कारोबारियों, बिल्डरों, फिल्मी हस्तियों को धमकियां, वसूली, यहां तक कि हत्या भी मुंबई के लिए कोई नई बात नहीं हैं। नब्बे के दशक के उस दौर की यादें आज भी आम मुंबईकरों के मन से मिटी नहीं हैं। लेकिन कुछ तो मुंबई पुलिस की सख्ती और कुछ आर्थिक गतिविधियों के स्वरूप में आए बदलाव ने उस दौर को अतीत के हिस्से का रूप दे दिया। सिद्दीकी की हत्या से वही डरावना अतीत अचानक वर्तमान में दस्तक देता महसूस हुआ। जिस तरह पहले से धमकी देकर और बाय-लेवल पुलिस सुरक्षा को भेदते हुए बाबा सिद्दीकी की हत्या कर दी गई, वह अपराधियों के बढ़े हुए मनोबल के साथ ही पुलिसिया तंत्र की कमजोरी भी दर्शाता है। शुरुआती रिपोर्टों में अपराध को अंजाम देने और उसकी जिम्मेदारी लेने के अंदाज के आधार पर इसे लॉरेंस बिश्नोई गैंग की करतूत बताया जा रहा है। हो सकता है यह सच हो, लेकिन 'सलमान खान का साथ देना' इतनी बड़ी वारदात का कारण होगा, यह मानना मुश्किल है। ध्यान रहे, इन चुनावों में धारावी री-डिवेलपमेंट प्रॉजेक्ट एक बड़ा मुद्दा है। खुद बाबा सिद्दीकी भी ईडी जांच के घेरे में थे। उन पर महाराष्ट्र हाउसिंग बोर्ड के चेयरमैन पद के दुरुपयोग का आरोप था। इस मामले में 462 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त हो चुकी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि जांच से हत्या के असली कारणों का खुलासा होगा। मगर सबसे बड़ी चुनौती है वित्तीय राजधानी में कानून-व्यवस्था की स्थिति को बिगड़ने नहीं देने की। हाल के दिनों में मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में ऐसी कई घटनाएं हुईं जिनसे यह संकेत गया कि पुलिस-प्रशासन की कानून-व्यवस्था पर पकड़ कमजोर हो रही है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी इस घटना के बाद सबसे पहले यही कहा कि गैंगवॉर जैसे हालात किसी भी सूरत में नहीं बनने देना है। उनके ये शब्द ही सरकार और प्रशासन की सबसे बड़ी कसौटी होंगे।

## अंतरिक्ष से निगरानी

भारत जब चारों ओर से प्रतिकूल स्थितियों से घिरता दिख रहा है, तब देश की सुरक्षा या निगरानी के लिए किया जाने वाला कोई भी इंतजाम स्वागत योग्य है। देश की सुरक्षा के मोर्चे पर यह किसी खुशखबरी से कम नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने अंतरिक्ष आधारित निगरानी (एसबीएस) मिशन के तीसरे चरण को मंजूरी दे दी है। जल, थल और नभ की पूरी निगरानी के लिए किया जा रहा यह कार्य देश को गर्व की अनुभूति करा रहा है। ध्यान रहे कि इस परियोजना को रक्षा मंत्रालय में एकीकृत मुख्यालय के तहत रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय द्वारा नियंत्रित किया जा रहा है। ऐसे सुरक्षा कार्यक्रमों को गोपनीय रखना चाहिए, पर यह हर्ष और कौतूहल का भी विषय है, इसलिए इसकी एक सीमा में रहते हुए चर्चा स्वाभाविक है। भारत एक उदार लोकतांत्रिक देश है और देश से जुड़ी बुनियादी सूचनाओं से देशवासियों को लैस करने में कोई बुराई नहीं है। आकाश में उपग्रहों का जाल बिछाकर किस तरह से देश की सुरक्षा और सूचना जरूरतों को पूरा किया जाएगा, इसके बारे में देशवासी जरूर जानना चाहेंगे। शुरुआती सूचनाओं के अनुसार, भारत सरकार निजी क्षेत्र को साथ लेकर देश के निगरानी तंत्र को मजबूत कर रही है। यह समय के अनुरूप उठाया गया कदम है। कम से कम 52 उपग्रह अंतरिक्ष में छोड़े जाएंगे, जिन पर 26,968 करोड़ रुपये तक खर्च होंगे। इसरो 21 उपग्रहों का निर्माण करेगा और 31 उपग्रह निजी कंपनियों द्वारा तैयार किए जाएंगे। यह सूचना भी आज बहुत उपयोगी हो गई है कि अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के समय साल 2001 में अंतरिक्ष आधारित निगरानी तंत्र की शुरुआत चार उपग्रहों के साथ हुई थी। उसके बाद दूसरे चरण में साल 2013 में मनमोहन सिंह की सरकार के समय छह उपग्रह छोड़ने का फैसला हुआ था, उसके बाद अब जाकर तीसरे चरण का फैसला हुआ है। इसमें एक राय यह भी है कि अंतरिक्ष से निगरानी का काम अपेक्षाकृत कम गति से हो रहा है। देश की निगरानी व संचार जरूरतों को देखते हुए इसमें और तेजी आनी चाहिए।

**(प्रह्लाद सबनानी)**

स्वामी विवेकानंद के इस विचार को डॉक्टर हेडगेवार ने व्यवहार में बदल दिया। उनका मानना था कि हिंदुओं को एक ऐसे कार्य दर्शन की आवश्यकता है जो इतिहास और संस्कृति पर आधारित हो, जो उनके अतीत का हिस्सा हो और जिसके बारे में उन्हें कुछ जानकारी हो। भारतीय परंपरा में, 'आश्विन शुक्ल दशमी' को, अक्षय स्फूर्ति, शक्तिपूजा एवं विजय प्राप्ति का दिवस माना जाता है। किसी भी शुभ, सात्विक एवं राष्ट गौरवकारी कार्य को प्रारंभ करने के लिए यह मुहूर्त सर्वोत्तम माना गया है। विजयादशमी का यह उत्सव आसुरी शक्तियों पर दैवी शक्तियों की विजय का प्रतीक है। विजयादशमी के दिन ही सतयुग में भगवती मां दुर्गा के रूप में दैवी शक्ति ने महिषासुर का मर्दन किया था। त्रेतायुग में प्रभु श्रीराम ने वनवासियों का सहयोग लेकर, उन्हें संगठित कर तथा सेतु-निर्माण कर, दुष्ट रावण की आसुरी शक्तियों का विनाश किया था। तथा, इसी प्रकार द्वापरयुग में श्रीकृष्ण के मार्गदर्शन में दैवी शक्तियों ने आसुरी शक्तियों का विध्वंस किया था। कलयुग में प्रतिकूल परिस्थितियों में भी हिंदुत्व का स्वाभिमान लेकर हिंदू पद-पादशाही की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा सीमोल्लंघन की परंपरा का प्रारंभ भी इसी पावन दिवस पर किया गया था। और, रामलीला तथा दुर्गापूजा इन दोनों उत्सवों को, इस विजयशाली दिवस की पावन स्मृति को, लोकमानस में बनाए रखने की दृष्टि से ही, मनाया जाता है।विजयादशमी के पावन दिवस पर शस्त्र-पूजन की परंपरा भी है। 12 वर्ष के वनवास तथा 1 वर्ष के अज्ञातवास के पश्चात् पांडवों ने अपने शस्त्रों का पूजन इसी दिन किया था तथा उन्हें पुनः धारण किया था। विजयादशमी के दिन ही, परमपूज्य आद्य सरसंघचालक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जी ने नागपुर के मोहिते के बाड़े में संवत् 1983 तदनुसार 27 सितंबर 1925 ईसवी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी, अर्थात् राष्ट जीवन में शक्ति का निर्माण करने के लिए संकल्पित संघ का कार्य भी इसी

> *अतएव हिंदुस्तान का संरक्षण करना हो तो हिंदू संस्कृति का संरक्षण करना हमारा पहला कर्तव्य हो जाता है। हिंदुस्तान की हिंदू संस्कृति ही नष्ट होने वाली हो तो, हिंदू समाज का नामोनिशान हिंदुस्तान से मिटने वाला हो, तो फिर शेष जमीन के टुकड़े को हिंदुस्तान या हिंदू राष्ट्र कैसे कहा जा सकता है? क्योंकि राष्ट्र, जमीन के टुकड़े का नाम तो नहीं हैज्ज यह बात एकदम सत्य है।*

दिन के शुभ मुहूर्त से प्रारंभ हुआ था। वर्ष 2014 में विजयादशमी दिवस का विशेष महत्व है क्योंकि संघ अपनी स्थापना के 100वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, अर्थात् संघ का यह सौवां विजयादशमी उत्सव है। मुगलकाल एवं ब्रिटिश शासनकाल के अंतर्गत हिन्दू लोक जीवन विखंडित हो गया था। हिन्दू धर्म के मूल रहस्यों से अनभिज्ञ आक्रांताओं ने न केवल वैयक्तिक अधिकारों का हनन किया अपितु हिन्दू धर्म के मूल ग्रंथों को भी नष्ट कर दिया। 1000 वर्षों तक सनातन संस्कृति विधर्मियों के प्रहार को झेलती हुई लगभग मृतप्राय बना दी गई थी। साथ ही, जिस खंडकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई थी वह मुस्लिम तुष्टिकरण का काल था। वर्ष 1920 में देश में खिलाफत आंदोलन शुरू हुआ। मुसलमानों का नेतृत्व मुल्ला-मौलवियों के हाथों में था। इस खंडकाल में मुसलमानों ने देश में अनेक दंगे किए। केरल में मोपला मुसलमानों ने विद्रोह किया। उसमें हजारों हिंदू मारे गए। मुस्लिम आक्रांताओं के आक्रमण के कारण हिंदुओं में अत्यंत असुरक्षिता की भावना फैली थी। हिंदू संगठित हुए बिना मुस्लिम आक्राताओं के सामने टिक नहीं सकेंगे, यह विचार अनेक लोगों ने प्रस्तुत किया और इस प्रकार हिंदू हितों के रक्षार्थ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई। शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि 'संघ शक्ति कलौ युगे' अर्थात् कलयुग में संगठन ही सर्वोपरि है। इस वाक्य के अनुरूप ही संघ में संगठन को विशेष महत्व प्रदान किया जाता है। अब आवश्यकता है कि मूल्य परक हिन्दू जीवन पद्धति जिससे न केवल मानव अपितु प्रकृति एवं जीव-जन्तु जगत का भी उत्थान सम्भव है, उसे पुनः प्रतिष्ठित किया जाए। इस प्रकार, संघ के प्रयासों से भारत में विस्मृत राष्टभाव का पुनर्जागरण प्रारम्भ हुआ है। भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में शायद ही कोई ऐसा संगठन रहा होगा जो अपनी स्थापना के समय से ही निर्धारित किए गए अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की ओर लगातार सफलतापूर्वक आगे बढ़ता जा रहा है। मार्च, 2024 में संघ की नागपुर में आयोजित प्रतिनिधि सभा की बैठक में उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 922 जिलों, 6597 खंडों एवं 27,720 मंडलों में 73,117 दैनिक शाखाएं हैं, प्रत्येक मंडल में 12 से 15 गांव शामिल हैं। समाज के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में संघ की प्रेरणा से 40 से अधिक विभिन्न संगठन अपना कार्य कर रहे हैं जो राष्ट्र निर्माण तथा हिंदू समाज को संगठित करने में अपना योगदान दे रहे हैं। देश में राजनैतिक कारणों के चलते संघ पर तीन बार प्रतिबंध भी लगाया गया है- वर्ष 1948, वर्ष 1975 एवं वर्ष 1992 में - परंतु तीनों ही बार संघ पहिले से भी अधिक सशक्त और मुखर होकर भारतीय समाज के बीच उभरा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 'हिंदू' शब्द की व्याख्या सांस्कृतिक राष्टवाद के संदर्भ में करता है जो किसी भी तरह से (पश्चिमी) धार्मिक अवधारणा के समान नहीं है। इसकी विचारधारा और मिशन का जीवंत सम्बंध स्वामी विवेकानंद, महर्षि अरविंद, बाल गंगाधर तिलक और बी सी पाल जैसे हिंदू विचारकों के दर्शन से हैं। विवेकानंद ने यह महसूस किया था कि 'सही अर्थों में एक हिंदू संगठन अत्यंत आवश्यक है जो हिंदुओं को परस्पर सहयोग और सराहना का भाव सिखाए'। स्वामी विवेकानंद के इस विचार को डॉक्टर हेडगेवार ने व्यवहार में बदल दिया। उनका मानना था कि हिंदुओं को एक ऐसे कार्य दर्शन की आवश्यकता है जो इतिहास और संस्कृति पर आधारित हो, जो उनके अतीत का हिस्सा हो और जिसके बारे में उन्हें कुछ जानकारी हो। संघ की शाखाएं इस महान कार्य को आगे बढ़ाते हुए 'स्व' के भाव को परिशुद्ध कर उसे एक बड़े सामाजिक और राष्ट्रीय हित की भावना में मिला देती हैं। संघ की शाखाओं में अनोखी पद्धति का अनुपालन करते हुए युवाओं में राष्ट्रीयता का भाव विकसित किया जाता है। शाखा की इस अनोखी पद्धति की सराहना आज पूरे विश्व में ही की जा रही है। वस्तुतः यह कह सकते हैं कि हिंदू राष्ट को स्वतंत्र करने व हिंदू समाज, हिंदू धर्म और हिंदू संस्कृति की रक्षा कर राष्ट को परम वैभव तक पहुंचाने के उद्देश्य से डॉक्टर साहब ने संघ की स्थापना की। आज संघ का केवल एक ही ध्येय है कि भारत को पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित किया जाय। संघ के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार जी की दृष्टि हिंदू संस्कृति के बारे में बहुत स्पष्ट थी एवं वे इसे भारत में पुनः प्रतिष्ठित कराना चाहते थे।

# हरियाणा में जीती बाजी हार गई कांग्रेस

**(सुरेश हिंदुस्तानी)**

हरियाणा में भाजपा की पुनः सरकार बनने का रास्ता अब साफ हो गया है, लेकिन कई मायनों में इसे भाजपा की सफलता नहीं माना जा सकता। चुनाव से पूर्व के राजनीतिक हालात भाजपा के पक्ष में कभी भी दिखाई नहीं दिए और न ही भाजपा सरकार के कामकाज से जनता प्रसन्न ही थी। अभी हाल ही में देश के दो महत्वपूर्ण राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के बाद अब तस्वीर स्पष्ट हो चुकी है। जहां हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने अप्रत्याशित रूप से लगातार तीसरी बार सत्ता प्राप्त की है, वहीं धारा 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर में हुए चुनाव में भाजपा को खासी सफलता नहीं मिली। जम्मू कश्मीर में भाजपा को इस बार कुछ अच्छा होने की प्रत्याशा थी, लेकिन वहां धारा 370 की प्रबल समर्थक नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को बहुमत मिला है। इसका आशय यही निकलता है कि जम्मू कश्मीर के घाटी वाले हिस्से में मिला जुला जनादेश मिला है। वहीं हरियाणा की बात की जाए तो इस प्रदेश में कांग्रेस की असफलता का एक बड़ा कारण गठबंधन नहीं होना ही माना जा रहा है। हरियाणा में कांग्रेस को यह गुमान हो गया था कि वह अपने दम पर सरकार बनाने में सफलता हासिल कर लेगी, लेकिन कांग्रेस को एक बार फिर निराश होना पड़ा। कांग्रेस की इस पराजय ने इंडी गठबंधन के अन्य दलों ने कांग्रेस की कार्यशैली पर सवाल भी उठाए हैं। यह सत्य है कि अगर हरियाणा में भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों में समन्वय हो जाता तो शायद परिणाम भिन्न हो सकते थे, लेकिन कांग्रेस ने इंडी गठबंधन के अन्य दलों की अनसुनी करके अपनी पराजय का मार्ग तैयार कर लिया। अब कांग्रेस इस हार को प्रादेशिक नेतृत्व के सिर मढ़कर केंद्रीय नेतृत्व को बचाने की जुगत में लग गई है। जबकि पूरे चुनाव में केंद्रीय नेतृत्व की अप्रत्यक्ष कमान संभाल रहे राहुल गांधी बेहद सक्रिय दिखाई दिए। सभी जानते हैं कि कांग्रेस जीत के प्रति पूरी तरह से आशान्वित थी। यहां तक कि कांग्रेस ने जीत के जुलूस की भी व्यापक तैयारी की थी। हालांकि हरियाणा में कांग्रेस के पास खोने के लिए कुछ नहीं था। क्योंकि वह सत्ता में नहीं थी। हरियाणा कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व भी इस बात को जानता था कि अगर उसको सत्ता मिल जाती तो इसका श्रेय प्रादेशिक नेताओं को कभी नहीं मिलता, लेकिन हार का हथोड़ा उनके सिर पर ही फोड़ा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि कांग्रेस के अंदर ही प्रादेशिक नेताओं में गंभीर जोर आजमाइश चल रही थी, इसका कारण सत्ता प्राप्ति के मुख्यमंत्री पद की चाहत ही था। लेकिन इस राजनीतिक अस्तित्व को दिखाने और सामने वाले के मिटाने के खेल ने ही कांग्रेस को ज़मीन पर लाकर खड़ा कर दिया है। कांग्रेस हरियाणा में लम्बे समय से सत्ता प्राप्ति के लिए संघर्ष कर रही थी। इसका एक कारण यह भी माना जा सकता है कि कांग्रेस के नेताओं ने लम्बे समय तक शासन का सुख भोगा है, इसलिए उनको सत्ता के सुख की आदत सी हो गई है। इस बार हरियाणा में प्रदेश के प्रमुख नेताओं के बीच अलग से एक राजनीतिक युद्ध जैसा दिखाई दे रहा था। हरियाणा में कांग्रेस, भाजपा से कम अपने ही नेताओं से ज्यादा लड़ रही थी। कहा जाता है कि किसी भी प्रकार की लड़ाई में दुश्मन तो स्पष्ट दिखाई देता है, लेकिन कुछ ऐसे भी होते हैं जो दिखते तो बिलकुल दोस्त जैसे ही हैं, लेकिन वे मुंह में राम बगल में छुरी रखकर चलते हैं। जहां अवसर मिलता है, वे सामने वाले के पैर खींचने का काम करते हैं। प्रदेश में कांग्रेस नेताओं के बीच इसी प्रकार की दुश्मनी दिखाई दी। प्रदेश की प्रमुख महिला नेता शैलजा तो जैसे कोपभवन में ही बैठ गई थीं। वे जब सक्रिय हुई तब तक कांग्रेस बहुत प्रचार अभियान में बहुत पीछे जा चुकी थी। हरियाणा की राजनीतिक स्थिति का आंकलन किया जाए तो बहुत पहले यह परिलक्षित होने लगा था कि इस बार भाजपा की सरकार नहीं बन सकती।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5525

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 6 | 1 | | | 9 |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 5 | 2 | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | | | 9 | 3 | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| 3 | 6 | | | | 8 | 4 | | 7 |
| 2 | | | 1 | 4 | | 9 | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5524

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 8 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 9 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 |
| 8 | 9 | 5 | 3 | 7 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 9 | 7 | 8 | 1 | 2 |
| 9 | 2 | 7 | 8 | 4 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 6 | 8 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 9 | 7 |

## वर्ग पहेली 5525



**संकेत: बाएं से दाएं**
1. विध्व में सबसे अधिक सहाकरी संस्थाऐं इस देश में है (3)
4. अगुप्तता, पपर्दगी, रहस्यहीनता (4)
7. तौलने वाला, तुलाई कर्मी (5)
9. वे उर्वरक पदार्थ जो खेत को उपजाऊ बनाते है (2)
10. अल्पता, न्यूनता, कसर (2)
11. अति आर्द्र, अधिक गीलापन (2)
12. बहती धारा, अनवतर वर्षा (2)
14. भेंट, उपहार (4)
16. ईशदूत, पैगम्बर, रसूल (2)
17. घोर ध्वनि करना, दहाड़ना, गुंजाना (3)
19. शतरंज की एक चाल (2)
20. किराया लेकर पहुंचाने वाली वाहन (2)
21. सचेत, सावधान, खबरदार (3)
23. जल में उत्पन्न वस्तु (3)
24. अधिकार क्षेत्र, कर्मक्षेत्र, अमलदारी (3)
25. वस्तु, पदार्थ, द्रवय, चीज (1)
26. क्रिकेट से संबंधित शब्द (2)

**ऊपर से नीचे**
1. भाव की प्रधानता से युक्त (5)
2. धूल, गर्द, पराग के कण (2)
3. मेघ राग की रागिनी, अल्प (3)
4. आनंदित, मनोरंजित, प्रसन्न, तृप्त (2)
5. धोना, धुलाई करना, प्रक्षालय करना (4)
6. नदी को पुल्लिंगवाचाी शब्द (2)
8. घात स्थान, घात गढ्ढा, संधिगुप्त (5)
11. एक प्रकार का गीत, नगमा, गाना (3)
13. बसंत ऋतु की फसल यह कहलाती है (2)
15. न्यायाधीश (अंग्रेजी) (2)
18. मानव शरीर में सबसे अधिक मात्रा में यह तत्व पाया जाता है (4)
19. शकर को यह भी कहा जाता है (3)
20. आंकिक, गणक, संख्यानक, दर्जी (अंग्रेजी)(3)
21. प्रतिध्वनि, हमेशा, फकीर की आवाज (2)
22. निश्चित किया हुआ, ठहराया हुआ (3)

### वर्ग पहेली 5524 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | म | र | को | ट | | अ | दा |
| म | द | | स | न | म | क | दा |
| र | न | क | ना | | ता | रा | |
| ना | | व | | गा | धि | | आ |
| थ | ल | च | र | | का | नू | न |
| | घु | | म | हा | र | त | |
| | म | जा | क | | | न | बी |
| य | ति | | ना | लं | दा | | घा |

# आज का राशिफल

### मेष
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपको जीवनसाथी से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपके सुख में इजाफा होगा और आप जीवन में तरक्की करेंगे। संतान पक्ष के करियर को लेकर आप काफी चिंतित रहेंगे और रात का का समय प्रियजनों के साथ मौज मस्ती और आनंद में बीतेगा और आप खुश रहेंगे।

### वृष
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके लिए दिन लाभ से भरा होगा। निर्मूल विवाद अकारण शत्रुपत्ति से बचें तो आपका दिन आराम से बीतेगा। जो भी कार्य करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। अपनी बुद्धि द्वारा किए कार्यो में आपको नुकसान हो सकता है। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

### कर्क
आज भाग्य साथ देगा और आपको पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। आपके अंडर में काम करने वाले कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा। सांयकाल के समय किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। रात में किसी प्रिय अतिथि के आने से आपको खुशी होगी।

### सिंह
आज परिवार में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। बहनोई और साले से लेन-देन न करें संबंध खराब होने का खतरा है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्य पर खर्च हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें। आपकी कोई मूल्यवान वस्तुएं चोरी हो सकती है। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### मिथुन
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। कारोबार के मामले में आपको लाभ होगा और आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और कोई रुका कार्य पूर्ण होने से आपको खुशी होगी।

### कन्या
आज कारोबार में लाभ होगा और आपके लिए आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता से आपको लाभ और सम्मान मिलेगा और आपके पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता प्राप्त होने से आपको खुशी होगी।

### तुला
आज करियर में लाभ होगा और आपका दिन आराम के साथ सुख शांति में बीतेगा। आपके द्वारा राजनीतिक क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास सफल होंगे और आपके कारोबार में तरक्की होने से आपको खुशी होगी। आपको शासन से सम्मान और लाभ मिल सकता है और आपका कोई रुका कार्य पूर्ण हो सकता है। आपको नए अनुबंधों से लाभ होगा और आपके पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

### वृश्चिक
आज करियर में लाभ होगा और कारोबार में आपकी योजनाएं सफल होने से आपके आनंद में वृद्धि होगी। आपके जारी प्रयासों में सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमों में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है। शुभ खर्च और कीर्ति में वृद्धि होगी। रात में कुछ अप्रिय लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है।

### मकर
आज सफलता के संयोग बन रहे हैं और आपकी आय में जबर्दस्त इजाफा होगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेंगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में लगने से आपको खुशी होगा और आपके विरोधियों का अंत होगा। यात्रा का प्रसंग बन रहा है और आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी।

### कुंभ
आज का दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से आपको हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपको ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। शाम से लेकर रात तक आपको कहीं सामाजिक आयोजन में जाना पड़ सकता है। आपको कारोबार में सफलता प्राप्त होने से खुशी होगी।

### धनु
आज दिन भर कार्य को बेहद संभलकर करने वाला है। किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या फिर चोरी होने का भय है। बेहद सावधान रहें और अपने काम पर ध्यान दें। संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में मनचाही सफलता मिलने से आपको खुशी होगी। शाम के वक्त कोई रुका कार्य पूरा होगा। रात में परिवार के साथ किसी आयोजन में शामिल होने पर आपको खुशी होगी।

### मीन
आज करियर में सफलता मिलेगी और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलने से खुशी होगी। परिवार में किसी की सेहत खराब होने से आपको डॉक्टर के पास चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। इसमें आपका काफी धन भी खर्च होगा और कहीं से समस्या का सामना करना पड़ सकता है। आपको धन में वृद्धि होगी और योजनाएं सफल होने से मन प्रसन्न होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग बेटियों का रेप करता था सौतेला पिता, मां ने पकड़ा रंगे हाथ; सास पर दरिंदे का साथ देना का आरोप

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद के मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में सौतेले पिता द्वारा नाबालिग बेटियों से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पत्नी ने मंगलवार शाम आरोपी को दरिंदगी करते रंगे हाथ पकड़ा तो घटना का पता चला। इसके बाद पत्नी ने एसीपी से कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में रहने वाली महिला का कहना है कि उनकी पहली शादी बिजनौर में हुई थी। शादी के बाद उन्होंने दो बेटियों को जन्म दिया। मनमुटाव के चलते उनका पहले पति से तलाक हो गया, जिसके बाद वह अपनी दोनों बेटियों के साथ अलग रहने लगीं। महिला के मुताबिक कुछ समय पहले उसने विवेकानंद नगर निवासी शराफत से निकाह कर लिया। शराफत उन्हें और दोनों बेटियों को लेकर मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में रहने लगा। महिला के मुताबिक 15 अक्तूबर को किसी काम से बाहर गई थीं। दोपहर बाद वापस लौटीं तो पति शराफत 14 वर्षीय छोटी बेटी के साथ दुष्कर्म कर रहा था। पूछने पर बेटी ने बताया कि शराफत उसके साथ करीब छह महीनों से दुष्कर्म करता आ रहा था। किसी को बताने पर हत्या की धमकी देता था। महिला के मुताबिक छोटी बेटी ने बताया कि पिता बड़ी बहन के साथ भी दुष्कर्म करता था। महिला का कहना है कि आरोपी ने नाबालिग होने के बावजूद बेटी का निकाह करा दिया। महिला ने सास पर पति का साथ देने का आरोप लगाया है। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि दुष्कर्म का केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की मां की भूमिका की जांच की जा रही है।

### नीट की तैयारी में जुटा उप्र का लड़का कोटा में फंदे से लटका, कमरे में मिला सुसाइड नोट

**कोटा, एजेंसी।** राजस्थान के कोटा में एक बार फिर एक कोचिंग छात्र फांसी के फंदे से लटक गया। मृतक छात्र की पहचान उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के अतीकपुर निवासी आशुतोष (20) के रूप में हुई है। आशुतोष ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र कोटा के दादाबाड़ी शास्त्री नगर इलाके में रहकर मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम (नीट) की तैयारी कर रहा था। वहीं छात्र द्वारा आत्महत्या की सूचना मिलने के बाद दादाबाड़ी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और मोर्चरी में रखवाया। इस मामले में पुलिस ने छात्र के कमरे को भी सीज कर दिया है। स्टेशन हाउस ऑफिसर नरेश मीणा ने बताया कि मृतक छात्र छह महीने पहले कोटा वापस आया था। दरअसल, वह पिछले तीन सालों से यहां नीट की तैयारी कर रहा था। लेकिन पिछले साल वह कोचिंग छोड़कर घर चला गया था। उसने कुछ समय बाद उसी कोचिंग में दोबारा एडमिशन लिया और वापस कोटा आकर पीजी में अकेले रहने लगा। इस घटना के बारे में तब पता चला जब छात्र अपने परिजनों के बार-बार फोन करने पर भी कॉल नहीं उठा रहा था। इसके बाद परिजनों ने पीजी मालिक को इसकी जानकारी दी। उसने भी कई बार छात्र के कमरे का दरवाजा खटखटाया। लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई। पीजी संचालक ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पुलिस की टीम पहुंची। दरवाजा तोड़ा गया। अंदर फांसी के फंदे से छात्र लटका हुआ मिला।

### डीजे की तेज आवाज पर नाच रहे 13 साल के लड़के की मौत, थिरकते रहे लोग

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। कथित तौर पर तेज आवाज में बज रहे गाने पर नाचते हुए एक 13 साल के लड़के की मौत हो गई। लड़के की पहचान समर बिल्लोरे के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, लड़के के घर के सामने से दुर्गा मूर्ति विसर्जन के लिए यात्रा गुजर रही थी। इस दौरान तेज आवाज में डीजे बज रहा था। लड़के ने जब गाने की आवाज सुनी तब वह बाहर निकल कर यात्रा में शामिल हो गया और डांस करने लगा। डांस करते-करते समर अचानक नीचे गिर गया और उसकी मौत हो गई। मूर्ति विसर्जन यात्रा में शामिल लोगों ने समर पर ध्यान नहीं दिया। तेज आवाज में गाना बजता रहा और लोग नाचते रहे। एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, मृतक की मां ने जब बेटे को नीचे गिरा देखा तब उन्होंने मदद की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि उनके बेटे को हार्ट से जुड़ी बीमारी थी, लेकिन वह ठीक चल रहा था।

# पैगंबर पर यति के बोल को जांचेगा जूना अखाड़ा, हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज को जिम्मा; महापंचायत में उठी थी मांग

**गाजियाबाद/हरिद्वार एजेंसी।**
श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा यति नरसिंहानंद के पैगंबर मोहम्मद पर दिए बयानों की जांच करेगा। यति जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर हैं। जांच के बाद अखाड़ा यति नरसिंहानंद को लेकर आगे की रणनीति तय करेगा। गाजियाबाद के डासना स्थित शिव शक्ति धाम के प्रमुख यति नरसिंहानंद के पैगंबर मोहम्मद पर दिए बयान को लेकर देश के अलग-अलग हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हुआ था।



बुधवार को यति नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन की महामंत्री डॉ. उदिता त्यागी जूना अखाड़ा पहुंची। उन्होंने अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्रीमहंत हरि गिरी से भेंट कर शिवशक्ति धाम डासना में चल रहे प्रकरण पर चर्चा की। श्रीमहंत हरि गिरी ने कहा कि जूना अखाड़ा अपने स्तर पर एक कमेटी का गठन कर यति नरसिंहानंद गिरी के इस्लाम संबंधी वक्तव्य की गहन जांच करेगा।

श्रीमहंत हरि गिरी ने कहा कि महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने जो भी कहा है, उसको लेकर एक गहन शोध होना चाहिए। शिवशक्ति धाम डासना में हिंदुओ की सभी 36 बिरादरियों की महापंचायत हुई। उसमें महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी की बातों की जांच के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायधीश की अध्यक्षता में आयोग के गठन की मांग उठी, जिसका वे समर्थन करते हैं।

यति नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन की महामंत्री डॉ. उदिता त्यागी ने बुधवार को हरिद्वार के संतों से समर्थन देने की अपील की। उन्होंने जूना अखाड़े जाकर अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्रीमहंत हरि गिरी महाराज से यति नरसिंहानंद का समर्थन करने का निवेदन किया। उन्होंने बयानों की जांच के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायधीश की अध्यक्षता में आयोग का गठन कराने के लिए समर्थन मांगा। इसके अलावा दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत नारायण गिरी और महामंत्री महामंडलेश्वर नवलकिशोर दास, संतों के साथ डासना धाम पहुंचे। उन्होंने मां महाकाली के दर्शन किए। संतों ने महापंचायत के दौरान निर्दोष भक्तों पर लाठीचार्ज की निंदा की और आक्रोश व्यक्त किया। साथ ही, शिवशक्ति धाम डासना का समर्थन किया।

यति नरसिंहानंद गिरि के विवादित बयान के विरोध में डासना देवी मंदिर के बाहर पहुंचकर पथराव करने के मामले में वेव सिटी पुलिस ने नाबालिग समेत दो और आरोपियों को पकड़ा है। अब तक 20 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

यति नरसिंहानंद सरस्वती ने 29 सितंबर को दूसरे समुदाय को लेकर भड़काऊ भाषण दिया था। तीन अक्तूबर को भाषण का वीडियो वायरल होने के बाद सिहानी गेट पुलिस ने यति नरसिंहानंद के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसके अगले ही दिन महंत के शिष्य अनिल यादव ने भी विवादित बयान का वीडियो बनाकर वायरल किया था। चार अक्तूबर की रात दूसरे समुदाय के लोगों ने डासना देवी मंदिर के बाहर पथराव कर दिया था। पुलिस ने 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। खुफिया विभाग की जांच में सामने आया था कि षड्यंत्र के तहत डासना दंवी मंदिर पर मॉब लिंचिंग की योजना थी। पुलिस इस घटना में अब तक 18 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी। बुधवार को वेव सिटी पुलिस ने डासना के मोहल्ला किला निवासी शाद और एक नाबालिग को पकड़ा है। आरोपियों ने बताया कि आपत्तिजनक टिप्पणी से धार्मिक भावना को ठेस पहुंची थी। एसीपी वेव सिटी लिपि नगायच का कहना है कि वीडियो के आधार पर पथराव में शामिल अन्य आरोपियों को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।

# महाराष्ट्र के चुनावों पर नहीं होगा हरियाणा के चुनाव परिणाम का असर: शरद पवार

**मुंबई एजेंसी।**
राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने गुरुवार को कहा कि हरियाणा चुनाव के परिणामों का अगले महीने महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को मतदान होगा। गुरुवार को हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने शपथ ले ली है।

सतारा जिले के कराड में पत्रकारों से बात करते हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद 'ढ्ढह्रष्ठढ्ढ' गठबंधन की रणनीति के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए पवार ने कहा कि वहां भाजपा की सरकार थी और वह सत्ता बरकरार रखने में कामयाब रही।

उन्होंने कहा, हम हरियाणा का अध्ययन कर रहे हैं, लेकिन साथ ही जम्मू-कश्मीर (चुनावों) के नतीजों पर भी गौर कर रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि इसका (हरियाणा के नतीजों) राज्य (महाराष्ट्र) के चुनावों पर कोई असर पड़ेगा। जहां तक जम्मू और कश्मीर का सवाल है तो विश्व समुदाय इस पर ज्यादा ध्यान देता है, लिहाजा जम्मू-कश्मीर के नतीजे देश के लिए ज्यादा अहम हैं।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का ऐलान हो चुका है, लेकिन अब तक सत्तारूढ़ या विपक्षी दलों की तरफ से सीट शेयरिंग को लेकर पुख्ता तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। एक ओर जहां महायुति यानी भारतीय जनता पार्टी-शिवसेना-एनसीपी ने अब तक फॉर्मूला पेश नहीं किया है। वहीं, विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी में भी चर्चाओं का दौर जारी है।

90 विधानसभा सीटों वाले हरियाणा में भाजपा ने 2019 का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 48 सीटों पर जीत हासिल की थी। वहीं, राज्य में मुख्य विपक्षी दल रहे कांग्रेस को 37 सीटें मिली थीं। खास बात है कि हरियाणा में ढ्ढह्रष्ठढ्ढ गठबंधन के कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था। राज्य में आप का खाता भी नहीं खुला था।

# 24वें वर्ष में 24 गुना बढ़ी जीएसडीपी

**निज संवाददाता | देहरादून**

24 वर्षों की विकास यात्रा में उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था ने लंबी छलांग लगाई है। आज अर्थव्यवस्था का आकार 24 गुना बढ़ा है। इसी प्रकार प्रति व्यक्ति आय 17 गुना बढ़ी है। इससे साफ है कि उत्तराखंड राज्य में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है। दो दशक दस माह के कालखण्ड में तमाम उतार चढ़ावों का सामना करते हुए उत्तराखंड ने हार नहीं मानी है। पहाड़वासियों के पहाड़ जैसे हौसले ने विकास की रफ्तार धीमी नहीं पड़ने दी। आज राज्य की अर्थव्यवस्था (जीएसडीपी) लगातार सुधार की ओर है। अर्थव्यवस्था का बढ़ता आकार राज्य की समृद्धि को बयां कर रहा है। आंकड़ों पर नजर दौडाएं तो पता चलता है कि उत्तराखंड राज्य गठन के वक्त यानी वर्ष 2000 में अर्थव्यवस्था का आकार 14501 करोड़ था, जो 2023-24 में बढ़कर 346000 करोड़ रुपये हो चुका है। इसमें पर्यटन क्षेत्र का अहम योगदान रहा है। दो वर्ष पूर्व जीएसडीपी में पर्यटन सेक्टर की भागीदारी 37% थी, जो अब बढ़कर 43.7 प्रतिशत हो गई है। इसी प्रकार प्रति व्यक्ति आमदनी भी बढ़कर 02लाख 60 हजार हो चुकी है। जबकि वर्ष 2000 में प्रति व्यक्ति आय 15285 थी। पिछले दो वर्षों के आंकड़ों पर ही नजर डालें तो राज्य की प्रति व्यक्ति आय में 26 प्रतिशत वृद्धि हुई है। राज्य में विकास के रफ्तार पकड़ने से बजट में भी बीस गुना बढ़ोतरी हुई है। राज्य गठन के समय वर्ष 2000 में उत्तराखंड का बजट 4500 करोड़ के करीब था। जबकि वर्ष 24-25 के लिए कुल 94 हजार करोड़ से अधिक बजट का प्रावधान किया गया है। इसमें 89230.07 आम बजट और 5013.05 अनुपूरक बजट की धनराशि शामिल है राज्य गठन के 24 वर्षों में उत्तराखंड ने विकास की नई ऊंचाइयों को हासिल किया है। इस विकास यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाला कालखंड विशेष रहा है। इस दौर में उत्तराखंड में तरक्की



के नए द्वार खुले हैं। आर्थिक मोर्चे पर हमारा प्रदर्शन उत्साहजनक रहा है। राज्य की प्रति व्यक्ति आय में 17 गुना वृद्धि हुई है। हमने आगामी पांच वर्षों में राज्य की जीएसडीपी को दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस दिशा में हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं। राजस्व वृद्धि के लिए कारगर कदम उठाए गए हैं। घाटे में चल रहे राज्य सरकार के कई विभाग आज लाभ देने की स्थिति में आ रहे हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि राज्य की देवतुल्य जनता और शासन-प्रशासन के प्रयासों से हम इस लक्ष्य को पाने में सफल होंगे।

# नोएडा-ग्रेटर नोएडा में खत्म होगा जाम, 33 रास्तों पर सुबह-शाम वाहनों की नो एंट्री; ट्रैफिक एडवाइजरी

**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।**
नोएडा-ग्रेटर नोएडा के 33 रास्तों पर अब सुबह-शाम व्यस्त समय में हल्के मालवाहक वाहन नहीं चल सकेंगे। अभी तक सिर्फ भारी और मध्यम मालवाहक वाहनों के लिए नो एंट्री थी। यातायात पुलिस ने नो एंट्री की योजना में यह संशोधन किया है। यह व्यवस्था बुधवार से लागू कर दी गई। सुबह सात से 11 और शाम को पांच से रात 10 बजे तक यह व्यवस्था लागू रहेगी।




डीसीपी यातायात यमुना प्रसाद ने बताया कि पुलिस अधिनियम 1861 की धारा-31 में प्रदत्त अधिकारों का इस्तेमाल कर यह बदलाव किया गया है। नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर सेक्टर-14ए फ्लाईओवर से परी चौक तक दोनों ओर, उद्योग मार्ग पर सेक्टर-14ए फ्लाईओवर से गोलचक्कर होते हुए झुंडपुरा तिराहे तक, एमपी वन रास्ते पर डीएनडी से सेक्टर-57 चौराहे तक, एपमी टू पर फिल्म सिटी फ्लाईओवर से सेक्टर-60 अंडरपास होते हुए डीएस तिराहे तक, एमपी तीन पर ओखला बैराज पुल से किसान चौक तक दोनों ओर, डीएससी मार्ग पर न्यू अशोक नगर दिल्ली बॉर्डर से फूलमंडी हिंडन तक समेत कुल 33 रास्तों पर यह बदलाव लागू होगा।

अब इन सड़कों पर हल्के मालवाहक वाहन भी नहीं चल सकेंगे। यहां पर भारी वाहकों पर व्यस्त समय में पहले से रोक थी। इससे बदलाव से जाम से राहत मिलने की उम्मीद है।

अट्टा बाजार के सामने से निकलने वाली सड़क पर फिर से ऑटो और ई-रिक्शा आदि के चलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यहां सुबह सात से रात 10 बजे तक ये वाहन नहीं चल सकेंगे। इनको वैकल्पिक रास्तों से निकलना होगा। महत्वपूर्ण यह है कि यह व्यवस्था सालों से थी, लेकिन कुछ महीने पहले आए डीसीपी यमुना प्रसाद ने इस व्यवस्था को खत्म करने के निर्देश दिए थे। इससे यहां जाम लगने लगा था। एक बार फिर ऑटो-रिक्शे प्रतिबंधित लगेगा।

# पत्नी के साथ अवैध संबंध का था शक, गुरुग्राम में शख्स ने ली 15 साल के लड़के की जान

**गुरुग्राम , एजेंसी।** दिल्ली पुलिस 15 साल के लड़के को नशीला पदार्थ खिलाकर और गला घोंटकर उसकी हत्या करने के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी को शक था कि उसकी पत्नी का मृतक के साथ अवैध सम्बन्ध है। इसी शक की वजह से उसने लड़के की जान ले ली। पुलिस ने बताया कि आरोपी शख्स ने पिछले महीने अपने एक दोस्त की मदद से उसकी हत्या करते हुए उसे रास्ते से हटा दिया। पुलिस ने उसके दोस्त को भी गिरफ्तार कर लिया है।

गुरुग्राम पुलिस को 26 सितंबर को खलीलपुर घिलावास बांध के पास लड़के का शव मिला था और उसके गले पर चोट के निशान थे। कोई सुराग नहीं होने की वजह से पुलिस इस वारदात को अंधे कत्ल की गुत्थी मानकर चल रही थी।

पुलिस ने बताया कि वारदात को लेकर सब-इंस्पेक्टर मनोज कुमार के नेतृत्व में फर्रुखनगर क्राइम यूनिट ने रेवारी जिले के चिल्हार गांव से अमित कुमार (28) और उसके दोस्त तरूण उर्फ ??जोनी (29) को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी क्राइम-2 मनोज कुमार ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि, पूछताछ के दौरान मुख्य आरोपी अमित ने कहा कि उसे शक था कि नाबालिग का उसकी पत्नी के साथ अवैध संबंध है, जिसके चलते वह उसे खलीलपुर घिलावास बांध के पास ले गया था। एसीपी के मुताबिक इसके बाद अमित ने अपने दोस्त तरुण उर्फ ??जॉनी की मदद से उसे नशीला पदार्थ खिला दिया और फिर रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी।

### चार साल की बच्ची के साथ गंदा काम, दबोचा गया निठारी का रहने वाला सफाईकर्मी

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा के एक जाने माने प्राइवेट स्कूल में चार साल की बच्ची के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। दरअसल, मासूम कई दिनों से गुमसुम रहने लगी थी। परिजनों के पूछने पर बच्ची ने आरोपी सफाईकर्मी के बारे में बताया। आरोपी की पहचान नित्यानंद के रूप में हुई है। वह निठारी का रहने वाला है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि सेक्टर 27 स्थित स्कूल में पढ़ने वाली बच्ची ने अपनी मां को बताया था कि जो भैया प्लेट देते हैं, उन्होंने उसके साथ गंदी हरकत की है। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि बच्ची के साथ स्कूल में निठारी गांव के निवासी नित्यानंद ने अश्लील हरकत की। उसके बाद बच्ची डर गई और स्कूल व घर में किसी को कुछ नहीं बताया और गुमसुम रहने लगी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब उसके माता पिता ने इस बारे में उससे पूछा तो उसने उन्हें सारी बात बताई। इस संबंध में बच्ची के परिजनों ने 10 अक्टूबर को सेक्टर 20 थाने में मामला दर्ज करवाया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को 11 अक्टूबर को गिरफ्तार कर लिया। उसे स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। कुछ ही दिन पहले उसे किसी अन्य एजेंसी के माध्यम से अनुबंध पर रखा गया था। सेक्टर 20 थाना क्षेत्र में सेक्टर 27 स्थित एक निजी स्कूल में चार साल की बच्ची से छेड़छाड़ का यह मामला तब सामने आया जब बच्ची ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। बच्ची के परिजनों ने थाने में शिकायत की जिसके बाद पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराध से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया।

# महाराष्ट्र में उम्मीदवार घोषित करने में सबसे आगे रहेगी भाजपा ! 100 नामों पर मंथन, पहली लिस्ट कभी भी

**मुंबई एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में उलटफेर वाली जीत हासिल करने के बाद से भाजपा उत्साहित है। अब महाराष्ट्र में भी भाजपा समय रहते ही उम्मीदवार घोषित करके प्रचार तेज करना चाहती है। ऐसा इसलिए ताकि वह उम्मीदवारों को माहौल बनाने के लिए वक्त देना चाहती है। इसके अलावा बड़े नेताओं के आयोजन तय करने से लेकर घोषणा पत्र जैसी चीजों पर भी काम करने के लिए वक्त चाहती है। इसी क्रम में भाजपा में मीटिंगों का दौर शुरू हो चुका है ताकि कैंडिडेट्स फाइनल किए जा सकें। महाराष्ट्र में टिकटों को लेकर केंद्रीय चुनाव समिति की पहली मीटिंग बुधवार को थी। इस बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 100 टिकटों पर विचार किया गया। ये वही सीटें हैं, जहां फिलहाल भाजपा के ही विधायक हैं। पार्टी को लगता है कि पहले उन सीटों पर कैंडिडेट्स तय कर लिए जाएं, जहां अपने ही विधायक हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि रिपीट होने वाले विधायकों को पहले से ही भरोसा मिल जाए कि वे चुनाव में उतर रहे हैं। वहीं जहां कैंडिडेट्स बदले जाएंगे, उन सीटों पर थोड़ा वक्त लग सकता है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस, आशीष शेलार, पंकजा मुंडे जैसे नेताओं की सीटों का पहले ही ऐलान हो सकता है। खबर है कि अगले एक से दो दिनों में ही भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची जारी हो सकती है। बुधवार को हुई मीटिंग में पीएम मोदी के अलावा जेपी नड्डा, अमित शाह, पीयूष गोयल और भूपेंद्र यादव मौजूद थे। इनके अलावा महाराष्ट्र से डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस, प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले और अन्य नेता मौजूद थे। भाजपा की पहली लिस्ट में राज्य सरकार के कई मंत्रियों को भी शामिल किया जा सकता है। इसके अलावा सीट शेयरिंग पर भी मंथन चल रहा है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार कुल 22 सीटों पर अब भी भाजपा, शिंदे सेना और अजित पवार की एनसीपी के बीच मतभेद हैं।

# पांच वर्ष में 200 फीसदी बढ़े नोएडा-ग्रेनो में प्रॉपर्टी के दाम, यूपी की शो विडो में कई परियोजनाएं ठप

**नोएडा, एजेंसी।**
यूपी के शो विंडो बन चुके नोएडा और ग्रेनो में पांच वर्ष में प्रापर्टी की कीमतों में 200 फीसदी तक उछाल आया है। पिछले पांच वर्ष में लांच हुई परियोजनाओं की कीमत आसमान पर पहुंच गई है। हालांकि आधे दशक में सबसे ज्यादा कीमतों में बढ़ोत्तरी होने वाले देश टॉप-10 शहरों में गुरुग्राम अव्वल है। यहां सबसे अधिक 260 फीसदी उछाल दर्ज किया गया है। सबसे कम कीमत मुंबई में बढ़ी है, यहां 37 फीसदी की बढ़त मिली है। हालांकि प्रति वर्गफीट कीमतों की बात करें तो मुंबई इस दृष्टि से सबसे महंगा है। यहां औसत कीमत 35500 रुपये प्रति वर्गफीट है। इसके बाद गुरुग्राम में 19500 रुपये प्रति वर्ग फीट और नोएडा में 16 हजार रुपये प्रति वर्ग फीट है। एक रियल एस्टेट फर्म के सर्वे आंकड़े के अनुसार वर्ष 2019 में औसतन 3810 रुपये प्रति वर्गफीट की कीमत पर ग्रेटर नोएडा में मिलने वाले घर की कीमत वर्ष 2024 में 8403 रुपये प्रति वर्गफीट तक पहुंच गई है। ऐसे ही नोएडा में पांच वर्ष पहले घर की औसत कीमत 6500 रुपये प्रति वर्गफीट तक थी, जो बढ़कर 16 हजार रुपये प्रति वर्गफीट तक पहुंच गई है।

गुरुग्राम में 2019 में हाउसिंग की औसत कीमतें 7500 रुपये प्रति वर्गफीट थी जो 2024 में बढ़कर 19500 रुपये प्रति वर्ग फीट पर पहुंच गई हैं। इसके पीछे बुनियादी सुविधाओं का विकास, एनआरआई की बढ़ती रूचि, हाई नेट वर्थ इंडिविजुअल को बढ़ा कारण माना गया है। इसके अलावा स्टॉक मार्केट में मुनाफा हासिल करने वालों द्वारा रियल एस्टेट में निवेश और घर खरीदने की चाह के साथ ही लग्जरी घरों की ओर झुकाव ने कीमतों को उछाल दिया है। कीमतों में उछाल का आलम उस दौर में है, जब यहां परियोजनाओं का काम तय समय पर पूरा नहीं हो पाया है। टियर-1 में ग्रेटर नोएडा में सबसे ज्यादा 74,645 यूनिटों का काम रुका हुआ है। पहले हुए सर्वे में पाया गया था कि ग्रेटर नोएडा में सबसे ज़्यादा 17 फीसदी यूनिटों का काम रूका हुआ है।

इसमें 167 परियोजनाओं में 74,645 युनिटों का काम आठ वर्ष में पूरा नहीं पूरा नहीं हो पाया है।

# राजस्थान बीजेपी : उपचुनाव पहली परीक्षा, भजनलाल सरकार की प्रतिष्ठा दांव पर

**जयपुर एजेंसी।**
राजस्थान विधानसभा चुनाव में भले ही खोने के लिए बीजेपी की एक सीट है, लेकिन सरकार की प्रतिष्ठा दांव पर है। हालांकि, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का कहना है कि वे चुनौती का सामना करने के लिए मजबूती से तैयार हैं। उनका दांवा है कि इस बार उपचुनाव में कांग्रेस से उनकी सीटें छीन लेंगे। हमारी परीक्षा तो हर समय होती है और आप हमारी हर बार परीक्षा लेते हो। यह परीक्षा है। इस चुनौती का पूरी तरीके से सामना करेंगे। संगठन चुनाव लड़ता है। संगठन की पूरी तैयारी है। हम चुनाव जीतेंगे। राठौड़ ने कहा कि संगठन पूरी तरीके से सुदृढ़ है। संगठन मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगा। हम जीतेंगे भी।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान में 13 नवंबर को 7 सीटों पर उपचुनाव होने हैं। ये भजनलाल सरकार की पहली बड़ी राजनीतिक परीक्षा होगी। सात में से केवल एक सीट (सलूंबर) को छोड़ बाकी सीटों पर भाजपा के विधायक नहीं थे। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में अपने विधायकों को टिकट दिए थे। वे चुनाव जीतकर सांसद बन गए। ऐसे में कांग्रेस के सामने आब जीत का बरकरार रखने की चुनौती है। इसके बावजूद भजनलाल सरकार की सांख भी दांव पर लगी हुई है। सियासी जानकारों का कहना है कि बीजेपी के लिए राहत की बात यह है कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों आरएलपी और बीएपी के बीच असंमजस की स्थिति बनी हुई है। कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ती है तो बीजेपी को वैटेज मिल सकता है। कांग्रेस नेता द्वारा पर्ची सरकार व यू टर्न वाली सरकार कहने पर मदन राठौड़ ने कहा कि आरोप लगाना अलग बात है।

फुटबाल :

# इंग्लैंड फुटबाल टीम के नए कोच बने थॉमस



**लंदन, एजेंसी।** वह स्वेन गोरान एरिक्सन और फैबियो कापेलो के बाद इंग्लैंड के तीसरे विदेशी कोच होंगे। उन्हें अमेरिका में 2026 में होने वाले फीफा विश्वकप तक मुख्य कोच की जिम्मेदारी दी गई है। पेरिस सेंट जर्मेन, चेल्सी, बायर्न म्यूनिख जैसे क्लबों के कोच रह चुके जर्मनी के थॉमस ट्यूशेल इंग्लैंड फुटबाल टीम के नए मुख्य कोच होंगे। ट्यूशेल यूरोपियन चैंपियनशिप के फाइनल में हारने वाली इंग्लैंड टीम के कोच गारेथ साउथगेट की जगह लेंगे।

वह स्वेन गोरान एरिक्सन और फैबियो कापेलो के बाद इंग्लैंड के तीसरे विदेशी कोच होंगे। उन्हें अमेरिका में 2026 में होने वाले फीफा विश्वकप तक मुख्य कोच की जिम्मेदारी दी गई है। ट्यूशेल ने कहा, मैं तुरंत ही समझ गया, यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। उनकी कोशिश रहेगी कि इंग्लैंड के खिलाड़ियों के जर्सी पर दूसरा स्टार (दूसरी बार विश्व विजेता बनना) लगे। इंग्लैंड ने एकमात्र बार 1966 में विश्वकप जीता है।

# बेंगलुरु में रोहित सेना का शर्मनाक रिकॉर्ड

## 5 बल्लेबाज नहीं खोल सके खाता, भारत 46 रनों पर ढेर

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के लिए आज किसी बुरे सपने की तरह रहा। उसे बेंगलुरु टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में न्यूजीलैंड ने सिर्फ 46 रनों पर ढेर कर दिया है। यह उसका भारत में खेले गए किसी भी टेस्ट में सबसे छोटा स्कोर है, जबकि ओवर ऑल तीसरा सबसे छोटा स्कोर है। न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्षाबाधित पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन भारत ने लंच तक छह विकेट 34 रन पर गंवा दिए थे, जबकि इसके बाद पंत आउट हुए और फिर टीम लगातार विकेट गंवाती रही। रोचक बात यह है कि न्यूजीलैंड ने इस पारी में सिर्फ 3 गेंदबाजों का इस्तेमाल किया और तीनों ही तेज गेंदबाज थे।

इससे पहले मैच के ऑफिशल दूसरे दिन भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, जो उनकी टीम के लिए सबसे बुरा साबित हुआ। ओवरकास्ट कंडीशन में कीवी गेंदबाजों ने पहले ही घंटे में भारत के शीर्षक्रम की धज्जियां उड़ा दी। बारिश रूकने के बाद खेल शुरू होने पर यशस्वी जायसवाल (13) का विकेट भारत ने गंवाया। रोहित शर्मा (दो) को टिम साउदी ने पवेलियन भेजा जबकि युवा विलियम ओ राउरकी ने विराट कोहली (0) का विकेट लिया। सरफराज खान (0) तीन गेंद और केएल राहुल ((0) छह गेंद तक टिक सके। रविंद्र जडेजा खाता खोले बिना लौट गए।




भारतीय टीम के लिए सबसे बड़ा स्कोर ऋषभ पंत के नाम है। उन्होंने 49 गेंदों में 20 रन बनाए, जबकि 2 चौके उनके बल्ले से निकले। उनके अलावा दहाई का आंकड़ा पार करने वाले यशस्वी जायसवाल दूसरे बल्लेबाज रहे। उन्होंने सिर्फ 13 रन बनाए। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने 15 रन देकर 5 विकेट झटके, जबकि विलियम आ राऊरके ने 22 रन देकर 4 विकेट झटके।

भारतीय पारी में 5 बल्लेबाज ऐसे रहे, जो खाता ही नहीं खोल सके। किकेट के किंग कहे जाने वाले विराट कोहली शून्य पर आउट होने वाले पहले बल्लेबाज रहे, जबकि सरफराज खान, केएल राहुल, रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन भी बिना स्कोर किए पवेलियन लौट गए। विराट को विलियम ओ राउरकी ने ग्लेन फिलिप्स के हाथों कैच कराया, जबकि उन्हीं की गेंद पर केएल राहुल को टॉम ब्लंडेल ने कैच किया। रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन को दो लगातार गेंदों पर मैट हेनरी ने आउट किया।

### भारतीय टीम का टेस्ट में सबसे छोटा स्कोर-टॉप-10

#### भारत में

- न्यूजीलैंड के खिलाफ 31.2 ओवर में 46 रन, बेंगलुरू 2024
- वेस्टइंडीज के खिलाफ 30.4 ओवर में 75 रन, दिल्ली 1987
- दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 20 ओवर में 76 रन, अहमदाबाद 2008
- न्यूजीलैंड के खिलाफ 27 ओवर में 83 रन, मोहाली 1999
- न्यूजीलैंड के खिलाफ 33.3 ओवर में 88 रन, मुंबई 1965

#### विदेश में

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 21.2 ओवर में 36 रन, एडीलेड 2020
- इंग्लैंड के खिलाफ 17 ओवर में 42 रन , लॉडर्स 1974
- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 21.3 ओवर में 58 रन, ब्रिसबेन 1947
- इंग्लैंड के खिलाफ 21.4 ओवर में 58 रन, मैनचेस्टर 1952
- दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 34.1 ओवर में 66 रन, डरबन 1996



कोहली ने डिविलियर्स के लिए लिखा लेटर

# आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने पर बताया सबसे टैलेंटेड क्रिकेटर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स के लिए लेटर लिखा है।

कोहली ने यह लेटर डिविलियर्स के आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किए जाने के बाद लिखा। डिविलियर्स को बुधवार को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में इंग्लैंड के दिग्गज एलिस्टेयर कुक और भारत की नीतू डेविड के साथ शामिल किया गया है। यह लेटर आईसीसी ने जारी किया है, इसमें कोहली ने ढ्ढक्क टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के अपने पूर्व साथी की जमकर तारीफ की है। कोहली ने लिखा, आप अपने इस जगह के पूरी तरह हकदार हैं

आखिरकार, हॉल ऑफ फेम खेल पर आपके इम्पैक्ट का प्रतिनिधित्व करता है और आपका योगदान वाकई शानदार रहा है। लोग हमेशा आपकी क्षमता के बारे में बात करते रहे हैं और यह सही भी है। आप सबसे टैलेंटेड क्रिकेटर हैं जिनके साथ मैंने खेला, आप निश्चित रूप से नंबर एक हैं।

सार समाचार

## इगा स्वियाटेक ने विम फिसेट को अपना नया कोच नियुक्त किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व नंबर-1 खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने अगले महीने रियाद में होने वाले डब्ल्यूटीए फाइनल्स से पहले विम फिसेट को अपना नया कोच नियुक्त करने की घोषणा की है।

फिसेट, स्वियाटेक के पहले गैर-पोलिश कोच और साथ ही उनके करियर के शीर्ष स्तर पर तीसरे कोच बने। इगा स्वियाटेक ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, मैं एक नया अध्याय शुरू करने के लिए उत्साहित और प्रेरित हूं। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि विम फिसेट हमारी टीम में शामिल हो रहे हैं। जैसा कि आप जानते हैं, मैं डब्ल्यूटीए फाइनल्स की तैयारी कर रही हूं, लेकिन मेरा दृष्टिकोण हमेशा की तरह है काफी आगे तक का है, न कि शॉर्ट टर्म। मैंने कई बार कहा है कि मेरा करियर मेरे लिए मैराथन है, स्प्रिंट नहीं और मैं इसी दृष्टिकोण के साथ काम कर रही हूं, संचालन कर रही हूं और निर्णय ले रही हूं। पोस्ट में लिखा गया है, मैं यह कहना चाहती हूं कि मैं विम के साथ काम करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। ऐसा लगता है कि उनके पास टेनिस के शीर्ष स्तर पर एक शानदार दृष्टिकोण, दूरदर्शिता और अच्छा अनुभव है। एक-दूसरे को बेहतर तरीके से जानने की कोशिश करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है, लेकिन हमने अच्छी शुरुआत की है और मैं जल्द ही प्रतिस्पर्धा करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। विक्टरोव्स्की से पहले, स्वियाटेक को 2016 से पिओट्र सिर्ज़पुटोव्स्की द्वारा प्रशिक्षित किया गया था।

44 वर्षीय बेल्जियम के खिलाड़ी ने पहले किम क्लिस्टर्स, सिमोना हालेप, विक्टोरिया अजारेंका, एंजेलिक कर्बर और नाओमी ओसाका के साथ काम किया है। फिसेट स्वियाटेक के करियर के शीर्ष स्तर पर तीसरे कोच और उनके पहले गैर-पोलिश कोच बन गए हैं। विक्टरोव्स्की से पहले, स्वियाटेक को 2016 से 2021 के अंत तक पिओट्र सिर्ज़पुटोव्स्की ने प्रशिक्षित किया था, एक ऐसा दौर जिसने उन्हें डब्ल्यूटीए टूर पर सफलता दिलाई और 2020 में रौलां गैरो में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। पोल ने यूएस ओपन में जेसिका पेगुला के हाथों क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के बाद से कोई मैच नहीं खेला है और आने वाले हफ्तों में उनकी विश्व नंबर 1 रैंकिंग को आर्यना सबालेंका से खतरा होगा।

## दिल्ली कैपिटल्स में सौरव गांगुली का प्रमोशन, मिल गई सबसे बड़ी जिम्मेदारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के सबसे सफल कप्तानों में शुमार सौरव गांगुली को जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने नया क्रिकेट निदेशक बनाया है। गांगुली आईपीएल में जेएसडब्ल्यू की टीम दिल्ली कैपिटल्स से 2019 में सलाहकार के तौर पर जुड़े और कोच रिकी पोंटिंग के साथ काम किया। इसके बाद में वह कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक बने। बीसीसीआई अध्यक्ष पद से हटने के बाद वह एक बार फिर फ्रेंचाइजी से जुड़ गए थे। सौरव गांगुली ने अपनी नई भूमिका के बारे में यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, 'मैं जेएसडब्ल्यू समूह और जिंदल परिवार को व्यक्तिगत और पेशेवर तौर पर जानता हूं जिससे यह फैसला लेना आसान हो गया। मुझे खुशी है कि क्रिकेट से जुड़े उनके प्रोजेक्ट में मेरा अनुभव दे सकता हूं । जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स के संस्थापक पार्थ जिंदल ने कहा, 'दादा के जैसी क्रिकेट की समझ बिरलों में होती है और हमें खुशी है कि उनके अनुभव और मार्गदर्शन का हमें फायदा मिलेगा। अब वह निदेशक के तौर पर जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स में क्रिकेट से जुड़ी हर चीज के प्रमुख होंगे।' जेएसडब्ल्यू की आईपीएल और महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के अलावा दक्षिण अफ्रीका में एसए 20 में प्रिटोरिया कैपिटल्स टीम है।

# आईपीएल 2025 में ऋषभ पंत नहीं होंगे दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्टार भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी 2025 संस्करण में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी नहीं करेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली को नए कप्तान की तलाश है और ऑलराउंडर अक्षर पटेल भी पंत की जगह लेने की कतार में हैं जिन्हें 2021 में टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था। सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया, हां, दिल्ली कैपिटल्स को नए कप्तान की तलाश हो सकती है। संभावना है कि भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल नए कप्तान की भूमिका निभा सकते हैं, या फ्रैंचाइजी आईपीएल नीलामी (नवंबर के मध्य में विदेश में होने वाली) में किसी ऐसे व्यक्ति पर नजर रख सकती है जो कप्तानी के लिए उपयुक्त हो। सूत्र ने कहा, पंत फ्रैंचाइजी के शीर्ष रिटेंशन के लिए तैयार हैं। यह सिर्फ इतना है कि डीसी के नेतृत्व समूह को लगता है कि कप्तानी के दबाव के बिना वह बेहतर स्थिति में हैं।




पंत 2016 से आईपीएल में डीसी के साथ जुड़े हुए हैं। वह फ्रैंचाइजी के लिए आईपीएल इतिहास में सबसे ज़्यादा कैप्ड खिलाड़ी हैं और कैश-रिच लीग में टीम के लिए सबसे ज़्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भी उनके नाम है। मार्च 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज में भारत के लिए खेलते समय लगी चोट के कारण श्रेयस अय्यर के टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद पंत को 2021 में डीसी का कप्तान नियुक्त किया गया था।

कप्तान के रूप में पंत के पहले सीजन में दिल्ली कैपिटल्स अंक तालिका में शीर्ष पर रही, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ दोनों क्वालीफायर मैच हारने के बाद फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में विफल रही।

आईपीएल 2022 की मेगा नीलामी से पहले पंत को डीसी ने 16 करोड़ रुपए में रिटेन किया था और उन्होंने 2022 संस्करण में फ्रैंचाइजी का नेतृत्व किया, जहां दिल्ली अंक तालिका में पांचवें स्थान पर रही।

30 दिसंबर 2022 को एक सड़क दुर्घटना में लगी कई चोटों के कारण वह 2023 संस्करण से चूक गए। वह आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान के रूप में वापस लौटे और सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में सीजन समाप्त किया, लेकिन टीम एक बार फिर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने में विफल रही।

इंग्लैंड-पाकिस्तान टेस्ट

# पाकिस्तान के साजिद खान ने लिए 7 विकेट



**मुल्तान, एजेंसी।** मुल्तान में पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड पहली पारी में 291 रन पर ऑल ऑउट हो गई है।

पाकिस्तान की ओर से साजिद खान ने कुल 7 विकेट लिए। पाकिस्तान ने पहली पारी में 366 रन बनाए थे। पहली पारी के आधार पर पाकिस्तान ने 75 रन की बढ़त हासिल की। यह बढ़त पाकिस्तान की सीरीज में वापसी करा सकती है। इंग्लैंड ने बुधवार को स्टंप्स तक पहली पारी में 6 विकेट पर 239 रन बनाए थे। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक जेमी स्मिथ 12 और ब्रायडन कार्स 2 रन पर नाबाद लौटे थे।

वहीं तीसरे दिन इंग्लैंड ने 239 के स्कोर से आगे खेलते हुए 9 रन जो?ने के बाद अपना सातवां विकेट गंवा दिया। साजिद खान ने तीसरे दिन पाकिस्तान को पहले सत्र में सफलता दिलवाई। उन्होंने 248 रन के स्कोर पर इंग्लैंड के बैटर ब्रायडन कार्स को साउद शकील के हाथों कैच करा कर पवेलियन भेजा।

कार्स के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए मैथ्यू पॉट्स भी 256 के स्कोर पर आउट हो गए। उन्हें भी साजिद खान ने बोल्ड किया। वहीं जेमी स्मिथ भी 21 रन बना कर पवेलियन लौट गए। उन्हें नोमान अली ने सईम अयूब के हाथों कैच करा कर पवेलियन भेजा। साजिद खान ने 291 के स्कोर पर शोएब बशीर को शान मसूद के हाथों कैच करा इंग्लैंड की पारी को समाप्त किया।

बेन डकेत ने शतक बनाया इंग्लैंड के लिए बेन डकेट शतक लगाकर आउट हुए। उन्होंने 129 बॉल पर 114 रन बनाए। उनके टेस्ट करियर की यह चौथी सेंचुरी है। उनके अलावा जो रूट ने 34 रन बनाए। नोमान अली को 2 विकेट मिले है।

आईपीएल 2025:

# भारत में नहीं यहां पर होगी आईपीएल के अगले सीजन की नीलामी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के लिए होने वाली मेगा ऑक्शन के वेन्यू और डेट लगभग फाइनल हो चुके हैं। स्पोर्टस्टार के अनुसार माना जा रहा है कि यह मेगा नीलामी 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब की राजधानी रियाद में आयोजित की जाएगी।

पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी दुबई, यूएई में हुई थी, लेकिन इस बार यह एक अलग शहर में होगी। यह पहली बार होगा जब आईपीएल की नीलामी रियाद या सऊदी अरब के किसी अन्य शहर में होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मेगा नीलामी के बारे में फ्रेंचाइजियों के साथ अनौपचारिक रूप से एक कार्यक्रम साझा किया है, लेकिन अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं की है। बोर्ड द्वारा कुछ दिनों में इसकी घोषणा किए जाने की उम्मीद है। लंदन और सिंगापुर भी इन नीलामी की मेजबानी करने की दौड़ में थे, लेकिन प्रसारण के लिए अनुकूल समय के कारण सऊदी अरब के नाम पर विचार किया गया। आईपीएल नीलामी के प्रसारण से भी रेवेन्यू जनरेट होता है और इसे देखते हुए ही सऊदी अरब का चयन किए जाने की पूरी उम्मीद है।



कुछ सूत्रों से पता चला है कि बीसीसीआई और आईपीएल अधिकारी नीलामी की जगह को अंतिम रूप देने के अंतिम चरण में हैं, जिसमें दस फ्रेंचाइजियों और प्रसारणकर्ता डिज्नी, स्टार और जियो के दल सहित विशाल प्रतिनिधिमंडल को शामिल किया जा सके। यहां पर प्रतिनिधिमंडल के तीन दिन तक रुकने की संभावना है और नीलामी दो दिन तक चलेगी। यह उन सभी फ्रैंचाइजियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा जो आने वाले सीजन के लिए एक ठोस टीम चुनना चाहते हैं।

फ्रेंचाइजी बीसीसीआई द्वारा स्थल और तिथियों के बारे में औपचारिक घोषणा का इंतजार कर रहे हैं ताकि जल्द से जल्द लॉजिस्टिक मुद्दों को सुलझाया जा सके। बोर्ड कुछ दिनों में टीमों को आधिकारिक सूचना दे सकता है।

# आईपीएल-2025 में भी हैदराबाद के कोच नहीं रहेंगे डेल स्टेन

**हैदराबाद, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन आईपीएल-2025 में भी सनराइजर्स हैदराबाद के साथ काम नहीं करेंगे, हालांकि वे सनराइजर्स ईस्टर्न के साथ जुड़े रहेंगे।

41 साल के तेज गेंदबाज ने बुधवार रात एक सोशल पोस्ट में लिखा- गेंदबाजी कोच के रूप में मेरे साथ कुछ साल के लिए सनराइजर्स हैदराबाद का आभार। दुर्भाग्य से मैं आईपीएल के लिए भी वापस नहीं आऊंगा। हालांकि, मैं साउथ अफ्रीका में टी-20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप के साथ काम करना जारी रखूंगा।



स्टेन पिछले सीजन में निजी कारणों से उपलब्ध नहीं थे। फ्रेंचाइजी ने न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर जेम्स फ्रैंकलिन को अपना गेंदबाजी कोच बनाया था। आईपीएल 2024 में रनरअप रही थी स्रूञ्। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम आईपीएल 2024 के फाइनल में पहुंची थी, हालांकि टीम को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 8 विकेट की पराजय झेलनी पड़ी थी।

स्टेन आईपीएल की विभिन्न टीमों के लिए खेल चुके हैं 2022 में स्रूञ् के गेंदबाजी कोच बनने से पहले स्टेन ने आईपीएल में डेक्कन चार्जर्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात लायंस का प्रतिनिधित्व किया था।

## न्यूज बाइट्स

### अर्जक संघ का स्मृति दिवस समारोह 22 अक्टूबर को, तैयारी तेज

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** अर्जक संघ के पूर्व जिला मंत्री रामस्वरूप मेहता के स्मृति दिवस के अवसर पर 22 अक्टूबर को डॉ. अम्बेडकर पार्क गोह में एक समारोह आयोजित किया जाएगा। प्रवक्ता देवरंजन दास अम्बेडकर ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारी की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अर्जक संघ का मुख्य उद्देश्य सामाजिक-सांस्कृतिक क्रांति के माध्यम से समता पर आधारित समाज का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बुद्धिजीवी, पत्रकार, साहित्यकार, समाजिक और राजनैतिक कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### दिव्यांगों के लिए यूडीआईडी कार्ड बनाने हेतु पंचायत स्तर पर शिविर लगाने की मांग

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दिव्यांग प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए आयोजित शिविर में दिव्यांग जनों को परेशानी का सामना करना पड़ा। औरंगाबाद से चिकित्सकों की टीम समय पर नहीं पहुंची, जिससे दिव्यांग जनों को अपना प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड बनाने में दिक्कत हुई। इस स्थिति को देखते हुए स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि दिव्यांग प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए शिविर पंचायत स्तर पर आयोजित किए जाएं ताकि दिव्यांग जनों को अपना प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड बनाने में सहूलियत हो। ग्रामीणों ने डीएम और सिविल सर्जन से इस मामले में ध्यान देने की अपील करते हुए कहा कि दिव्यांग जनों की समस्या का समाधान करें।

### समाजसेवी की मनी पुण्यतिथि

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड के लोदीपुर निवासी भाजपा नेता अवधेश कुमार सिंह के चाचा समाजसेवी स्व यमुना सिंह की पहली पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मृतक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि किया गया। अवधेश सिंह ने बताया कि मेरे चाचा को इस दुनिया से चले जाना समाज के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। इस मौके पर विनय कुमार सिंह, नरेश सिंह, कुणाल सिंह, नीरज सिंह, ईश्वर रुद्रा सिंह, विवेक सिंह,पंकज सिंह, छोटू सिंह, उत्कर्ष सिंह आर्यन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### ट्रैक्टर चालक पर कार्रवाई की मांग

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड के पौथू थाना क्षेत्र के लट्टा गांव निवासी स्कार्पियो मालिक सोनू कुमार ने थानाध्यक्ष को आवेदन दिया।जिसमें गाड़ी में धक्का मारकर भागे ट्रैक्टर चालक पर कार्रवाई करने की मांग किया है। उन्होने बताया कि चालक धीरज कुमार के साथ रफीगंज से लट्टा वापस आ रहे थे। तभी बनाही मोड़ के समीप तेजी से आ रहे एक ट्रैक्टर बी आर 26 के 1681 के चालक ने स्कार्पियो गाडी में धक्का मारते हुए भाग गई। उन्होंने ट्रैक्टर चालक पर कार्रवाई करने की गुहार थानाध्यक्ष से लगाई है।

### बालू के अवैध उत्खनन मामलें में फरार आरोपी गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह पुलिस ने शेखपुरा गांव निवासी गुमानी यादव उर्फ नागेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि नागेंद्र कुमार गोह थाना कांड संख्या 66/22 का फरार अभियुक्त था। पुलिस ने पहले उसका ट्रैक्टर से अवैध बालू लदा पकड़ा था, जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस ने गुप्त सुचना पर उसे गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### वारंटी गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह(औरंगाबाद)(एसएनबी)। गोह पुलिस ने जमुआईं गांव से अजय शर्मा को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि अजय शर्मा के खिलाफ न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट निर्गत था और वह बहुत दिनों से फरार चल रहा था। पुलिस ने अजय शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### शराब माफियाओं पर बिहार में लगेगा सीसीए

**पटना (नि.सं.)।** , बिहार से मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सदा का बड़ा बयान सामने आया है। शराब पीने से मौत के मामलों पर दुख जताते हुए मंत्री ने कहा है कि शराब माफिया और कारोबारियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जायेगा। शराब माफिया और कारोबारियों पर सीसीए लगाया जाएगा।

---

सदर प्रखंड कार्यालय में डीएम श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का किया गया आयोजन

# ओरा में बनेगा ट्रॉमा सेंटर, ग्राम पंचायत से एनओसी की प्रक्रिया तेज

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद




औरंगाबाद सदर प्रखंड कार्यालय में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पंचायत विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। यह बैठक क्षेत्र में विकास की गति को तेज करने और प्रशासनिक कार्यों को सुचारू रूप से संपादित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। बैठक की शुरुआत में, डीएम ने ग्राम पंचायत ओरा में ट्रॉमा सेंटर के निर्माण की आवश्यकता पर गहन विचार-विमर्श किया। उन्होंने ओरा के मुखिया को निर्देश दिया कि ट्रॉमा सेंटर के लिए आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) शीघ्र प्राप्त किया जाए। यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण है, जिससे गंभीर स्थितियों में ग्रामीणों को त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार लाना उनकी प्राथमिकता है और इस सेंटर के माध्यम से लोगों की जान बचाने में मदद मिलेगी।

#### आरटीपीएस केंद्रों के संचालन की समीक्षा

बैठक में पंचायत भवनों में आरटीपीएस (राज्य नागरिक सेवा) केंद्रों के संचालन पर भी चर्चा की गई। डीएम ने सभी पंचायतों के कार्यपालक सहायकों को निर्देश दिया कि वे आरटीपीएस केंद्रों को प्रभावी ढंग से संचालित करें। उन्होंने कहा कि इससे आम जनता को समय पर जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र आदि जैसी आवश्यक सेवाएं मिल सकेंगी। यह प्रशासनिक पारदर्शिता और सेवा वितरण में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

बैठक में एक अन्य प्रमुख विषय पंचायतों में पुस्तकालयों के निर्माण पर चर्चा थी। डीएम श्रीकांत शास्त्री ने सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि प्रत्येक पंचायत में पुस्तकालय की स्थापना की जाए। उन्होंने कहा कि पुस्तकालयों की स्थापना से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा और ज्ञान की ओर प्रेरित किया जाएगा। इससे न केवल बच्चों में पढ़ाई की रुचि बढ़ेगी, बल्कि युवाओं के लिए भी एक समृद्ध ज्ञान का आधार तैयार होगा। डीएम ने अधिकारियों को आश्वस्त किया कि यह पहल ग्रामीण शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इस बैठक के दौरान डीएम ने यह स्पष्ट किया कि प्रशासनिक प्रक्रिया को सरल बनाना और विकास कार्यों में तेजी लाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से लें और विकास के लक्ष्यों को हासिल करने में सक्रिय भागीदारी निभाएं। डीएम ने यह भी कहा कि स्थानीय प्रशासन को नागरिकों की आवश्यकताओं का ध्यान रखना चाहिए और उनके जीवन स्तर में सुधार के लिए लगातार प्रयासरत रहना चाहिए।

इस प्रकार, इस समीक्षा बैठक ने स्पष्ट किया कि औरंगाबाद सदर प्रखंड में विकास की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। डीएम श्रीकांत शास्त्री के नेतृत्व में इन पहलों का उद्देश्य न केवल प्रशासनिक कार्यों को सुचारू बनाना है, बल्कि ग्रामीणों को बेहतर सेवाएं प्रदान करना भी है। यह सभी पहलें क्षेत्र के विकास में नई ऊँचाइयों को छूने का वादा करती हैं।

## बिजली का करंट लगने से छात्र की मौत

**निज संवाददाता** | हसपुरा(औरंगाबाद)

बिजली का करंट लगने से हसपुरा थाना के दिलावरपुर टोले मंगर मठिया निवासी शंकर प्रयास के 12 वर्षीय पुत्र नीतीश की मौत हो गई।

आनन फानन में इलाज के लिए उसे हसपुरा अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौप दिया। घर में कोहराम तथा गांव में शोक का माहौल है। मृतक की मां पूनम देवी, छोटा भाई, बहन समेत पूरे परिवार के आंखों से आंसू नहीं रुक पा रहे हैं। सांत्वनाएं देने लिए मृतक के घर रिश्तेदार व ग्रामीण पहुंच रहे हैं। ग्रामीणो ने प्रशासन से मुआवजे के रूप में आपदा, पारिवारिक लाभ की मांग की है। बताया जाता है कि बुधवार की शाम मृतक अपने घर से शौच के लिए नहर के पास बधार में गया था। इसी दौरान वह पानी में गिरा और बिजली के तार के चपेट में आ

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने एक व्यक्ति घायल

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

औरंगाबाद शहर के नगर थाना क्षेत्र के बाइपास के पास सड़क पार कर रहे व्यक्ति अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए स्थानीय लोगों ने सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। घायल व्यक्ति की पहचान केसर थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव निवासी 40 वर्षीय धनंजय पासवान के रूप में की गई है। परिजनों ने अस्पताल में भरी करवाने के बाद प्रशासन से वाहन चालक और वाहन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि मजदूरी करने के लिए धनंजय पासवान रोज की तरह रामाबांध के समीप आए थे। किसी कार्य को लेकर बाइपास के पास गए हुए थे। इसी बीच अज्ञात वाहन की चपेट में आने से यह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल का इलाज डॉक्टर अरुण कुमार के देखरेख में किया गया। डॉक्टर अरुण कुमार ने घायल को गंभीर स्थिति देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया कि घायल को बायां पैर पूरी तरह से फ्रैक्चर कर गया है। शरीर में और भी जगह चोटें आई हैं। घायल को इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। घायल के परिजनों ने प्रशासन से वाहन चालक एवं वाहन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल घायल की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## एकल अभियान कार्यक्रम का सफल प्रशिक्षण

**औरंगाबाद (एसवीवी सं.)।** औरंगाबाद के भामाशाह भवन में एकल अभियान के तहत 10 दिवसीय आचार्य वर्ग प्रशिक्षण का दूसरा दिन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन अंचल अध्यक्ष डॉ. रामाधार सिंह की अध्यक्षता में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम आचार्यों की बौद्धिक क्षमता को विकसित करने में सहायक होते हैं। जब आचार्य प्रशिक्षण के बाद अपने विद्यालय लौटेंगे, तो वे ऊर्जा से भरे होंगे और विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करेंगे। आज के सत्र में दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। संच अभियान प्रमुख सत्येंद्र राम ने आचार्यों के गुणों और कार्यों पर प्रकाश डाला, जबकि रविंद्र कुमार रवि ने भाषा ज्ञान की जानकारी साझा की। इसके अलावा, जनेश्वर जी ने अंक ज्ञान और सुरेंद्र जी ने सामान्य ज्ञान पर चर्चा की। पूनम कुमारी ने हस्तकला के विषय में जानकारी दी।

## एनटीपीसी के सीजीएम ने किया कंपनी के सीएसआर फंड से बनने वाले हाई स्कूल बिल्डिंग का शिलान्यास

**निज संवाददाता** | नवीनगर (औरंगाबाद)



एनटीपीसी लिमिटेड के औरंगाबाद स्थित नबीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन के परियोजना प्रमुख और मुख्य महाप्रबंधक चंदन कुमार सामंता ने गुरुवार को सलैया स्थित राजकीयकृत जनता उच्च विद्यालय के नए भवन के निर्माण का भव्य शिलान्यास किया। यह निर्माण एनटीपीसी नबीनगर की सामुदायिक विकास कार्यक्रम का हिस्सा है, जो स्थानीय शिक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

विद्यालय के एक शिक्षक ने बताया कि वर्तमान मुख्य भवन की स्थिति बेहद खराब है, और छात्रों की बढ़ती संख्या के कारण विद्यालय में स्थान की कमी हो रही है। इस कारण कई कक्षाओं का संचालन बरामदों में किया जा रहा है, जिससे बच्चों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। एनटीपीसी नबीनगर ने इस समस्या के समाधान के लिए एक नया भवन बनाने की जिम्मेदारी ली है, जिसमें आठ कक्षाएं, ऑफिस और स्टाफ रूम के लिए विशेष कमरों का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, नए भवन में बच्चों के लिए शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी, जिससे करीब 700 छात्रों को लाभ होगा। शिलान्यास समारोह से पहले, चंदन कुमार सामंता ने विद्यालय के शिक्षकों और स्थानीय निवासियों से बातचीत की और निर्माण स्थल का निरीक्षण भी किया। उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि इस भवन का निर्माण शीघ्रता से पूरा किया जाएगा, जिससे बच्चों की शिक्षा में सुधार होगा। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक के साथ-साथ एनटीपीसी नबीनगर के महाप्रबंधक (ओएंडएम) केडी यादव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। यह ध्यान देने योग्य है कि एनटीपीसी नबीनगर अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) और सामुदायिक विकास योजनाओं के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। इस नई पहल से न केवल शिक्षा का स्तर सुधरेगा, बल्कि यह क्षेत्र में समग्र विकास की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## 20 अक्टूबर को लगेगा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर




**निज संवाददाता** | नवीनगर (औरंगाबाद)

संतन सिंह सेवा समिति बड़ेम नबीनगर एवं मेदांता फाऊंडेशन पुअर एंड निधि पेशेंट वेलफेयर ट्रस्ट पटना के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 20 अक्टूबर 2024 को सुबह 10 बजे से श्री सूर्य राघव मंदिर बड़ेम के निकट किया गया है।

इस अवसर पर जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल पटना के विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित होकर हजारों लाभार्थियों का निशुल्क स्वास्थ्य जांच करेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए नबीनगर के उप प्रमुख लव कुमार सिंह एवं इस कार्यक्रम के संयोजक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि स्वर्गीय संतन सिंह की 14वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सूर्य राघव मंदिर के निकट निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है।

इसमें नबीनगर विधानसभा के ही नहीं बल्कि पूरे जिला के लाभार्थी उपस्थित होकर निशुल्क जांच कराएंगे। कार्यक्रम के संयोजक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में हृदय रोग हड्डी रोग, इंटरनल मेडिसिन, आंख से संबंधित समस्याएं, दांत एवं छाती से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित अस्पताल के विभाग के अध्यक्ष उपस्थित होकर निशुल्क सेवा देंगे। इस शिविर में रेंडम ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन, एसपीओ 2, इसीजी आदि के अतिरिक्त विभिन्न रोगों में डॉक्टर का परामर्श दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों के निशुल्क स्वास्थ्य जांच हेतु प्रचार–प्रसार किया जा रहा है।

## अपर महाधिवक्ता का अधिक्ताओं ने किया गया स्वागत




**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के पुस्तकालय में स्टेट बार काउंसिल पटना के सदस्य सह अपर महाधिवक्ता पटना हाईकोर्ट सुर्यदेव यादव को बुके और माला पहनाकर कर जोरदार स्वागत किया गया। अपर महाधिवक्ता सुर्य देव यादव ने कहा कि अधिवक्ता समाज के कल्याण के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे, सुर्यदेव यादव खुद अधिवक्ता कल्याण समिति के आजीवन सदस्य हैं। सुर्यदेव यादव ने बताया कि विधि मंत्री बिहार से मिलकर अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम और अधिवक्ताओं की सुविधा बढ़ाने की मांग किया है। हमलोग के प्रयास से बीबीजे पुस्तक फिर से शुरू हुआ है। हमें अधिवक्ता समाज के आदर्श दिवंगत अधिवक्ताओं पर गर्व है। जिला विधिक संघ औरंगाबाद का इतिहास अतुलनीय और सराहनीय रहा है हम आप सभी के स्वागत से अभिभूत हूं। इस अवसर पर जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय महासचिव जगनरायण सिंह, पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, अनुमंडलीय न्यायालय दाउदनगर के अध्यक्ष निरंजन कुमार, क्षीतिज रंजन, प्रमोद कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, सुर्दशन यादव, यमुना प्रसाद सिंह, दिलीप कुमार सिंह, सियाराम पांडे, सतीश कुमार स्नेही, रामाशीष प्रसाद, विनय द्विवेदी, अखिलेश यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## हसपुरा के ठाकुरबाड़ियों में मना शरद पुर्णिमा उत्सव



**निज संवाददाता** | हसपुरा(औरंगाबाद)

हसपुरा प्रखंड क्षेत्र के कोइलवां गांव के पुरानी ठाकुरबाड़ी में बुधवार की रात आचार्य पंडित लाल मोहन शास्त्री के निर्देशन में शरद पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया। ठाकुरबाड़ी के भगवान बाल गोपाल श्रीकृष्ण को खुला आकाश चांदनी रात में नव निर्मित तालाब पर कदम डाली लगाया गया। सुन्दर सिंहासन पर बाल-गोपाल(उत्सव मूर्ति) को विराजमान करवाकर खीर का भोग लगाकर आरती लगाई गई। इस अवसर पर श्यामा संगीत के मुख्य गायक कुंज्ज बिहारी शर्मा, सह गायक रघुवंश शर्मा, तबला वादक सुशील प्रसाद सिंह, अन्यान्य वाद्य यंत्रों पर जगतानंद, महेन्द्र दुबे, दिनेश यादव, सुरदास, कृष्णा बाबू सहित अन्य लोगों ने लोक संगीत गाकर भगवान को समर्पित कियें। इधर शांति मोहिनी शास्त्री आवास पर भी शरद पूर्णिमा मनाई गई। साथ हीं क्षेत्र के सिहाड़ी बाजार में तपस्वी बाबा की ठाकुरबाडी में पंडित रमेश तिवारी, प्राण विद्यापीठ संचालक वैद्य अरविन्द तिवारी ने बिहटा गांव में बंम बाबा की ठाकुरबाड़ी में, पचरुखिया बाजार के हनुमान मंदिर, हैबसपुर गांव के ठाकुरबाड़ी सहित सनातनी लोगों ने अपने-अपने घर के छत पर खुले आकाश में घर में बना खीर रखा।

## अनुग्रह नारायण स्मारक कॉलेज में एनसीसी का व्यापक निरीक्षण



**निज सं.** | नवीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर के अनुग्रह नारायण स्मारक कॉलेज में 13 बिहार बटालियन एनसीसी के प्रशासनिक अधिकारी, लेफ्टीनेंट कर्नल प्रदीप कुमार तक्षक, ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज के एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट अक्षय जैन के साथ मिलकर एनसीसी के मानकों और गतिविधियों का बारीकी से मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान, लेफ्टीनेंट कर्नल तक्षक ने सम्मान गार्ड और परेड का विस्तृत निरीक्षण किया, साथ ही विभिन्न दस्तावेजों और सुविधाओं का गहन विश्लेषण किया। उन्होंने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा, 'बिहार की ऐतिहासिक पहचान नालंदा और तक्षशिला जैसे विश्वस्तरीय शिक्षा केंद्रों से जुड़ी है। यह हमें प्रेरित करता है कि हम किसी भी कठिनाई के बावजूद उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ सकते हैं।

कैडेट्स को उत्साहित करते हुए, ले. कर्नल तक्षक ने सेना के जीवन से जुड़े कई दिलचस्प किस्से साझा किए, जिससे छात्रों में उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ।

## सड़क दुर्घटना : चारपहिया वाहन को अज्ञात ट्रक ने मारी टक्कर, तीन गंभीर रूप से जख्मी

**निज संवाददाता** | बारूण (औरंगाबाद)



बारुण थाना क्षेत्र के सिंदुरिया के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें एक अज्ञात ट्रक ने एक चारपहिया वाहन को टक्कर मार दी। यह टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, और देखने वालों को यकीन ही नहीं हो रहा था कि इतनी गंभीर दुर्घटना के बावजूद किसी की जान नहीं गई।

घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को बुलाया और घायलों को नेशनल हाईवे के कर्मियों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारुण में भर्ती कराया गया। नेशनल हाईवे के पदाधिकारी लालबाबू कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि चारपहिया वाहन में कुल पांच लोग सवार थे, जिनमें से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों में झारखंड के रांची निवासी दीप्ती वर्मा (40 वर्ष), रौनक वर्मा (19 वर्ष), और आदित्य वर्मा (14 वर्ष) शामिल हैं। यह सभी लोग अयोध्या की यात्रा से लौट रहे थे और अपने घर रांची जा रहे थे, तभी यह दर्दनाक हादसा हुआ। दुर्घटनाग्रस्त वाहन का नंबर जेएच 01 ईयू 5030 था।

थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया कि घायलों का इलाज सफलतापूर्वक कराया गया है और घटना के संबंध में आवश्यक कार्रवाई के लिए आवेदन प्राप्त किया जाएगा। इस दुर्घटना ने सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं, और स्थानीय प्रशासन इस मामले में गहन जांच का आश्वासन दे रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में नाकाबंदी कर दी है ताकि ट्रक का पता लगाया जा सके। इस हादसे ने न केवल घायलों के परिवारों को चिंता में डाल दिया है, बल्कि स्थानीय निवासियों के बीच भी एक हलचल पैदा कर दी है। सड़क पर सुरक्षा मानकों की अनुपालना की आवश्यकता को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी है।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए अधिवक्ता दुधेश्वर बाबू

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



जिला विधिज्ञ संघ, औरंगाबाद में पूर्व लोक अभियोजक स्व. दुधेश्वर प्रसाद की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय ने की जबकि संचालन पूर्व लोक अभियोजक प्रमोद कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकुमार और वरिष्ठ अतिथि पटना हाईकोर्ट के अपर महाधिवक्ता सह स्टेट बार काउंसिल, पटना सदस्य सुर्यदेव यादव रहे। सर्वप्रथम उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। मीडिया प्रभारी अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि वक्ताओं ने कहा कि जिला विधिज्ञ संघ के वरिष्ठ सदस्य स्व. दुधेश्वर प्रसाद की जीवन शैली अध्ययन योग्य और प्रेरणादायक है। खुशमिजाज, विनम्रता, मुस्कुराते चेहरे, दिखावा से दूर रहना, समाजवादी विचारधारा, उनके व्यक्तित्व के अंश थे। जिला विधिज्ञ संघ मे हिन्दी का प्रचलन प्रारम्भ कर हिन्दी को स्थापित करने का श्रेय उन्हीं को जाता है। वे विधि व्यवसाय के प्रति समर्पित और ईमानदार थे। वें विधि सम्मत राय देते थे। उन्होंने लोक अभियोजक की कुर्सी को मर्यादित और ऊंचा किया। वे अपने आदर्श और ईमानदारी से कभी विचलित नहीं हुए। औरंगाबाद के अधिवक्ता समाज में सौ से अधिक अधिवक्ता दुग्धेश्वर बाबू को अपना आदर्श मानते हैं। उन्होने 17 अक्टूबर 1996 को हम सबों से विदा ले ली थी। इस अवसर पर जिला विधिज्ञ संघ के महासचिव जगनरायण सिंह, पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, पूर्व अध्यक्ष रामकिशोर शर्मा, प्रदीप कुमार, अखिलेश यादव, सुर्दशन यादव, यमुना प्रसाद सिंह, अर्जुन यादव, कमलेश कुमार सिंह, अवध किशोर पांडेय, रामनरेश प्रसाद, अशोक पासवान, परवेज अख्तर, ओमप्रकाश सिंह, अरविन्द केनेडी, मिथलेश सिंह, जयनंदन यादव, लक्ष्मन यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाई गई बाल्मीकि जयंती



**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

जिला मुख्यालय औरंगाबाद में राष्ट्रीय स्तर की साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर के तत्वावधान में रामायण महाकाव्य के रचयिता महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई। शब्दाक्षर के जिलाध्यक्ष नागेंद्र प्रसाद केसरी के अध्यक्षता में आयोजित बाल्मीकि जयंती समारोह में सर्वप्रथम वाल्मीकि रचित रामायण महाकाव्य की पंचोपचार विधि से पूजा अर्चना की गई एवं रामायण का वाचन भी किया गया। साथ ही साथ वाल्मीकि जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए शब्दाक्षर के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री धनंजय जयपुरी ने कहा कि वाल्मीकि जी के जीवन से यही प्रेरणा मिलती है कि अगर मानव समय रहते स्वयं को संवेदित कर ले तो वह वाल्मीकि के समान बन सकता है। मुख्य अतिथि सिंहा कॉलेज के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर डॉ रामाधार सिंह ने कहा कि वाल्मीकि करुण रस के प्रथम सर्जक थे।उनके मुख से ही प्रथम बार करुणा की आवाज निकली थी। शब्दाक्षर के प्रांतीय सचिव विनय मामूली बुद्धि ने कहा कि वाल्मीकि रचित रामायण एक ऐसा महाकाव्य है जिसमें राम के जीवन चरित्र के माध्यम से जीवन का सत्य व कर्तव्य से परिचित करवाता है। अनुज बेचैन ने कहा कि भगवान श्री राम से जुड़े जितने भी काव्य लिखे गए हैं उनकी पृष्ठभूमि रामायण ही है प्रांतीय प्रचार मंत्री सुरेश विद्यार्थी ने रामायण को सनातन का आधारभूत इकाई माना एवं सनातन के इतिहास की पहली गाथा बताया।

## बिहार में चार सीटों पर उपचुनाव, आज से नामांकन




**निज संवाददाता** | पटना

बिहार में 4 विधानसभा सीट तरारी, रामगढ़, बेलागंज और इमामगंज में आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। गजट प्रकाशन के साथ नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। 25 अक्टूबर नामांकन का आखिरी दिन है। 28 को स्क्रूटनी होगी। 30 तक नाम वापस ले सकते हैं। 13 नवंबर को वोटिंग और मतगणना 23 नवंबर को होगी।

लोकसभा चुनाव 2024 में इन चारों सीट के विधायक लोकसभा पहुंचे हैं। रामगढ़ में आरजेडी के सुधाकर सिंह, तरारी में सीपीआई माले के सुदामा प्रसाद, बेलागंज में आरजेडीके सुरेंद्र यादव और इमामगंज में हम के जीतनराम मांझी की लोकसभा चुनाव में जीत के बाद यह चारों सीट खाली हुई हैं। चुनाव आयोग ने मंगलवार को महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के साथ बिहार की 4 सीटों पर उपचुनाव की तारीखों का ऐलान किया।